



# शुभम संदेश

रांची, सोमवार 25 अगस्त 2025 • भाद्रपद शुक्ल पक्ष 02, संवत 2082 • रांची एवं पटना से प्रकाशित • वर्ष : 3, अंक : 138 • मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12

एक राज्य - एक अखबार


### पुलिस मुश्तैद, निषेधाज्ञा लागू; इसके बावजूद कांके के नगड़ी में ग्रामीणों का हुआ जुटान

# ग्रामीणों ने खेत जोतकर किया प्रदर्शन, पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़ खदेड़ा

**शुभम संदेश। रांची**

रिम्स-2 परियोजना को लेकर सरकार और आदिवासी समुदाय के बीच टकराव लगातार बढ़ता जा रहा है. एक ओर जहां सरकार इसे राज्य के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम बता रही है, वहीं आदिवासी समुदाय इसे अपनी जमीन और अधिकारों पर हमला मान रहा है. रविवार को राजधानी रांची के कांके प्रखंड अंतर्गत नगड़ी क्षेत्र में प्रस्तावित रिम्स-2 सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के विरोध में काफी संख्या में ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया. पांच हजार से अधिक लोगों की भीड़ ने निर्माण स्थल की ओर मार्च करने की कोशिश की. हालात बिगड़ते देख पुलिस ने आंसू गैस के 20-25 गोले छोड़कर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर कर दिया. प्रशासन ने पहले से ही रिम्स-2 स्थल की ओर जाने वाले सभी रास्तों को बैरिकेडिंग कर बंद कर दिया था और गांव में बाहरी लोगों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई थी. नगड़ी की ओर जानेवाले रास्ते पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात था और गांव की ओर जानेवाले वाहनों को रोक दिया जा रहा था. हां गांव से बाहर आनेवालों के साथ किसी तरह की रोकटोक नहीं की जा रही थी.

**हल जोतो रोपा रोपो से पहले ही पूर्व सीएम चंपाई सोरेन हाउस अरेस्ट, बेटा बाबूलाल तमाड़ में डिटेन**

## चंपाई सोरेन बोले-घर से बाहर निकलने नहीं दिया गया

विरोध प्रदर्शन ने तब और अधिक राजनीतिक रंग ले लिया जब पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को मोरहाबादी स्थित उनके सरकारी आवास में नजरबंद कर दिया गया. पुलिस ने उन्हें "हल जोतो, रोपा रोपो" कार्यक्रम के तहत प्रस्तावित स्थल पर जाने से पहले ही घर में नजरबंद किया. डीएसपी वी रमण ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि यह कदम कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए उठाया गया है. वहीं, चंपाई सोरेन के बेटे बाबूलाल सोरेन को भी पुलिस ने तमाड़ में रोक लिया और कुछ घंटों थाने में डिटेन




रखने के बाद छोड़ा. चंपाई ने यह भी दावा किया कि केवल उन्हें और उनके बेटे को ही नहीं, बल्कि सरायकेला, जमशेदपुर और अन्य जिलों से आने वाले कई नेताओं और समर्थकों को रास्ते में ही रोक दिया गया.

### नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सरकार पर हमला बोला

## पूर्व मुख्यमंत्री को नजरबंद करना लोकतंत्र की हत्या

पूरे घटनाक्रम पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए .उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री को नजरबंद करना लोकतंत्र की हत्या है और यह राज्य सरकार की तानाशाही मानसिकता को दर्शाता है. मरांडी ने कहा कि भाजपा हमेशा आदिवासी हितों की रक्षा करती रहेगी और राज्य सरकार को चेतावनी दी कि एक इंच भी आदिवासी जमीन



नहीं लूटने दी जाएगी. मरांडी ने एक अन्य ट्वीट में सूर्या हांसदा एनकाउंटर को "फर्जी" और "सुनियोजित साजिश" करार देते हुए कहा कि वे खनन माफिया और भ्रष्ट अधिकारियों के लिए खतरा बन गए थे, इसलिए उन्हें जान से मार दिया गया. उन्होंने राज्य की संस्थाओं को सत्ता की कठपुतली बताते हुए मीडिया की सराहना की, जिसने इस मुद्दे को उठाने का साहस दिखाया.

**ब्रीफ न्यूज**

### चेतेश्वर पुजारा ने क्रिकेट से लिया संन्यास

**नयी दिल्ली ।** स्टार भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट को अलविदा कह दिया है. चेतेश्वर पुजारा ने रविवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस बात की जानकारी दी. 37 साल के पुजारा ने X पर एक लंबा चौड़ा पोस्ट करके क्रिकेटिंग करियर पर विराम लगाया है. पुजारा ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'भारतीय जर्सी पहनना, राष्ट्रगान गाना और हर बार मैदान पर बेस्ट देने की कोशिश करना, इसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है. मैं दिल से आभारी हूं और सभी प्रारूपों से क्रिकेट को अलविदा कहने का फैसला लिया है.

### रि. आईपीएस अनीश बने डिप्टी एनएसए

**नई दिल्ली ।** सरकार ने रिटायर्ड आईपीएस अनीश दयाल सिंह को डिप्टी एनएसए नियुक्त किया है. अनीश दयाल सिंह मणिपुर कैडर के 1988 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी रहे हैं. केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से इसकी जानकारी दी गई. केंद्र सरकार ने उन्हें पिछले साल राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के महानिदेशक पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा था. अनीश दयाल सिंह सीआरपीएफ के डीजी रह चुके हैं. इसके अलावा उन्होंने एसएसबी के महानिदेशक (अतिरिक्त प्रभार) के रूप में कार्य किया है.

### राम जन्मभूमि ट्रस्ट के सदस्य का निधन

**अयोध्या ।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य एवं राज सदन अयोध्या के मुखिया, विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र 'पप्पू भैया' का गत रात्रि आकस्मिक निधन हो गया. राज सदन आवास पर पप्पू भैया ने अंतिम सांस ली. निधन की सूचना मिलते ही नजदीकी लोग व प्रशासनिक अमला आवास पर पहुंचे. वे लगभग 71 वर्ष के थे. पप्पू भैया की अंत्यष्टि रविवार को सरयू तट पर किया गया. विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र अयोध्या रामायण मेला संरक्षक समिति के सदस्य भी थे. उन्होंने 2009 के लोस चुनाव में बसपा के टिकट पर फैजाबाद संसदीय सीट से चुनाव लड़ा था.



राजस्थान के आठ ज़िलों में बारिश व बाढ़ से हालात ख़राब

# राजस्थान के बूंदी में घरों में चंबल का पानी घुसा

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

राजस्थान के आठ ज़िलों में बारिश और बाढ़ से हालात ख़राब है. कोटा, सवाई माधोपुर, टोंक और बूंदी में सबसे ज़्यादा लोगों को मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है. फिलहाल एसडीआरएफ, एनडीआरएफ के साथ राहत बचाव कार्य के लिए सेना को भी उतारा गया है. बारिश से सवाई-माधोपुर और बूंदी में सबसे ज़्यादा दिक़्क़त है. 30 से ज़्यादा गांव सवाई-माधोपुर में जलमग्न हैं. इन गांवों का मुख्य शहर से संपर्क कट गया है. बाढ़ के चलते राजस्थान को मध्य प्रदेश से जोड़ने वाला राजमार्ग भी डूब गया. सवाई-माधोपुर में भी सेना की तैनाती की गई है. एक लाख से ज़्यादा लोग सवाई माधोपुर में प्रभावित हैं.

**जवानों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी :** विभिन्न इलाकों में बाढ़ में फंसे हुए लोगों को निकालने के लिए एनडीआरएफ की टीम लगातार विभिन्न इलाकों में जा रही है. लेकिन एनडीआरएफ की समूची टीम बाढ़ प्रभावित इलाके में एक हादसे का शिकार हो गई. समूची एनडीआरएफ की टीम ट्रैक्टर-ट्राली में सवार होकर बाढ़ प्रभावित इलाके में जा रही थी. तभी सूरवाल के पास गड्ढे में ट्रैक्टर ट्राली असंतुलित होकर एक गड्ढे में जा गिरी.

**बचाव के लिए आ रहे एनडीआरएफ जवानों की गाड़ी पलटी**



### जम्मू-कश्मीर : कठुआ में नेशनल हाइवे बंद

**नयी दिल्ली ।** जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश जारी है. भारी बारिश के कारण जम्मू-पठानकोट नेशनल हाईवे पर ट्रैफिक बंद कर दिया गया है. दूसरे पुल पर भी खतरे को देखते हुए ट्रैफिक बंद कर दिया गया है. वैकल्पिक मार्ग भी ठप है. मौसम खुलने पर ही यातायात बहाल होगा. कठुआ जिले में भारी बारिश फिर तबाही लेकर आई है. मगर खड्डे और सहार खड्डे उफान पर है. निचले इलाकों के लोग सुरक्षित जगहों पर पहुंच गए हैं. वहीं जम्मू-पठानकोट नेशनल हाईवे पर खड्डे का पुल गिरने की कगार पर है, इसलिए हाईवे स्थित पुल पर ट्रैफिक बंद कर दिया गया है.

### हिमाचल : कांगड़ा में 482 सड़कें हुई बंद

**शिमला ।** हिमाचल प्रदेश में मानसून की भारी बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है. शिमला सहित कई इलाकों में बारिश, भूस्खलन और बाढ़ से तबाही मची है. बीते 24 घंटे में मंडी जिले के पंडोह में सबसे ज्यादा 123 मिमी बारिश हुई. राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की रिपोर्ट के अनुसार रविवार शाम तक प्रदेश में दो राष्ट्रीय राजमार्ग और 482 सड़कों पर आवाजाही बंद रही. मंडी में 245, कुल्लू में 101, चंबा में 82 और कांगड़ा में 21 सड़कें बंद हैं. कुल्लू जिले का आनी-कुल्लू राष्ट्रीय राजमार्ग 305 और चंबा का चंबा-पठानकोट एनएच 154ए अवरुद्ध है.

### झारखंड के चंदवा में सबसे अधिक 205 मिमी बारिश रिकॉर्ड



**रांची ।** झारखंड के विभिन्न जिलों में पिछले तीन दिनों से भारी बारिश हो रही है. 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश लातेहार जिले के चंदवा में 205 मिमी रिकॉर्ड की गई. मौसम विभाग ने अगले कुछ और दिनों तक बारिश होने की संभावना जताई है. गुमला जिले के सिसई थाना क्षेत्र में डाढ़ा से छारदा जाने वाली सड़क पर स्थित पुल भारी बारिश के कारण पूरी तरह टूट गया है. पहले से ही खराब स्थिति में रहे इस पुल पर गाड़ियों की आवाजाही बंद थी, लेकिन ग्रामीण पैदल और साइकिल से आवाजाही कर रहे थे .लगातार बारिश के चलते पुल का एक बड़ा हिस्सा और धंस गया, जिससे अब पैदल भी इस मार्ग से गुजरना असंभव हो गया है. स्थानीय लोगों ने बताया कि यह पुल हाल ही में बना था, लेकिन कुछ दिनों के भीतर इसका एक हिस्सा बैठ गया था.

### भारत के बाद यूरोपीय देशों ने भी अमेरिका के लिए डाक सेवा रोकी

**नयी दिल्ली ।** भारत के बाद कई यूरोपीय देशों ने भी अमेरिका के लिए डाक सेवाएं सस्पेंड कर दी हैं. इनमें इटली, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड, ऑस्ट्रिया समेत कई देश शामिल हैं. सर्विस सस्पेंड होने की वजह अमेरिकी राष्ट्रपति के नए टैरिफ नियम हैं. दरअसल, ट्रम्प प्रशासन ने इसी साल 30 जुलाई को आदेश जारी किया था, जिसमें 800 डॉलर (70 हजार रुपए) तक के सामान पर मिलने वाली टैरिफ छूट को खत्म कर दिया गया है. यह छूट 29 अगस्त से खत्म हो जाएगी. यूरोपियन डाक संगठन पोस्ट यूरोप और दूसरे डाक विभागों के मुताबिक नए नियमों पर अब तक साफ जानकारी नहीं दी गई है. इसलिए फिलहाल डाक से सामान भेजने की सेवाएं रोकी जा रही हैं. वहीं, जर्मनी की डॉयचे पोस्ट ने कहा कि निजी और व्यवसायी ग्राहकों के लिए पार्सल भेजने पर अस्थायी रोक लगाई गई है. इटली के पोस्ट ने 23 अगस्त से इस सेवा पर रोक लगा दी है.

### यूक्रेन के स्वतंत्रता दिवस पर रूस में भीषण ड्रोन हमले

## न्यूक्लियर प्लांट और फ्यूल टर्मिनल को बड़ा नुकसान हुआ

**एजेंसी ।कीव**

रूस-यूक्रेन जंग रुकवाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप भले ही कितनी कोशिश कर रहे हों, लेकिन ये जंग थमती नहीं दिख रही है. यूक्रेन ने रविवार को रूस पर बड़े पैमाने पर ड्रोन हमले किए. इससे रूस के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्रों में से एक कुर्स्क न्यूक्लियर प्लांट के रिएक्टर की क्षमता में भारी गिरावट आई और प्रमुख उस्त-लुगा फ्यूल एक्सपोर्ट टर्मिनल में भीषण आग लग गई.

रूस के रक्षा मंत्रालय के अनुसार रविवार को 12 से अधिक रूसी क्षेत्रों में यूक्रेन के 95 ड्रोनों को मार गिराया गया. यह हमला उस दिन हुआ जब यूक्रेन 1991 में सोवियत संघ से स्वतंत्रता की घोषणा की वर्षगांठ मना रहा था. यूक्रेन की सीमा से करीब 60 किमी दूर कुर्स्क परमाणु संयंत्र



प्रशासन की ओर से कहा गया कि हवाई सुरक्षा ने एक ड्रोन को तबाह कर दिया. लेकिन उसके विस्फोट से सहायक ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुआ और रिएक्टर नंबर-3 की परिचालन क्षमता 50% तक घट गई. संयंत्र प्रशासन ने बताया कि विकिरण स्तर सामान्य है और ड्रोन हमले से लगी आग में कोई हताहत नहीं हुआ. दो रिएक्टर फिलहाल बिजली उत्पादन नहीं कर रहे, जबकि एक की मरम्मत जारी है. वहीं, फिनलैंड की खाड़ी से लगभग एक हजार किमी उत्तर में रूस के उत्तरी लेनिनग्राद क्षेत्र में कम से कम 10 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए गए.

### वोटर अधिकार यात्रा : दोनों नेताओं ने की अररिया में प्रेस कॉन्फ्रेंस

## तेजस्वी बोले-चिराग बड़े भाई हैं शादी कर लें राहुल बोले-यह नियम मेरे उपर भी लागू

**संवाददाता ।पटना**

बिहार में राहुल गांधी और तेजस्वी यादव वोटर अधिकार यात्रा कर रहे हैं. इस यात्रा के 8वें दिन रविवार को दोनों नेताओं ने अररिया में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की. इस दौरान तेजस्वी यादव से पत्रकारों ने कई सवाल किए. वहीं, एक पत्रकार ने सवाल करते हुए कहा कि चिराग पासवान कहते हैं कि तेजस्वी यादव कांग्रेस के पिछलग्गू हो गए हैं. इस पर तेजस्वी ने कहा कि मैं चाहता हूं कि मुद्दे पर बात हो. क्योंकि चिराग पासवान कोई मुद्दा नहीं हैं. उन्होंने यहीं नहीं रुके, उन्होंने कहा कि हम लोग जनता के हनुमान हैं. लेकिन वो तो व्यक्ति विशेष के हनुमान हैं. चिराग आज का मुद्दा नहीं हैं. उनको जनता भी नहीं पूछती है. आज का मुद्दा लोकतंत्र है. लोकतंत्र की हत्या की जा रही है और संविधान को बदला जा रहा है. आप चिराग से जुड़े सवाल कर रहे हैं. हम उन पर कोई टिप्पणी नहीं करेंगे. लेकिन उन्हें



सलाह जरूर देंगे कि वो मेरे बड़े भाई हैं, जल्द से जल्द शादी जरूर कर लें.

हालांकि, इस दौरान मंच पर उनके साथ मौजूद राहुल गांधी ने कहा कि ये मेरे ऊपर भी लागू होता है. इस पर तेजस्वी ने कहा कि वो तो पापा कब से ही आपको कह रहे हैं शादी कर लीजिए. इस दौरान दोनों नेता एक दूसरे से मुस्कुराते हुए बात करते दिखे.

वहीं, रविवार को यात्रा के दौरान राहुल गांधी और तेजस्वी यादव को अररिया में प्रवेश करते समय मोटरसाइकिल चलाते देखा गया और दोनों नेताओं को देखने के लिए सड़कों पर लोगों की कतारें लगी रहीं. इस दौरान राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि बीजेपी और आरएसएस का मानना है कि दलितों का उद्धार नहीं होना चाहिए. अति पिछड़े वर्गों को सामाजिक स्तर पर आगे बढ़ने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए और महिलाओं को अधिक स्वतंत्रता नहीं दी जानी चाहिए.

### सफलता : भारत की बड़ी कामयाबी, ओडिशा के समुद्री तट पर से साधा निशाना

# डीआरडीओ ने किया आईएडब्ल्यूएस का सफल परीक्षण

**एजेंसी ।नई दिल्ली**

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने एकीकृत वायु रक्षा हथियार प्रणाली का पहला परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है. यह परीक्षण 23 अगस्त की सुबह लगभग 12:30 बजे ओडिशा के समुद्री तट पर किया गया. यह एक बहुस्तरीय वायु रक्षा प्रणाली है, जिसमें सभी स्वदेशी त्वरित प्रतिक्रिया वाली सतह से हवा में मार करने में सक्षम मिसाइलें, उन्नत अति लघु दूरी वायु रक्षा प्रणाली मिसाइलें और एक उच्च शक्ति सहित लेजर आधारित निर्देशित ऊर्जा हथियार शामिल हैं. डीआरडीओ के मुताबिक सभी हथियार प्रणाली घटकों को एकीकृत संचालन रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला के केंद्रीकृत कमान व नियंत्रण केंद्र से नियंत्रित किया जाता है, जो इस परीक्षण से जुड़े विकास कार्यक्रम की नोडल प्रयोगशाला है.

### तीन अलग-अलग लक्ष्यों को साधने में मिली सफलता

वीएसएचओआरएडीएस को रिसर्च सेंटर इमारत और डीईडब्ल्यू को सेंटर फॉर हाई एनर्जी सिस्टम्स एंड साइंसेज ने विकसित किया है. उड़ान परीक्षणों के दौरान दो उच्च गति वाले फिक्स्ड विंग मानवरहित हवाई लक्ष्यों और एक मल्टी-कॉप्टर ड्रोन सहित तीन अलग-अलग लक्ष्यों को एक साथ अलग-अलग दूरी एवं ऊंचाई पर निशाना बनाकर पूरी तरह से नष्ट कर दिया.

### वैज्ञानिकों और सशस्त्र बलों के प्रतिनिधियों ने किया परीक्षण

मिसाइल प्रणाली और ड्रोन का पता लगाने तथा विनाश प्रणाली, हथियार प्रणाली कमान एवं नियंत्रण के साथ-साथ संचार व रडार सहित सभी हथियार प्रणाली घटकों ने त्रुटिरहित प्रदर्शन किया, जिसकी पुष्टि उड़ान डेटा को कैप्चर करने के लिए एकीकृत परीक्षण रेंज में तैनात रेंज उपकरणों ने की. इस परीक्षण का अवलोकन डीआरडीओ के वरिष्ठ वैज्ञानिकों और सशस्त्र बलों के प्रतिनिधियों ने किया.



### सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ को बधाई

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ,



सशस्त्र बलों और रक्षा उद्योग जगत को बधाई दी है. उन्होंने कहा कि इस अनूठे उड़ान परीक्षण ने देश की बहुस्तरीय वायु रक्षा क्षमता को स्थापित किया है और यह दुश्मन के हवाई खतरों का मुकाबला करने के लिए क्षेत्रीय रक्षा घेरे को सशक्त बनाएगा. डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत ने भी सफल उड़ान परीक्षणों में शामिल सभी टीमों को बधाई दी है.

### इजरायल ने यमन में हूतियों के मिसाइल ठिकानों पर बरसाए बम

**नयी दिल्ली ।** इजरायल ने यमन की राजधानी सना के ऊर्जा केंद्रों पर हवाई हमले किए. इजरायली सेना ने एक पावर प्लांट और एक गैस स्टेशन को निशाना बनाया. यह क्षेत्र हूती विद्रोहियों के नियंत्रण में है. इजरायल की ओर क्लस्टर बम दागे जाने के कुछ दिन बाद आईडीएफ ने यमन की राजधानी को निशाना बनाया है. आईडीएफ ने कहा कि ये उस हमले का जवाब है, जो हाल ही में यमन ने इजरायल पर किया था. इजरायली सेना के मुताबिक जिन ठिकानों को निशाना बनाया गया उसमें एक सैन्य ढांचा भी है, जिसमें राष्ट्रपति भवन स्थित है. आईडीएफ के अनुसार इन सभी जगहों का इस्तेमाल हूती विद्रोही अपने सैन्य गतिविधियों के लिए किया करते थे. इजरायली सेना ने कहा कि हूती विद्रोही ईरान की सरकार के निर्देश पर काम करता है ताकि इजरायल और उसके सहयोगियों को नुकसान पहुंचाया जा सके.

**निक्की मर्डर केस**

## आरोपी पति का एनकाउंटर पैर में गोली लगी,गिरफ्तार

**एजेंसी ।नोएडा**

ग्रेटर नोएडा में दहेज के लिए पत्नी निक्की को जलाकर मारने वाले पति विपिन की पुलिस के साथ मुठभेड़ हो गई. मुठभेड़ में आरोपी विपिन के पैर में गोली लगी है. बताया जाता है कि वह पुलिस कस्टडी से भागने की कोशिश कर रहा था. पुलिस ने पीछा किया लेकिन विपिन रुका नहीं. जिसके बाद पुलिस ने गोली चलाई जो विपिन के पैर में लग गई. फिलहाल उसे गिरफ्तार कर लिया गया है. पुलिस ने बताया कि रविवार दोपहर को पुलिस टीम आरोपी को थिनर की बोटल जहां से खरीदी थी, वो बरामद करने के लिए लेकर जा रही थी. तभी विपिन ने पुलिस की पिस्टल छीन ली और भागने लगा.



जिसके बाद पुलिस ने गोली चलाई और गोली उसके पैर में लग गई. एनकाउंटर के बाद निक्की के पिता ने बताया कि पुलिस ने सही किया, जो अपराधी होता है वो भागने की कोशिश करता ही है. विपिन भी अपराधी है. वहीं पुलिस ने आरोपी सास को भी गिरफ्तार कर लिया इसकी जानकारी डीसीपी ने दी.

## टेहरी पंचायत की मुखिया बिंको टोप्पो से मुलाकात कर भावुक हुए आईएएस रमेश घोलप, कहा-

# कुछ यादें जिंदगी भर नहीं भूलतीं

**शुभम संदेश। रांची**

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के विशेष सचिव एवं पूर्व गढ़वा उपायुक्त रमेश घोलप का गढ़वा प्रवास भावनात्मक मोड़ ले आया, जब उनकी मुलाकात टेहरी पंचायत की मुखिया बिंको टोप्पो से हुई. यह मुलाकात केवल एक शिष्टाचार भेंट नहीं रही, बल्कि पुराने दिनों की यादों को ताज़ा करने वाला एक भावुक क्षण बन गई. अपने सोशल मीडिया पोस्ट में रमेश घोलप ने लिखा, "जिंदगी में कुछ यादों को कभी भुलाया नहीं जा सकता." उन्होंने बताया कि वह सरकारी कार्य से गढ़वा जिले में थे. दो दिन पहले जब बिंको टोप्पो को उनके आने की खबर मिली, तो उन्होंने मिलने की इच्छा जताई और मैसेज भेजा.

प्रवास के दौरान बिंको टोप्पो अपने पिताजी और भाई के साथ शाम को परिसदन पहुंचीं. रमेश घोलप ने बताया कि बिंको एक शिक्षित, समर्पित और आदिवासी समाज की कर्मठ जनप्रतिनिधि हैं. हाल ही में पेट का ऑपरेशन होने के बावजूद वह दर्द सहते हुए उनसे मिलने आईं. उनके हाथ में एक फ्रेम था, जिसे देखकर रमेश घोलप भावुक हो उठे. बिंको टोप्पो ने कहा, "सर, यह तस्वीर तीन साल पहले ही आपके लिए बनवाई थी, लेकिन तबादले के कारण समय पर नहीं दे पाई. कई बार सोचा रांची आकर दूं, पर संभव नहीं हो सका."



जैसे ही फ्रेम का कवर हटाया गया, तस्वीर ने घोलप को यादों के समंदर में डुबो दिया. उन्होंने लिखा- "आज़ादी के बाद पहली बार उस नक्सल प्रभावित क्षेत्र में जिलाधिकारी के रूप में पहुंचना, योजनाओं का उद्घाटन करना और कभी नक्सलियों की अदालत रहने वाले स्थान पर जनता दरबार लगाना, इन सभी पलों की झलक उस तस्वीर में थी." उन्होंने उस समय को याद करते हुए बताया कि कैसे जंगलों और नदियों को पार करते हुए प्रशासनिक टीम बाइक से वहां पहुंची थी. जहां कभी नक्सलियों का दबदबा था, वहां आज सरकार की योजनाएं पहुंच रही हैं. तीन महीनों के अपने कार्यकाल में उन्होंने हरसंभव कोशिश की कि क्षेत्र में बदलाव लाया जा सके.

रमेश घोलप ने बताया कि 27 जनवरी 2022 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पहली बार बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र पहुंचे थे, जहां कई योजनाओं की शुरुआत हुई और "बूढ़ा पहाड़ डेवलपमेंट प्रोजेक्ट" की नींव रखी गई. उन्होंने लिखा कि गढ़वा से तबादले के बाद आज भी लोग फोन, मैसेज और मुलाकातों के जरिए उन पलों को ताज़ा करते हैं. बिंको टोप्पो द्वारा दी गई तस्वीर को उन्होंने "बहुत बड़ा सम्मान" बताया और कहा कि वह इसे जीवनभर संजोकर रखेंगे. बिंको टोप्पो की सराहना करते हुए उन्होंने लिखा, "बूढ़ा पहाड़ जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र से निकलकर आपने जो शिक्षा और जनसेवा का मार्ग चुना है, वह प्रेरणादायक है. आप जैसी कर्मठ जनप्रतिनिधि सरकार की योजनाओं को ज़मीन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रही हैं. लड़ते रहिए, आप इस क्षेत्र की उम्मीद हैं." अंत में उन्होंने क्षेत्र की जनता को "जोहार" कहते हुए शुभकामनाएं दीं.

### झारखंड आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन की मांगें शीघ्र पूरी करे सरकार : धर्मेंद्र तिवारी



**रांची।** झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन के प्रतिनिधि मंडल ने अपनी समस्याओं और मांगों को सरकार के समक्ष रखा. जदयू के धर्मेंद्र तिवारी ने आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं की स्थिति को गंभीर बताते हुए सरकार से उनकी मांगों पर विचार करने की अपील की. उन्होंने कहा कि प्रदेश की आंगनबाड़ी सेविकाएं और सहायिकाएं समाज के सबसे निचले तबके तक पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रही हैं, लेकिन उन्हें न तो सरकारी कर्मचारी का दर्जा मिला है और न ही सेवानिवृत्ति पर कोई आर्थिक लाभ. तिवारी ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविकाओं को सेवानिवृत्ति के बाद कम से कम पांच लाख रुपये का आर्थिक लाभ और मानदेय का आधा पेंशन दिया जाना चाहिए, जिससे वे सम्मानजनक जीवन जी सकें.तिवारी ने कहा कि 62 वर्ष की आयु पूरी होने पर सेविकाओं को बिना पेंशन या अन्य लाभ के बाहर का रास्ता दिखाना अन्याय है. सरकार को तुरंत ठोस कदम उठाने होंगे. उन्होंने साफ कहा कि यदि मांगें पूरी नहीं की गईं तो जदयू उनके संघर्ष में पूरी ताकत से साथ खड़ी रहेगी और आंदोलन को और व्यापक बनाएगी.

## जेएसएससी परिणाम में आरक्षण श्रेणी विवाद के चलते लिया गया निर्णय

# शिक्षक भर्ती पर फिर संकट, 2742 पदों की अनुशंसा वापस, जेएसएससी दोबारा जांचेगा रिजल्ट

### विज्ञान, गणित और भाषा विषयों के अभ्यर्थी सबसे अधिक प्रभावित

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड में शिक्षक बनने का सपना देख रहे हजारों युवाओं को बड़ा झटका लगा है. स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने प्रारंभिक विद्यालय प्रतिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के तहत चयनित 2742 अभ्यर्थियों की नियुक्ति अनुशंसा रद्द कर दी है. यह फैसला झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) द्वारा जारी परिणाम में सामने आए आरक्षण वर्गीकरण विवाद के चलते लिया गया है.

**अन्य विषयों पर भी मंडरा रहा संशय:** यह विवाद सिर्फ तीन विषयों तक सीमित नहीं है. आयोग ने हाल ही में सामाजिक विज्ञान (3033 पद) और कक्षा 1 से 5 (4817 पद) के लिए भी परिणाम घोषित किए हैं. भले ही इन विषयों की अनुशंसा जिलों को अभी नहीं भेजी गई हो, लेकिन अब इन पर भी संशोधन की संभावना बन गई है.

**15 हजार नियुक्तियों पर संकट के बादल :** राज्य सरकार द्वारा प्रारंभिक और मध्य विद्यालयों में कुल 15,001 सहायक आचार्य पदों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की गई थी. अब 2742 अनुशंसाएं रद्द होने और अन्य विषयों की समीक्षा की संभावना के कारण यह पूरी बहाली प्रक्रिया अस्थिर और अधर में लटक गई है.

**चयनित अभ्यर्थियों में बढ़ा तनाव:** जिन अभ्यर्थियों की काउंसलिंग पूरी हो चुकी थी, वे अब असमंजस और मानसिक तनाव में हैं. कई अभ्यर्थी नियुक्ति पत्र की प्रतीक्षा में थे, लेकिन अब उन्हें प्रक्रिया के दोबारा शुरू होने तक का इंतजार करना होगा.

**विभाग का दावा: पारदर्शिता सर्वोपरि :** शिक्षा विभाग का कहना है कि पूरी बहाली प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाना उसकी प्राथमिकता है. विभाग ने स्पष्ट किया कि गलत तरीके से चयनित किसी भी अभ्यर्थी को नियुक्त नहीं किया जाएगा और जब तक सभी आपत्तियों की जांच पूरी नहीं होती, तब तक आगे की कार्रवाई पर रोक रहेगी.



#### अब आयोग करेगा परिणाम की पुनः समीक्षा

शिक्षा विभाग ने आयोग को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वह पूरी चयन सूची की पुनः जांच करे, खासकर उन अभ्यर्थियों के वर्गीकरण को लेकर, जिन्हें गलत तरीके से अनारक्षित वर्ग में रखा गया है. संभावना है कि आयोग संशोधित परिणाम जारी करेगा और उसी के आधार पर आगे की नियुक्ति प्रक्रिया होगी.

#### जिलों को दिए गए स्पष्ट निर्देश

शिक्षा विभाग के प्राथमिक निदेशक मनोज कुमार रंजन ने सभी जिलों के उपायुक्तों को पत्र भेजकर स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे जिलेवार जारी की गई चयन अनुशंसा सूची एवं संबंधित दस्तावेज तत्काल विभाग को लौटा दें. विभाग ने कहा है कि आयोग को परिणाम की दोबारा समीक्षा करनी है, इसलिए मौजूदा अनुशंसा को निरस्त किया जा रहा है.

#### किन विषयों के अभ्यर्थी हुए सबसे ज्यादा प्रभावित

रद्द की गई अनुशंसा में विज्ञान और गणित विषय के 1683 और भाषा विषय के 1059 चयनित अभ्यर्थी शामिल हैं. इनमें से कई जिलों में विज्ञान और गणित की काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी हो चुकी थी, जबकि भाषा विषय की काउंसलिंग चल रही थी. लेकिन अब पूरी प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगा दी गई है.

#### क्या है विवाद की असली वजह

परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद सामने आया कि कई अभ्यर्थियों ने झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (जे-टेट) में आरक्षित श्रेणी में पास किया था, लेकिन चयन सूची में उन्हें अनारक्षित वर्ग में रखा गया. कुछ ऐसे अभ्यर्थी भी चयनित हो गए, जिनके अंक अनारक्षित वर्ग की कट-ऑफ से कम थे. इससे कई जिलों में भ्रम और असंतोष की स्थिति बन गई. विभिन्न जिलों से शिक्षा विभाग को इस संबंध में स्पष्टीकरण हेतु पत्र भेजे गए थे.

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर रणनीति तैयार की गई

# भाजपा का उद्देश्य केवल सत्ता प्राप्ति नहीं, बल्कि सत्ता के माध्यम से जनता की सेवा करना है : बाबूलाल

**शुभम संदेश। रांची**

भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में आगामी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी एवं सेवा पखवाड़ा प्रदेश टोली की बैठक हुई. बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य देश के प्रत्येक नागरिक की सेवा है. पार्टी का उद्देश्य केवल सत्ता प्राप्ति नहीं बल्कि सत्ता के माध्यम से जनता की सेवा करना है. उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से लेकर महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री की जयंती तक सेवा पखवाड़ा मनाकर पार्टी जनसामान्य के बीच सेवा कार्य करेगी.उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतंत्र के मजबूत स्तंभ के रूप में जनभागीदारी बढ़ाने का कार्य कर रही है, जबकि इंडी गठबंधन लोकतंत्र और लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने का प्रयास कर रहा है. प्रदेश अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल को गांव और गरीब की सेवा से भरा बताया और देश की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया.

कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. रविंद्र कुमार राय ने कहा कि देश और प्रदेश की जनता की उम्मीदें भाजपा से जुड़ी हैं. हमें लगातार जनता के बीच जाकर सेवा एवं सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाना है. उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में स्वच्छता, वृक्षारोपण, रक्तदान, जल संरक्षण और स्वदेशी आंदोलन में जनभागीदारी की सराहना की.



- भाजपा राजनीतिक और सामाजिक दोनों जिम्मेदारी निभाती है : डॉ रविंद्र कुमार राय
- सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रमों में जनभागीदारी बढ़ाएं : कर्मवीर सिंह

#### प्रदेश स्तरीय सात सदस्यीय टोली का गठन

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा करते हुए पदाधिकारियों के बीच कार्यों का वितरण किया. सात सदस्यों की प्रदेश स्तरीय टोली का गठन किया गया है, जिसमें प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ. प्रदीप वर्मा, मनोज कुमार सिंह, बालमुकुंद सहाय, विकास प्रीतम, भानु प्रताप शाही एवं गणेश मिश्र शामिल हैं.

सेवा पखवाड़ा के तहत रक्तदान शिविर, मैराथन दौड़, प्रदर्शनी, स्वास्थ्य शिविर, दिव्यांग जनों के लिए यंत्र वितरण, सांसद खेलकूद प्रतियोगिता, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. वोकल फॉर लोकल के तहत 2 अक्टूबर को गांधी और लालबहादुर शास्त्री जयंती पर खादी एवं हस्तकरघा निर्मित वस्त्रों की खरीदारी को बढ़ावा दिया जाएगा.

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती 25 सितंबर को बूथ स्तर पर मनाई जाएगी. सांसद खेल प्रतियोगिताएं सभी संसदीय क्षेत्रों में आयोजित होंगी, जिनका पंजीकरण 29 अगस्त से शुरू होगा. प्रतियोगिताओं में फुटबॉल, वॉलीबॉल, हॉकी, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, खो-खो, कबड्डी और एथलेटिक्स शामिल हैं. इसके अलावा, पखवाड़े के दौरान विकसित भारत चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी. बैठक का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय ने किया और धन्यवाद ज्ञापन महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती सिंह ने किया.

## झारखंड सरकार को बड़ा राजस्व

# बिहार सीमा से सटे पलामू के हरिहरगंज में शराब दुकानों की रिकॉर्ड तोड़ नीलामी

### 24 करोड़ में बिकी दो दुकानें



**शुभम संदेश। रांची/पलामू**

झारखंड-बिहार सीमा पर स्थित पलामू के हरिहरगंज में शराब की दुकान की नीलामी ने नया कीर्तिमान रच दिया है. झारखंड सरकार की नई शराब नीति के तहत हुई ई-नीलामी में हरिहरगंज की दो दुकानों की बोली 24 करोड़ रुपये तक पहुंच गई. हरिहरगंज, जो बिहार के औरंगाबाद और गया जिलों से सटा है, राज्य में शराब व्यापार के लिहाज से 'हॉट केक' बनकर उभरा है. नीलामी में इन दुकानों के लिए शुरुआती बोली 12 करोड़ रुपये रखी गई थी, लेकिन भारी प्रतिस्पर्धा के बीच एक व्यवसायी ने दोनों दुकानों को कुल 24 करोड़ रुपये में खरीद लिया.

पलामू जिले में कुल 70 शराब की दुकानों को 28 समूहों में बांटकर ई-नीलामी की गई. इस प्रक्रिया में 477 आवेदकों ने भाग लिया. सबसे अधिक आकर्षण हरिहरगंज की दुकानों को लेकर रहा.पलामू के उत्पाद अधीक्षक संजीव देव ने बताया कि सभी दुकानों की लॉटरी के माध्यम से नीलामी हो चुकी है. अब दुकानदारों को अगले एक सप्ताह के भीतर आवश्यक दस्तावेज़ और अग्रिम राशि जमा करनी होगी.सरकार की नई नीति 1 सितंबर से लागू होगी और इसके तहत अकेले पलामू क्षेत्र से अगले सात महीनों में लगभग 112.30 करोड़ रुपये का राजस्व मिलने की संभावना है.

## एक नजर

### रक्षा राज्य मंत्री ने प बंगाल के राज्यपाल को फेमिली प्रोटेक्शन लॉगबुक भेंट की



**रांची।** कोलकाता राजभवन में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ सीवी आनंद बोस से केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शनिवार को शिष्टाचार भेंट की और उन्हें फेमिली प्रोटेक्शन लॉगबुक की प्रति भी भेंट की, इस Logbook की जरूरत और विशेषता से उन्हें अवगत कराया. राज्यपाल ने अवलोकन के पश्चात परिवार की जरूरत वाली इस पुस्तिका की सराहना की. उधर कोलकाता प्रवास के दौरान विजय दुर्ग स्थित विजय स्मारक पर राष्ट्र के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान करनेवाले शूरवीरों को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने श्रद्धांजलि अर्पित कर, उन्हें कृतज्ञ प्रणाम अर्पित की. इस दौरान कमांडर-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल आरसी तिवारी के साथ बहादुर जवानों से भी मिले. राष्ट्रसेवा में उनके समर्पण की सराहना करते हुए, उनका उत्साहवर्द्धन किया.

### पूर्व सीएम चंपाई को हाउस अरेस्ट करना लोकतंत्र पर काला धब्बा : संजय सेठ

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने नगड़ी के आदिवासी मूलवासी किसानों के हक में आवाज उठाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को हाउस अरेस्ट किये जाने की कड़ी शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि यह लोकतंत्र पर काला धब्बा है. सेठ ने कहा रिम्स-2 के नाम पर जिस तरह खेती योग्य जमीनों को बर्बाद करने का प्रयास किया जा रहा है, यह जनहित के लिए किसी भी रूप में अच्छा नहीं है. पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को हाउस अरेस्ट करके सरकार ने ठीक नहीं किया है. लोकतंत्र में सभी को अपनी बातें रखने का अधिकार है. लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करना और उसे पर कार्रवाई करना यह उचित नहीं है. व्यवस्थाएं सुधारने के बजाय शासन-प्रशासन तानाशाही पर उतर आया है, जो किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है.

### 130वां संविधान संशोधन बिल बिहार चुनाव प्रचार का हथियार: कैलाश यादव



**रांची।** प्रदेश राजद प्रवक्ता कैलाश यादव ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा संसद में पेश किए गए 130वें संविधान संशोधन विधेयक पर तीखा हमला बोला है. उन्होंने आरोप लगाया कि यह विधेयक भाजपा द्वारा आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में प्रचार के हथियार के रूप में इस्तेमाल करने के लिए लाया गया है.यादव ने कहा कि भाजपा के कई बड़े नेता भ्रष्टाचार और आपराधिक मामलों में शामिल रहे हैं. उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा, महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार, पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री नारायण राणे और प्रफुल पटेल सहित कई नेताओं के खिलाफ गंभीर आरोपों की बात कही.उन्होंने दावा किया कि अब जनता भाजपा के "झांसे और जुमलों" में नहीं फंसेगी. 130वां संविधान संशोधन विधेयक महज "आइवास" (दिखावे) के लिए लाया गया है, ताकि जनता को गुमराह किया जा सके.

### 27 को कांग्रेस के पर्यवेक्षकों की बैठक पुराना विधानसभा परिसर में

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी (जेपीसीसी) द्वारा 27 अगस्त को पुराना विधानसभा में प्रदेश पर्यवेक्षकों (जिला अध्यक्ष के चयन हेतु नियुक्त) व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक होगी. यह जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस के मीडिया चेयरमैन सतीश पौल मुंजनी ने बताया बैठक की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो की अध्यक्षता में होगी, जिसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कार्यसमिति आमंत्रित स्थायी सदस्य झारखंड प्रभारी के राजू, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी संगठन विभाग ,जिला कांग्रेस अध्यक्षों की चयन प्रक्रिया के समन्वयन प्रभारी चल्ला वमशी चंद रेड्डी व झारखंड सह प्रभारी बेला प्रसाद बैठक को संबोधित करेंगे. बैठक में पीसीसी एवं डीसीसी के पदाधिकारी भी शामिल होंगे.

### नगड़ी के रैयतों पर आंसू गैस के गोले छोड़ना शिबू सोरेन की विरासत पर हमला : नायक

**रांची।** नगड़ी में रिम्स-2 के लिए कृषि भूमि अधिग्रहण का विरोध कर रहे आदिवासी-मूलवासी रैयतों पर पुलिस की आंसू गैस की कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कहा कि यह घटना अंग्रेजी राज की याद दिलाने वाली है. उन्होंने झारखंड सरकार से मांग की कि नगड़ी की उपजाऊ भूमि पर रिम्स-2 का निर्माण रोका जाए और नेमरा जैसे गैर-कृषि इलाके को वैकल्पिक स्थल बनाया जाए.नायक ने झामुमो के इतिहास और दिशोम गुरु शिबू सोरेन के भूमि अधिकार आंदोलन को याद दिलाते हुए कहा कि मौजूदा सरकार उनके सपनों को कुचल रही है. वर्ष 2016 में रघुवर दास ने भी रैयतों के आंदोलन का समर्थन किया था, लेकिन आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया.उन्होंने चार मुख्य मांगें रखीं: भूमि अधिग्रहण तत्काल रोका जाए, घायलों को मुआवजा मिले, मुकदमे वापस हों, और रिम्स-2 को शिबू सोरेन के नाम पर नेमरा में बनाया जाए. चेतावनी दी गई कि यदि सरकार ने इन मांगों को नजरअंदाज किया, तो बड़ा जन आंदोलन खड़ा किया जाएगा.

## सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड में द्वितीय चरण नामांकन आज से

# 11 कोर्स में 112 रिक्त सीटें भरने का मौका

**शुभम संदेश डेस्क**

सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड (सीयूजे) में 2025-26 सत्र के लिए ग्रेजुएट स्तर के विभिन्न चार वर्षीय कोर्सों में पहले चरण के नामांकन के बाद आठ पाठ्यक्रमों में पूरी सीटें भर गई हैं. अब बची हुई 11 विषयों में कुल 112 रिक्त सीटों के लिए द्वितीय चरण की नामांकन प्रक्रिया 25 अगस्त से 31 अगस्त तक चलेगी.

**कौन-कौन से कोर्स में है मौका?:** द्वितीय चरण में नामांकन के लिए चार वर्षीय बीएससी के जियोग्राफी (भूगोल), पर्यावरण विज्ञान, भौतिक विज्ञान और गणित विषयों में सीटें उपलब्ध हैं. वहीं, चार वर्षीय बीए में जनसंचार (मास कम्युनिकेशन), हिंदी, कोरियन भाषा, चीनी भाषा, मानव विज्ञान और अर्थशास्त्र के विषयों में भी प्रवेश लिए जाएंगे. इसके अलावा बीटेक के मेटेलर्जिकल एंड मटेरियल इंजीनियरिंग कोर्स में भी खाली सीटें हैं.



**फीस और पात्रता:** सामान्य वर्ग के लिए नामांकन शुल्क 800 रुपये है, जबकि एससी/एसटी के लिए 400 रुपये निर्धारित किए गए हैं. दिव्यांग और सभी श्रेणियों की महिला उम्मीदवारों के लिए फीस कम रखी गई है. ध्यान रहे कि पंजीकरण शुल्क गैर-वापसी योग्य है, और एक बार जमा करने पर किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जाएगा.

**कैसे करें आवेदन?:** जो छात्र प्रथम चरण में नामांकन नहीं कर पाए या जिनका प्रवेश नहीं हो पाया, वे भी इस चरण में आवेदन कर सकते हैं. इसके लिए सीयूजे की आधिकारिक वेबसाइट पर 25 से 31 अगस्त तक ऑनलाइन पंजीकरण लिंक उपलब्ध रहेगा. पहले चरण के नामांकन फार्म भर चुके और काउंसलिंग में भाग न लेने वाले उम्मीदवारों को भी खाली सीटों के गूगल फॉर्म को भरना होगा, जिसके लिए कोई शुल्क नहीं लगेगा.

**3 सितंबर को जारी होगी नामांकन सूची:** नामांकन सूची 3 सितंबर को जारी की जाएगी. इसके बाद 8 सितंबर को दस्तावेज़ सत्यापन और 10 सितंबर को सीट आवंटन और फीस जमा करने की प्रक्रिया पूरी होगी.

#### जनसंचार (मास कम्युनिकेशन) में नामांकन के लिए खास सूचना

जो विद्यार्थी जनसंचार में प्रवेश लेना चाहते हैं, वे सीयूईटी के पोर्टल पर 'मास मीडिया, मास कम्युनिकेशन' या 'जनरल एप्टीट्यूड टेस्ट' के विकल्प के अनुसार फार्म भर सकते हैं. इसके लिए पहले चरण की तरह ही नामांकन प्रक्रिया पूरी करनी होगी.

# कार्यक्रम की आड़ में अराजकता फैलाने की छूट नहीं दी जा सकती: राकेश सिन्हा

### विकास को विनाश में बदलने की कोशिश कर रहे हैं पूर्व सीएम चंपाई सोरेन

**शुभम संदेश। रांची**

पूर्व सीएम चंपाई सोरेन को हाउस अरेस्ट किए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव और मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने स्पष्ट किया कि किसी को भी कार्यक्रम की आड़ में समाज या शहर का माहौल बिगाड़ने की अनुमति नहीं दी जा सकती. उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति या दल सार्वजनिक व्यवस्था भंग करने की कोशिश करता है, तो प्रशासनिक कार्रवाई लाजिमी है.सिन्हा ने आरोप लगाया कि भाजपा के नेता जानबूझकर अराजकता का माहौल बनाना चाहते हैं, जिससे आम जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़े. उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लिए जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता है और इसी कारण ऐसे प्रदर्शनों पर सख्त कार्रवाई जरूरी हो जाती है.



- **विकास को विनाश में बदलने की कोशिश कर रहे चंपाई :** भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए सिन्हा ने कहा कि चुनाव में वोट चोरी कर सत्ता हथियाने वाली भाजपा को अब विकास की बात सुनकर पेट में दर्द हो रहा है. उन्होंने दावा किया कि जब से दूसरी बार सरकार बनी है, भाजपा के नेता हताशा में हैं. विशेष रूप से चंपाई सोरेन को निशाना बनाते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बनने का सपना देखने वाले सोरेन को भाजपा ने विपक्ष का नेता तक नहीं बनाया और न ही उन्हें कोई जिम्मेदारी दी. उनके पास अब कोई सकारात्मक काम नहीं बचा है, इसलिए वे विकास को विनाश में बदलने की कोशिश कर रहे हैं.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

https://epaper.shubhamsandesh.net

रांची, सोमवार 25 अगस्त 2025 I भाद्रपद शुक्ल पक्ष 02, संवत 2082 I रांची एवं पटना से प्रकाशित I वर्ष : 3, अंक : 138 I मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12


**दुमका डबल मर्डर का खुलासा**

## दामाद ने की थी वृद्ध सास-ससुर की हत्या

**शुभम संदेश। दुमका**

दुमका जिले के चोरकट्टा गांव में बुजुर्ग दंपति नवगोपाल साहा और उनकी पत्नी विभु साहा की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है. वारदात 20 अगस्त की रात करीब 8:37 बजे हुई थी, जब दंपती अपने बंद घर में मृत पाए गए. उनके बेटे अजय साहा के बयान पर दुमका नगर थाना में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था. एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार के निर्देश पर एसडीपीओ विजय कुमार महतो की अगुवाई में एसआईटी गठित की गई. टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और परिस्थितिजन्य प्रमाणों के आधार पर मृतक के छोटे दामाद सुबल साहा उर्फ भुलू साहा को गिरफ्तार किया, जो पश्चिम बंगाल के वीरभूम जिले के मारग्राम थाना अंतर्गत दिगुली मालपाड़ा का निवासी है. पूछताछ में उसने हत्या स्वीकार कर ली. आरोपी की निशानदेही पर खून से सना टी-शर्ट, उसका एंड्रॉयड मोबाइल, मृतक का की-पैड फोन, मृतका के गहने, सोने की चेन, अंगूठी और चार नाक के बेसर बरामद किए गए. घटना के समय परिवार के अन्य सदस्य मनसा पूजा के लिए बाहर थे और घर में सिर्फ वृद्ध दंपती मौजूद थे. लौटने पर घर से दुर्गंध आने पर जब परिजन अंदर गए, तो खून से लथपथ शव देखकर सन्न रह गए. तत्परता से पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की और हत्यारे दामाद को दबोच लिया.

**हिम्मत से कायम की मिसाल:** एक हाथ और एक पैर के सहारे 7530 किलोमीटर का सफर तय किया सुजुल ने

# 11 राज्यों की यात्रा कर दिव्यांगों के हौसलों को दी नई उड़ान, बोले-हार मानना ही सबसे बड़ी दिव्यांगता है

**शुभम संदेश डेस्क**

कभी-कभी जिंदगी हमें ऐसे मोड़ पर लाकर खड़ा कर देती है, जहां से आगे का रास्ता दिखाई नहीं देता. लेकिन जो लोग अंधेरे में भी उम्मीद की लौ जलाए रखते हैं, वही इतिहास रचते हैं. झारखंड के हजारीबाग जिले के छोटे से गांव से निकले 27 वर्षीय सजुल टुडू ने अपनी हिम्मत और जज़्बे से एक ऐसा कारनामा कर दिखाया है, जो लाखों लोगों के लिए प्रेरणा बन गया है.



**2014 के दर्दनाक हादसे ने उनकी जिंदगी बदल :** साल 2014 में एक दर्दनाक हादसे ने उनकी जिंदगी बदल दी. बिजली की ट्रांसमिशन लाइन पर काम करते समय ऊंचाई से गिरने की वजह से उन्होंने अपना बायां हाथ और बायां पैर खो दिया. उस हादसे ने उनके शरीर को तो कमजोर कर दिया, लेकिन उनके हौसले को नहीं. जब अधिकतर लोग ऐसे हादसों के बाद ज़िंदगी से हार मान लेते हैं, तब सजुल ने उस दर्द को ही अपनी ताकत बना लिया.

आज वही सजुल हैं, जिन्होंने 160 दिनों में साइकिल पर 7530 किलोमीटर की दूरी तय कर ली, वो भी सिर्फ एक हाथ और एक पैर के सहारे. इस दौरान उन्होंने देश के 11 राज्यों की यात्रा की. बंगाल की भीड़भाड़ वाली गलियों से लेकर केरल के शांत समुद्री किनारों तक, महाराष्ट्र की तपती सड़कों से गोवा की हरियाली तक. हर मोड़ पर, हर किलोमीटर में, उन्होंने सिर्फ पहियों को नहीं घुमाया, बल्कि लाखों दिलों को भी झकझोर दिया.

लोग उन्हें रास्ते में फूलों की माला पहनाते रहे, ताली बजाते रहे, लेकिन सजुल के लिए यह सम्मान से बढ़कर एक संदेश था- कि समाज अब बदल रहा है और हिम्मत की कद्र करना सीख रहा है. सुजुल कहते हैं कि ₹मैं यह यात्रा खुद को साबित करने नहीं, बल्कि हर दिव्यांग को यह एहसास दिलाने निकला हूं कि शरीर की कमजोरी से ज्यादा खतरनाक हार मान लेना होता है.

उनका सपना है कि एक दिन हर दिव्यांग, हर आम इंसान, यह समझे कि ज़िंदगी एक बार मिलती है और इसे सिर्फ काटने के लिए नहीं, कुछ कर दिखाने के लिए जिया जाना चाहिए. आज सजुल टुडू सिर्फ एक साइकिल यात्री नहीं हैं. वो एक संदेश हैं कि हिम्मत से बड़ी कोई ताकत नहीं, और संघर्ष से खूबसूरत कोई कहानी नहीं.

# उग्रवादियों ने तापीन नॉर्थ परियोजना में खड़े पोकलेन समेत छह वाहनों को जला डाला

## टीपीसी ने पर्चा जारी कर काम बंद करने की धमकी दी

**शुभम संदेश। हजारीबाग**

हजारीबाग जिला में चरही थाना क्षेत्र के सीसीएल के तापीन नॉर्थ परियोजना में उग्रवादियों ने खड़े पोकलेन, हाइवा छह वाहनों को फूंक डाला. आगजनी की घटना में सभी वाहन जल कर खाक हो गए. ये घटना शनिवार देर रात बारह से एक बजे की है. उग्रवादियों ने घटनास्थल पर टीपीसी के नाम से एक पर्चा भी छोड़ा है. जानकारी के अनुसार हथियारों से लैस उग्रवादियों के दस्ते ने आधी रात तापीन नॉर्थपरियोजना में धावा बोला. वहां पहुंचते ही उग्रवादियों ने पहले परियोजना में खड़े पोकलेन, हाइव सहित अन्य वाहनों से तेल निकाला और व्यू प्वाइंट पर खड़ी आउटसोर्सिंग कंपनी आरकेएस की गाड़ियों और मशीनों पर तेल छिड़कर आग लगी दी. देखते ही देखते धू-धू कर सारे वाहन धधक उठे. उग्रवादियों की इस हरकत से परियोजना में हड़कंप मच गया.





परियोजना में कार्यरत कर्मी दहशत में हैं.

ज्ञात हो आउटसोर्सिंग कंपनी आरकेएस पिछले चार वर्षों से कोयला खनन करने का काम करती आ रही है. वाहनों मे आग लगाने के बाद टीपीसी संगठन से जुड़े उग्रवादियों के दस्ते ने पोस्टर भी जारी किया है . तृतीय प्रस्तुति कमेटी टीपीसी के नाम पर एक पत्र छोड़ा है, जिसमें लिखा है कि तापीन कोल परियोजना के के अंदर काम करने वाली सभी कंपनियों, जैसे आरकेएस, आरटीसी, शिव इंटरप्राइजेज के जीएम, पीओ और वहां काम करनेवाले सभी कर्मतारी, मुशी, डीओ होल्डर, टांसपोर्टर मालिक, पेलोडर मालिक को सूचित किया जाता है कि जब तक संगठन से बात नहीं हो जाती है, तब तक सभी लोग अपना-अपना काम बंद रखेंगे और जो संगठन की बातों की अवहेलना करेंगे, तो इसकी नतीजा बहुत बुरा होगा. पर्चा पर अंत में लिखा है- निर्देशक, गुरुदेव जी .

आगजनी की घटना की जानकारी मिलने के बाद चरही थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल घटना स्थल पर पहुंचे. उन्होंने पूरी घटना की जानकारी दी है और बताया कि घटना चरही थाना अंतर्गत है, लेकिन जिला रामगढ़ पड़ता है. फन्होंने कहा कि पूरे मामले की जांच की जा रही है. जिन अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है, उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा. स्थिति नियंत्रण में है. 6 गाड़ियों को आग हवाले कर दिया गया था. पुलिस पता लगा रही है कि टीपीसी के दस्ते में कौन-कौन उग्रवादी शामिल थे.

**झारखंड विधानसभा का पूरक मनसून सत्र :** आज हंगामे के आसार

# सत्ता पक्ष और विपक्ष ने एक-दूसरे को घेरने को कमर कसी

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड विधानसभा का पूरक मानसून सत्र एक बार फिर सोमवार से शुरू हो रहा है. सत्र के दौरान हंगामे के आसार हैं. सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की ओर से हंगामा किया जा सकता है. सत्ता पक्ष ने बिहार में हो रहे मतदाता विशेष पुनरीक्षण के विरोध में सदन के अंदर और बाहर विरोध करने करने का निर्णय लिया है. इस संबंध में कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने एक पत्र भी जारी किया है. वहीं, झामुमो भी इस विरोध प्रदर्शन में शामिल रहेगा. रविवार को **झामुमो विधायकों की बैठक** पार्टी के मुख्य सचेतक मथुरा प्रसाद महतो की अध्यक्षता में उनके आवास पर हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इंडिया गंठबंधन का प्रदर्शन होने की वजह से झामुमो भी इसमें शामिल रहेगा. उन्होंने यह भी कहा कि बैठक में निर्णय लिया गया कि पार्टी दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भारत रत्न देने देने के लिए एक प्रस्ताव सदन में विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो को सौंपेगी. उनसे अनुरोध किया जाएगा कि इससे संबंधित प्रस्ताव विधानसभा से पास कर केंद्र सरकार को भेजा जाए बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि विपक्ष के सवालों का सरकार की ओर से सटीक जवाब दिया जाएगा. बैठक में मंत्री और विधायक उपस्थित थे.

**हांसदा एनकाउंटर, रिम्स टू मामले को लेकर विपक्ष तैयार :** दूसरी ओर विपक्ष रिम्स-टू को लेकर भाजपा विधायक चंपाई सोरेन को हाउस अरेस्ट करने और पुलिस द्वारा स्थल पर आंसू गैस छोड़ने के विरोध में हंगामा कर सकता है. विपक्ष भाजपा नेता सूर्या हांसदा के एनकाउंटर के मामले को लेकर भी सदन में हंगामा कर सकता है. हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही बाधित होने की पूरी संभावना है. प्रश्नकाल बाधित हो सकता है. स्पीकर को सदन को व्यवस्थित करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है. ऐसे में सदन की कार्यवाही बीच में ही रोके जाने की संभावना है.

**आज प्रश्नकाल और प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी पर चर्चा :** गौरतलब है कि पूरक मानसून सत्र एक बार फिर से 22 अगस्त से शुरू हुआ है जो 28 अगस्त तक चलेगा. 23 और 24 अगस्त को शनिवार और रविवार होने के कारण सत्र नहीं चला. वहीं 22 अगस्त को वित्तीय वर्ष 2025-26 का प्रथम अनुपूरक बजट पेश किया गया और शोक प्रकाश के बाद कार्यवाही स्थगित कर दी गयी. कार्यक्रम के अनुसार 25 अगस्त यानी सोमवार को प्रश्नकाल होगा और प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी पर चर्चा की जाएगी. 26 अगस्त को प्रश्नकाल होगा और राजकीय विधेयक पेश और पास कराए जाएंगे. 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी की छुट्टी रहेगी. 28 अगस्त को प्रश्नकाल होगा. राजकीय विधेयक पेश किए जाएंगे और विधानसभा सदस्यों द्वारा अपने-अपने गैर सरकारी संकल्प पेश किए जाएंगे. इसके बाद सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो जाएगी. मालूम हो कि इससे पहले मानसून सत्र 01 अगस्त से 07 अगस्त तक निर्धारित किया गया था, लेकिन दिशोम गुरु और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन के कारण इसे अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया था.

**डांडीडीह में आरपीएफ और पुलिस की बड़ी कार्रवाई**

## गोदाम से भारी मात्रा में रेलवे का लोहा बरामद

**शुभम संदेश। गिरिडीह**

गिरिडीह में रविवार शाम रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और मुफ्फसिल थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए डांडीडीह स्थित गुड्डु खान के गोदाम में छापेमारी की. घंटों चली इस कार्रवाई में 10 से 15 फीट लंबी रेलवे की पटरियों सहित भारी मात्रा में रेलवे का लोहा जब्त किया गया. गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस छापेमारी में खुलासा हुआ कि चोरी का लोहा गोदाम में जमा कर अवैध रूप से बेचा जा रहा था. बरामद सामान को आरपीएफ अपने साथ ले गई है. सूत्रों के अनुसार, गुप्त सूचना पर आरपीएफ ने गिरिडीह पुलिस अधीक्षक को जानकारी दी. इसके बाद जिला पुलिस और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने रविवार की शाम टीम ने गोदाम को चारों तरफ से घेर कर छापेमारी की, जो देर रात तक चली. छापेमारी में यह स्पष्ट हुआ कि चोरी किए गए रेलवे के लोहे को गोदाम में इकट्ठा कर अवैध रूप से बिक्री की जा रही थी. इस मामले में आरपीएफ ने केस दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है. फिलहाल गोदाम मालिक और अन्य संलिप्त लोगों की भूमिका की जांच की जा रही है. पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि चोरी का यह लोहा किस नेटवर्क के जरिए सप्लाई किया जा रहा था.

**सूर्या हांसदा एनकाउंटर की जांच के लिए एसटी आयोग की सात सदस्यीय टीम गोड्डा पहुंची**

## मुठभेड़ स्थल का निरीक्षण किया, आशा लकड़ा ने कहा- अब प्रशासन के साथ होगी बैठक

- एनकाउंटर स्थल का निरीक्षण करने के बाद आयोग की टीम पहुंची सूर्या हांसदा के गांव
- सदस्य आशा लकड़ा ने टीम के साथ हांसदा के परिजनों से की मुलाकात, की बात
- बच्चों समेत परिजनों से की बातचीत; कहा– जांच के बाद ही लिया जाएगा अंतिम निर्णय

**शुभम संदेश. गोड्डा/रांची**



झारखंड के बहुचर्चित सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले की जांच को लेकर रविवार को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सात सदस्यीय टीम गोड्डा पहुंची. आयोग की सदस्य आशा लकड़ा सात सदस्यीय उच्च स्तरीय जांच दल के साथ गोड्डा जिले के धमनी रहरबड़िया पहाड़ पहुंचीं, जहां यह कथित मुठभेड़ हुई थी. टीम ने सबसे पहले एनकाउंटर स्थल का गहन निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद स्थानीय पुलिस अधिकारियों से बिंदुवार जानकारी ली. निरीक्षण के दौरान गोड्डा पुलिस उपाधीक्षक जेपीएन चौधरी, महागामा अनुमंडल पदाधिकारी आलोक वरण केसरी और बोआरीजोर के पुलिस निरीक्षक वीरेंद्र पासवान भी मौजूद थे. आयोग की टीम ने घटनास्थल पर मौजूद भौतिक साक्ष्यों और परिस्थिति की बारीकी से जांच की.

घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद आयोग की टीम सूर्या हांसदा के पैतृक गांव डकैता (थाना ललमटिया) पहुंची. यहां उन्होंने सूर्या हांसदा के परिजनों से मुलाकात की और संवेदना प्रकट की. आशा लकड़ा ने सूर्या की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी. उन्होंने मृतक की पत्नी, मां, भाई और बच्चों से विस्तृत बातचीत कर उनकी पारिवारिक स्थिति, जीवनशैली और सूर्या से जुड़ी कई अहम जानकारियां प्राप्त कीं. सदस्य आशा लकड़ा ने बच्चों से भी सूर्या हांसदा के बारे में बात की और उनका नाम, पता, पारिवारिक पृष्ठभूमि आदि नोट किया. मीडिया से बातचीत में आशा लकड़ा ने कहा कि अभी आयोग तथ्यों को इकट्ठा कर रहा है. परिजनों से प्रारंभिक जानकारी ली गई है. आगे प्रशासन के साथ विस्तृत बैठक की जाएगी. घटना से जुड़ी संवैधानिक शक्तियों का प्रयोग आयोग उचित समय पर करेगा. चूंकि जांच जारी है, इसलिए किसी निष्कर्ष पर पहुंचना अभी जल्दबाजी होगी.'

## फर्जी फेसबुक प्रोफाइल बनाकर थाना प्रभारी के नाम पर उपमुखिया से 40 हजार की ठगी

**शुभम संदेश। बोकारो**

कसमार थाना क्षेत्र में साइबर अपराधियों ने एक बार फिर ठगी की वारदात को अंजाम दिया है. ठगों ने थाना प्रभारी भजन लाल महतो की तस्वीर का इस्तेमाल कर फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाया और बगदा पंचायत के उपमुखिया वीरेंद्र करमाली से 40 हजार रुपये ठग लिए. खुद को सीआरपीएफ अधिकारी का मित्र बताने वाले शख्स ने व्हाट्सएप पर संपर्क कर ट्रांसफर का बहाना बनाया और सस्ते दामों में महंगे फर्नीचर जैसे सोफा सेट, फ्रिज, टीवी, डाइनिंग टेबल और लैपटॉप बेचने की बात कही.



80 हजार रुपये की कुल कीमत बताकर 40 हजार रुपये एडवांस की मांग की गई. उपमुखिया लालच में आकर दो दिन में फोनपे के जरिए 40 हजार रुपये भेज चुके थे, जिसके बाद ठग ने अपना मोबाइल बंद कर लिया.

**लगातार हो रही बारिश से राजधानी रांची में झरनों का रौद्र रूप, प्रशासन ने जारी की चेतावनी**

## झरनों के पास न जाएं, खूबसूरती निहारें, लेकिन सुरक्षित दूरी से

**शुभम संदेश। रांची**

रांची और आसपास लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से इलाके के झरनों का मिज़ाज बदल गया है. जोन्हा, हुंडरू, दशम, सीता और रिमिक्स जैसे झरनों में पानी का बहाव खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है.तेज़ धाराएं चट्टानों से टकराकर बेहद खतरनाक दृश्य बना रही हैं. जहां ये झरने पहले सुकून और सैर-सपाटे की जगह थे, अब खतरे के निशान पार कर चुके हैं.



**पर्यटकों के लिए खतरे की घंटी**

हर साल हजारों सैलानी इन झरनों को देखने आते हैं, लेकिन इस समय यहां जाना खतरे से खाली नहीं. बारिश के चलते चट्टानें फिसलन भरी हो चुकी हैं और जलस्तर कभी भी अचानक बढ़ सकता है.

**प्रशासन ने लगाए प्रतिबंध :** जिला प्रशासन ने साफ निर्देश जारी किए हैं कोई भी व्यक्ति झरनों के पास न जाए. खासकर हुंडरू और जोन्हा जैसे लोकप्रिय झरनों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है. पुलिस व प्रशासनिक टीमें मौके पर तैनात हैं.

**लोगों से अपील : दूर रहें, सुरक्षित रहें**

प्रशासन और मौसम विभाग दोनों ने आगाह किया है कि बारिश अभी और जारी रह सकती है. ऐसे में खतरा और बढ़ेगा. लोगों से अनुरोध किया गया है कि वे इन इलाकों से दूर रहें और किसी भी आपात स्थिति में नजदीकी पुलिस स्टेशन से संपर्क करें.

**पर्यटन पर पड़ा असर :** बरसात और चेतावनी के चलते झरनों पर आने वाले पर्यटक अब दूरी बना रहे हैं. होटल और लॉज में बुकिंग रद्द हो रही हैं, जिससे स्थानीय पर्यटन व्यवसाय पर असर पड़ रहा है.

झरनों का आनंद लें लेकिन दूर से ही : विशेषज्ञों की सलाह है झरनों की खूबसूरती जरूर देखें, लेकिन सुरक्षित दूरी से. थोड़ी सी लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है.

**दुबई में छुपा डॉन प्रिंस खान भी झारखंड एटीएस के रडार पर**

## मयंक सिंह की तरह हो सकता है प्रत्यर्पण

**शुभम संदेश। रांची/धनबाद**

अजरबैजान से कुख्यात अपराधी मयंक सिंह के सफल प्रत्यार्पण के बाद झारखंड एटीएस अब उन अपराधियों की तलाश में जुट गई है, जो विदेश में रहकर भारत में संगठित अपराध चला रहे हैं. इन वांछित अपराधियों में सबसे बड़ा नाम 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' से जुड़े दुबई में छिपे गैंगस्टर प्रिंस खान का है. इंटरपोल द्वारा उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किए डेढ़ साल से अधिक समय हो चुका है, जिससे उसकी गिरफ्तारी और प्रत्यार्पण की संभावनाएं बढ़ गई हैं.

प्रिंस खान फिलहाल दुबई में है और वहीं से अपने गैंग का संचालन कर रहा है. वह धनबाद से संचालित होने वाले अपराध नेटवर्क का मुख्य सरगना है. पुलिस के अनुसार, रेड कॉर्नर नोटिस के चलते यदि वह दुबई से किसी अन्य देश में भागने की कोशिश करता है, तो वह तुरंत इंटरपोल के हत्थे चढ़ सकता है. फिलहाल उसने पिछले डेढ़ साल से हवाई यात्रा नहीं की है, जिससे उसकी गिरफ्तारी में देरी हो रही है.

प्रिंस खान के खिलाफ झारखंड के धनबाद जिले में दर्ज कई संगीन मामलों के आधार पर सीबीआई ने इंटरपोल से रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवाया था. इसके अतिरिक्त एटीएस के केस में पूर्व में ब्लू कॉर्नर नोटिस भी जारी हो चुका है. 2021 से फरार चल रहा यह अपराधी शारजाह और दुबई में लगातार देखा गया है. उसका पासपोर्ट, जो मोहम्मद हैदर खान के नाम पर बना था, झारखंड पुलिस की पहल पर रद्द कराया जा चुका है. अब वह दुबई में ही फंसा हुआ है और वहां उसकी तलाश तेज कर दी गई है.

झारखंड डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि प्रिंस खान जैसे कुछ अन्य अपराधी भी हैं, जो विदेश में रहकर राज्य में अपराध को बढ़ावा दे रहे हैं. उन्होंने स्पष्ट किया कि मयंक सिंह की तरह ही इन अपराधियों को भी झारखंड वापस लाकर कानून के कठघरे में खड़ा किया जाएगा.

डीजीपी ने कहा कि "मयंक सिंह का प्रत्यार्पण उन सभी के लिए चेतावनी है, जो सोचते हैं कि विदेश जाकर वे कानून से बच सकते हैं, कानून की लंबी पहुंच उन्हें भी पकड़ लेगी,"झारखंड एटीएस और केंद्रीय एजेंसियां अब मिलकर ऐसे सभी अपराधियों की सूची तैयार कर रही हैं और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के तहत उनके प्रत्यर्पण की तैयारी में जुट गई हैं.

योगदा सत्संग आश्रम : स्वामी जी ने कहा- मन की समस्याएं मन के ही स्तर पर नहीं सुलझाई जा सकतीं

# मन की शांति के लिए मन से परे जाना जरूरी, यह कार्य केवल योग के माध्यम ही संभव है: ब्रह्मचारी सच्चिदानंद

कृष्ण बिहारी मिश्र



रांची स्थित योगदा सत्संग आश्रम में आयोजित साप्ताहिक सत्संग के दौरान ब्रह्मचारी सच्चिदानंद ने उपस्थित योगदा भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि मन की समस्याएं मन के ही स्तर पर नहीं सुलझाई जा सकतीं. इसके लिए व्यक्ति को मन के पार जाना होगा और यह कार्य केवल योग के माध्यम से ही संभव है. उन्होंने कहा कि यदि आपका मन शांत है, तो आप वास्तव में प्रशंसा के पात्र हैं, लेकिन यदि मन अशांत है, तो उस पर गंभीरता से कार्य करने की आवश्यकता है. “माइंड मोटर” का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि हममें से अधिकांश लोग या तो भूतकाल की स्मृतियों में खोए रहते हैं या भविष्य की कल्पनाओं में. वर्तमान से कटे रहना ही मन की अशांति का मूल कारण है.

ब्रह्मचारी सच्चिदानंद ने कहा कि वर्तमान में जीना ही मन को नियंत्रित करने का सबसे प्रभावी उपाय है. उन्होंने बच्चों का उदाहरण देते हुए कहा कि बच्चे अतीत या भविष्य में नहीं रहते, बल्कि वे पूरी तरह वर्तमान में होते हैं, यही कारण है कि उनका मन हमसे अधिक शांत और स्थिर रहता है.

उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि हर व्यक्ति को बीते हुए कल की यादों और आने वाले कल की कल्पनाओं से मुक्त होकर, वर्तमान में ईश्वर का चिंतन करना चाहिए. श्रीमद्भगवद्गीता का



हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं कहा है कि वे प्रत्येक प्राणी के हृदय में आत्मा के रूप में विराजमान हैं.

ब्रह्मचारी सच्चिदानंद ने चेतना की चार अवस्थाओं—जागृत, सुसुप्त, स्वप्निल और तुरीयावस्था—का वर्णन करते हुए कहा कि तुरीयावस्था सबसे उच्चतर है, जहां साधक शुद्ध चेतना, आनंद और सत्य का अनुभव करता है. यह स्थिति इंद्रियों से परे है और ब्रह्म की अनुभूति का माध्यम बनती है.

उन्होंने राज योग को सर्वश्रेष्ठ योग बताते हुए कहा कि योगदा सत्संग में इसी योग का अभ्यास कराया जाता है. उन्होंने कहा कि समाधिपद में योगदृष्टा अपने वास्तविक स्वरूप को पहचान लेता है. इसके लिए अभ्यास और वैराग्य आवश्यक हैं, क्योंकि वृत्तियों के बंधन में फंसा व्यक्ति अपने आत्मस्वरूप से विमुख हो जाता है.

उन्होंने यह भी कहा कि इस संसार को सत्य मानना ही मन की अशांति का कारण है. उन्होंने छान्दोग्य उपनिषद में वर्णित सत्यकाम जाबालि की कथा सुनाई और बताया कि कैसे उन्होंने ब्रह्मचिंतन के माध्यम से ब्रह्म की प्राप्ति की.

भक्ति योग पर चर्चा करते हुए ब्रह्मचारी सच्चिदानंद ने संत तुकाराम का उल्लेख किया और योगदा भक्तों से उनकी जीवनी को पढ़ने व उस पर मनन करने का आग्रह किया. उन्होंने कहा कि ईश्वर के चरणों में सद्विचारों की अर्पणा ही सच्चा जप योग और भक्तियोग है.

उन्होंने स्पष्ट किया कि जप और ध्यान एक जैसे नहीं हैं. ध्यान, जप से भी श्रेष्ठ माना गया है क्योंकि इसमें साधक ईश्वर के साथ पूर्ण एकत्व का अनुभव करता है.

ब्रह्मचारी सच्चिदानंद ने कर्म योग की व्याख्या करते हुए बताया कि साधारण कर्मों के फल – पाप, पुण्य या मिश्रित – होते हैं, लेकिन महायोगी अपने समस्त कर्मों को ईश्वर को समर्पित करते हैं, जिससे वे फल की प्राप्ति से मुक्त हो जाते हैं.

ज्ञान योग के संदर्भ में उन्होंने दक्षिण भारत के संत रमन महर्षि की रोचक कथा सुनाई, जो सदैव अपने आत्मस्वरूप में स्थित रहते थे.

**(-लेखक बिहार-झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार एवं विद्रोही24 के संपादक हैं.)**

## एक नजर

### 101 जोड़ों का सामूहिक विवाह समारोह 27 सितंबर को



**रांची।** विकास ग्राम सेवा संस्थान के तत्वावधान में आगामी 27 सितंबर को सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जाएगा. इस सामूहिक विवाह समारोह में 101 अविवाहित गरीब निर्धन जोड़ो का विवाह दिगम्बर जैन भवन में सनातन रिति-रिवाज से कराया जाएगा. संस्था के सचिव विकास भूषण ने बताया कि आगामी 27 सितंबर को 101 गरीब निर्धन बिटियों का संस्था कन्यादान करेगी. संस्था गांव-गांव जाकर गरीब परिवार की बेटियों का चयन कर उनका घर बसाने का कार्य कर रही है. वैसे परिवार जो पैसे के अभाव में अपनी बेटियों के हाथ पीले नहीं कर पा रहे हैं, उनकी बेटियों को संस्था के माध्यम से खुशियां देने का कार्य किया जा रहा है. संस्था का उद्देश्य यही है कि गरीब परिवारों को जितना हो सके लाभ पहुंचाया जा सके. बतायाकि विवाह संस्कार सनातन विधि-विधान के अनुसार संपन्न होगा. जो परिवार तक हमारी संस्था नहीं पहुंच सके, लेकिन अपनी बेटी का विवाह संस्था मे माध्यम से कराना चाहते हैं, तो 2 सितंबर से संस्था से संपर्क कर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं. मौके पर संस्था के विकास भूषण, महावीर खलखो, प्रियंका मुंडा, नीलम, ललिता खलखो, सुषमा व राहुल खलखो उपस्थित थे,

### दुर्गापूजा समिति, महात्मा गांधी क्लब हुंडरू के अध्यक्ष बनाये गये मनोहर साहू



**रांची।** श्रीश्री दुर्गापूजा समिति महात्मा गांधी क्लब के प्रांगण में लक्ष्मण गोप की अध्यक्षता में दुर्गापूजा को लेकर एक आम बैठक हुई. बैठक में पूजा को कैसे सफल बनाये, पर भी चर्चा की गयी. लोगों ने कहा कि पूजा भर हड़िया व शराब का सेवन न करें और पूजा पंडाल पर अवश्य पहुंचें और पुण्य का भागी बनें. बैठक में नये कार्यकरणी सदस्यों का चुनाव किया गया. इस पूजा समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यगण इस प्रकार हैं. मनोहर साव को पूजा समिति का अध्यक्ष चुना गया. मुख्य संरक्षक सुरेश गोप, संरक्षक करूण गोप, कमल झा, पुष्पा तिर्की, लक्ष्मण गोप, अजय वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष संतोष गोप, उपाध्यक्ष आनंद गोप, कुलदीप गोप, बब्लू गोप, मुकेश यादव, विजय चौबे, विदेशी गोप, कोषाध्यक्ष छोटेलाल गोप, अनुप कुमार यादव, सुदीप गोप, प्रमुख महासचिव राजेश कच्छप, महासचिव कृष्णा यादव, महादेव तिर्की, प्रकाश तोप्पो, दिनेश गोप, शंभू गोप, सचिव बजरंग ठाकुर, अनुप ठाकुर, बजरंग मंटु गोप, दशरथ लोहरा, संतोष ठाकुर, राणा साव, रिंकु कुजूर, देव प्रसाद यादव, अनुप कुमार यादव. पूजा प्रभारी अनिश, राज, मोनू, अभिषेक, अशोक गोप, धनेश्वर गोप, आशीष गोप. प्रचार प्रभारी संदीप गोप, मिडिया प्रभारी गणेश गोप. कार्यकारी समिति - दीपन साहू, मुकेश गोप, सुनील गोप, रोशन साहू, मुकेश गुप्ता, सुनील गोप, अर्जुन गोप, राजकुमार नायक, कौशल लोहार, गोपी नायक, मंटु नायक, रोहन नायक, छोटू गोप, विकास नायक, अजीत नायक, छोटू नायक, आकाश लोहरा, मुकेश गोप, राजकुमार नायक, शेखर गोप आदि को बनाये गये हैं.

### गुरुजी की विचारधारा से भटक गया है झामुमो



**रांची।** आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो ने नगड़ी में ग्रामीणों पर आंसू गैस के गोले छोड़े जाने और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को हाउस अरेस्ट किए जाने को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला है. उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा पर गुरुजी के मूल्यों और विचारधारा को न मानने का आरोप लगाया. महतो ने कहा कि यह पूरी कार्रवाई दंडात्मक है, जिससे सरकार की निराशा साफ झलकती है. जिस विचारधारा के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा खड़ा हुआ था, जिन गुरुजी शिबू सोरेन की सोच और सिद्धांतों को मानने की बात पार्टी करती है, आज वही पार्टी उस विचारधारा से भटक गई है. उन्होंने आगे कहा कि उसी नगड़ी की ज़मीन पर कभी गुरुजी ने किसानों को हल जोतने के लिए प्रेरित किया था. आज उसी जगह पर उनके बेटे पुलिस बल खड़ा करवा कर किसानों को रोकने का आदेश दे रहे हैं, तो फिर विचारधारा कहा रहीं.

### नामकुम बगीचा में कांग्रेस सेवा दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर जारी

**रांची।** कांग्रेस सेवा दल के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दूबे ने कहा कि आरएसएस भारत में फासीवाद और नाजीवाद का प्रतिनिधित्व करता है, जिसका प्रभावी जवाब केवल कांग्रेस सेवा दल ही दे सकता है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस सेवा दल अनुशासित और विचारधारात्मक रूप से सशक्त संगठन है, जिसने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आज तक कांग्रेस की रीढ़ की तरह काम किया है. दूबे ने कहा कि कभी कांग्रेस पार्टी में पदाधिकारी बनने के लिए सेवा दल का प्रशिक्षण अनिवार्य था. आज राहुल गांधी और पार्टी नेतृत्व सेवा दल की भूमिका को फिर से महत्व दे रहे हैं. उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कार्यकर्ताओं को भविष्य की लड़ाई के लिए तैयार रहने को कहा और वादा किया कि उनकी भावना को पार्टी के प्रभारी के. राजू तक पहुंचाया जाएगा. अवसर पर कांग्रेस सेवा दल के राष्ट्रीय सचिव व प्रशिक्षक देवेंद्र शर्मा ने प्रतिभागियों का परिचय कराया और कहा कि उन्हें वैचारिक रूप से तैयार किया जा रहा है. वरिष्ठ कांग्रेस नेता निरंजन पासवान ने कहा कि सेवा दल की ट्रेनिंग से ही उन्हें संगठन में आगे बढ़ने का मौका मिला और वे सेवा दल को सशक्त करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे.

झारखंड चैंबर चुनाव को लेकर अध्यक्ष पद के उम्मीदवार आदित्य मल्होत्रा टीम ने की बैठक

# व्यापारियों और उद्योगपतियों का सम्मान घटने नहीं दूंगा : आदित्य

शुभम संदेश. रांची





झारखंड चैंबर चुनाव को लेकर अध्यक्ष पद के उम्मीदवार आदित्य मल्होत्रा और उनकी टीम की बैठक रविवार को स्थानीय होटल में हुई. इस बैठक में चैंबर के पूर्व अध्यक्ष समेत विभिन्न व्यावसायिक, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया. बैठक में आदित्य मल्होत्रा टीम से 32 सदस्यों ने चुनाव लड़ने की घोषणा की. बैठक में आदित्य मल्होत्रा ने सभी लोगों से आशीर्वाद एवं समर्थन देने का आग्रह करते हुए कहा कि मैं व्यापारियों एवं उद्योगपतियों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरा समय दूंगा. महासचिव के रूप में भी मैं झारखंड चैंबर को पूरा समय दिया है. इसका लाभ चैंबर को मिला है. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के के विकास में पॉलिसी मेकर के रूप में काम करेंगे. देश और विदेशों में झारखंड चैंबर को एक नई ऊंचाई पर ले जाने का संकल्प है.

मल्होत्रा ने कहा कि विश्व के मानचित्र पर झारखंड चैंबर की एक अलग छवि बनाने का प्रयास करूंगा. चैंबर के प्रति व्यापारियों और उद्योगपतियों का विश्वास और आस्था बना रहे, इस पर भरपूर काम करेंगे. किसी भी व्यापारियों एवं उद्योगपतियों का मान सम्मान घटने नहीं दूंगा. राज्य में रक्षा एवं रेलवे का संयंत्र खुले, इसका प्रयास करूंगा. झारखंड चैंबर कई मुद्दे पर वर्षों से काम करता रहा है. पूर्व अध्यक्षों ने इस चैंबर को अपने मेहनत से आगे बढ़ाया है, इस कार्य को मैं आगे करता रहूंगा. झारखंड में एक्सपोर्ट और कृषि के क्षेत्र में आगे बढ़े इसकी भी रूपरेखा बनाकर काम करूंगा.

मल्होत्रा ने कहा कि हमारी टीम के सदस्य काफी अनुभव है और उन्होंने चैंबर में अपना समय भी दिया है. आप सभी के आशीर्वाद का आकांक्षी हूं. टीम वर्क की भावना से काम होगा एवं सभी लोगों के सहयोग से कई काम करेंगे, जो मिल का पत्थर साबित होगा. हमारी टीम का संकल्प है कि उद्योग और व्यापार झारखंड में फले और फुले. राज्य की समृद्धि पर भी काम करेंगे. मैं वचन देता हूं कि झारखंड चैंबर को एक नई दिशा और दशा देने का काम करूंगा.

बैठक में पूर्व अध्यक्ष अर्जुन जालान, मनोज नरेडी, किशोर मंत्री, ललित केडिया, सज्जन सराफ, कुणाल अजमानी, धीरज तनेजा, अरुण बुधिया ने आदित्य मल्होत्रा को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आदित्य मल्होत्रा को चेंबर में काम करने का लंबा अनुभव है. झारखंड चैंबर को आगे ले जाने की पूरी क्षमता है. पूर्व अध्यक्षों ने आदित्य मल्होत्रा एवं उनकी टीम को सरकार के साथ समन्वय बनाकर झारखंड चैंबर को मजबूत और सशक्त बनाने की अपील की. उन्होंने हर विभाग में झारखंड चैंबर का प्रतिनिधित्व मिले, इसका भी प्रयास करने की बात कही. बैठक में रांची चेंबर के अध्यक्ष संजय माहुरी, आलू प्याज थोक विक्रेता संघ के अध्यक्ष मदन प्रसाद, झारखंड चैंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू, रमेश चीनी, पंजाबी हिंदू बिरादरी के अध्यक्ष सुधीर उगल, मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, अग्रवाल युवा सभा के रौनक झुनझुनवाला, चित्रांश विचार मंच के अमरेश कुमार श्रीवास्तव, झारखंड तोक वस्तु विक्रेता संघ के अध्यक्ष उमाशंकर कनोडिया, गौशाला संघ के अध्यक्ष पुनीत पोद्दार, पवन बजाज, ललित ओझा, गुरु नानक स्कूल के अध्यक्ष परमजीत सिंह टिंकू, गुरुनानक हॉस्पिटल के सचिव राजेंद्र सिंह, माहेश्वरी सभा के किशन साबू, प्रांतीय मारवाड़ी महासम्मेलन के महासचिव विनोद जैन, मारवाड़ी सहायक समिति के कौशल राजगढ़िया, मनोज बजाज समेत अन्य लोगों ने आदित्य मल्होत्रा एवं उनकी टीम को समर्थन देने के बाद कही.

इस अवसर पर नवजोत अलग, राम बांगड़, रोहित पोद्दार, रोहित अग्रवाल, डॉ अभिषेक रामधीन, संजय अखौरी, आस्था किरण, साहित्य पवन, सुनील सरावगी, पूजा ढाढा, पवन बजाज, नवीन जैन, रंजीत बुधिया, आनंद जालान समेत सैकड़ो की संख्या में व्यापारी गण मौजूद थे.

‘पर्यावरण संरक्षण में हमारी सहभागिता’ पर एकदिवसीय संगोष्ठी का आयोजन

# बीस वर्षों में शिव शिष्य परिवार ने लगभग एक करोड़ से अधिक पौधे लगाए : अर्चित आनंद

शुभम संदेश।रांची





रांची के खेलगांव स्थित टाना भगत इंडोर स्टेडियम में शिव शिष्य परिवार के तत्वावधान में ‘पर्यावरण संरक्षण में हमारी सहभागिता’ विषयक एक दिवसीय संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया. इस संगोष्ठी में झारखंड के विभिन्न जिलों से करीब पांच हजार लोग शामिल हुए, जिन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगाने और उनकी सुरक्षा को लेकर महत्वपूर्ण विचार एवं सुझाव साझा किए.
संगोष्ठी का शुभारंभ संकीर्तन एवं जागरण भजन से हुआ. सभी आगंतुकों का स्वागत शिव शिष्य परिवार के कोषाध्यक्ष राजेश कुमार ने किया. मुख्य सलाहकार अर्चित आनंद ने अपने उद्बोधन में वृक्षों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि पिछले बीस वर्षों में शिव शिष्य परिवार ने लगभग एक करोड़ से अधिक वृक्ष लगाए हैं और पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर प्रयासरत है. उन्होंने बताया कि वायु प्रदूषण से सांस लेने में कठिनाई होती है, जो हमारी आंखों, गले और फेफड़ों को प्रभावित करता है. साथ ही, भूमिगत जलस्तर में गिरावट का मुख्य कारण वृक्षों की कटाई है. इसलिए पेड़ों को अपने परिवार का हिस्सा समझकर उनकी सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है.
दीदी बरखा आनंद ने कहा कि प्राचीन काल में वनों का व्यापक विस्तार था, लेकिन जनसंख्या वृद्धि, औद्योगिकीकरण और शहरीकरण के कारण वनों का विनाश बढ़ा है, जिससे सूखा, बाढ़ और भू-स्खलन जैसी आपदाएं सामने आ रही हैं. पेड़-पौधे न केवल मनुष्यों के लिए, बल्कि सभी जीवों के लिए आवश्यक हैं, और पर्यावरण संतुलन बनाए रखना तभी संभव है जब हम सामूहिक प्रयास करें.

दिल्ली विधानसभा में दो दिवसीय अखिल भारतीय स्पीकर सम्मेलन में शामिल हुए झारखंड विस अध्यक्ष

# भारतीय लोकतांत्रिक परंपरा, सभ्यता के प्रारंभ से ही हमारे सामाजिक ताने-बाने का अंग रही : रवींद्रनाथ महतो

शुभम संदेश।रांची



दिल्ली के विधानसभा में दो दिवसीय अखिल भारतीय स्पीकर सम्मेलन रविवार से शुरू हुआ. झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने इस सम्मेलन में भाग लिया. सम्मेलन वीर विट्ठलभाई पटेल के केंद्रीय विधानसभा अध्यक्ष बनने के 100 साल पूरे होने पर हो रहा है. इसमें विभिन्न राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष भाग ले रहे हैं. स्पीकर रबींद्रनाथ ने सम्मेलन में भाग लेते हुए भारतीय संविधान और विधायी संस्थाओं के आकार लेने में स्वतंत्रता सेनानी वीर विट्ठल भाई पटेल की योगदान के संबंध में अपना व्याख्यान दिया. मौके पर पर विट्ठलभाई पटेल के जीवन पर एक प्रदर्शनी भी लगाई है. झारखंड में पूरक मॉनसून सत्र के कारण स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो सम्मेलन समाप्त होने के पूर्व ही अपने व्याख्यान समाप्त कर रविवार को संध्या यात्री सेवा विमान से रांची लौट आये.

उन्होंने सम्मेलन में कहा कि भारतीय लोकतांत्रिक परंपरा, सभ्यता के प्रारंभ से ही हमारे सामाजिक ताने-बाने का अंग रही है. भारतीय समाज व्यवस्था में अर्न्तनिहित स्वाभाविक लचीलेपन का समावेश इसमें भी रहा है. जिस कारण लोकतांत्रिक परंपराओं में समय-समय पर हुए महत्वपूर्ण नवाचारों को इसने स्वयं में बड़े स्वाभाविक रूप से समाहित कर लिया है. भारतीय लोकतांत्रिक परंपरा की यह भव्यता को पूर्ण रूप से अगर कोई व्यक्तित्व परिभाषित करता है तो वह है विट्ठल भाई पटेल जी का. 27 सितम्बर 1873 को गुजरात में जन्में विट्ठल भाई पटेल ने वकालत से अपने व्यवसायिक जीवन का प्रारंभ किया परन्तु बाद में एक प्रखर राजनेता महान स्वतंत्रता सेनानी एवं तब के सर्वोच्च विधायी संस्था के अध्यक्ष के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. 01 जुलाई 1908 को बार के सदस्य बने. 1912 में हुए बम्बई प्रेसीडेंसी लेजिसलेटिव कौंसिल के सदस्य निर्वाचित हुए. वर्ष 1924 में वे बम्बई से केन्द्रीय विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए और उसके बाद स्वराज पार्टी के उपनेता बने. 22 अगस्त 1925 को उन्हें केन्द्रीय विधान सभा का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया. उन्हें बड़े ही कड़े संघर्ष के बाद केन्द्रीय विधान सभा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया. वे इस पद को सुशोभित करने वाले पहले भारतीय थे.

पटेल के नाम एक और महत्वपूर्ण संसदीय परम्परा जुड़ी है वह परम्परा है राष्टपति एवं राज्यपाल के अभिभाषण के समय अध्यक्षीय पीठ का राष्ट्रपति अथवा राज्यपाल के समीप स्थापित रखा जाना.

**पर्युषण पर्व का 5वां दिन:** उपासिका संतोष श्रीमाल एवं सीमा डुंगरवाल ने प्रवचन दिया, अणुव्रत चेतना दिवस मनाया गया

# छोटे-छोटे से व्रत अपनाकर व्यक्ति महान बन सकता है

शुभम संदेश।रांची





श्री दिगम्बर जैन भवन में रविवार को पर्युषण पर्व के पांचवें दिन अणुव्रत चेतना दिवस मनाया गया. इस अवसर पर आचार्य श्री महाश्रमण जी की उपासिका श्रृंखला की सदस्य उपासिका संतोष श्रीमाल एवं सीमा डुंगरवाल ने अणुव्रत आंदोलन के इतिहास और महत्व पर प्रवचन दिया. उन्होंने बताया कि तेरापंथ धर्मसंघ के महान आचार्य गणाधिपतिश्री तुलसी अणुव्रत आंदोलन के जनक हैं. 1 मार्च 1949 को राजस्थान के सरदार शहर में उन्होंने अणुव्रत को एक नए नैतिक आंदोलन के रूप में प्रारंभ किया था. उस समय नैतिकता का विकास न्यूनतम था, इसलिए आचार्यश्री तुलसी ने समाज में नैतिक मूल्यों को स्थापित करने के लिए 11 आचार संहिता का निर्माण किया. उपासिकाओं ने अणुव्रत के महत्व को बताते हुए कहा कि यह निर्विशेषण धर्म है, जो संयम की चेतना विकसित करता है. डॉ. जाकिर हुसैन ने भी अणुव्रत को नैतिक मानव बनाने का पर्याय माना था. उन्होंने कहा कि अणुव्रत आंदोलन ने चरित्र निर्माण और नैतिक मूल्यों की स्थापना में अहम भूमिका निभाई है. इसका एक बड़ा उद्देश्य व्यसन मुक्त समाज का निर्माण भी है. उपासिका संतोष श्रीमाल एवं सीमा डुंगरवाल ने समुदाय को तीन महत्वपूर्ण कार्य करने की प्रेरणा दी—चरित्रवान बनना, व्यवहार शुद्ध रखना तथा धर्म समन्वय बनाए रखते हुए जप-तप से आत्मा का उत्थान करना.

ज्ञानशाला के बच्चों ने इस अवसर पर सुंदर गीतिका प्रस्तुत की. तप-त्याग-तपस्या की यह धारा निरंतर जारी है. विशाल जी दस्सानी ने 25 उपवास, विकास नाहटा ने 6 उपवास, रश्मि सिंघी एवं रूबी बांठिया ने 5-5 उपवास, और खुशबू दस्सानी ने 4 उपवास पूरे किए. संध्याकाल में भांचा कार्यक्रम के अलावा बच्चों के लिए कई मनोरंजक एवं शिक्षाप्रद कार्यक्रम भी आयोजित किए गए. प्रवचन मे मुख्य रूप से अमरचंद बेगानी, ललित सेठिया, विनोद बेंगवानी, मयंक संचेती, पंकज बोहरा, सौरभ सुराणा, अमन सेठिया, शौभाग्य गंग, पूजा नाहटा, सरिता दस्सानी,सुमन बच्छावत आदि उपस्थित थे

# डीएसई की कार्यशैली से शिक्षकों में उबाल, शपथ पत्र देने से इंकार

### रांची में शिक्षकों की वेतनवृद्धि पर संकट: डीएसई के आदेश से नाराज़ 3000 शिक्षक

- मामला हिंदी टिप्पण परीक्षा पास करने का

शुभम संदेश।रांची



जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) की कार्यशैली से रांची जिले के शिक्षकों में भारी आक्रोश है. लगभग तीन हजार शिक्षकों ने वार्षिक वेतनवृद्धि के लिए प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट से शपथ पत्र देने से साफ इनकार कर दिया है. अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ का आरोप है कि डीएसई शिक्षकों को अनावश्यक रूप से स्कूल छोड़कर मजिस्ट्रेट कार्यालय का चक्कर लगाने को मजबूर कर रहे हैं.
मामला जुलाई माह से लंबित वेतनवृद्धि से जुड़ा है, जिसे डीएसई ने हिंदी टिप्पण पास करने के आधार पर रोक दिया था. इस पर जिला शिक्षा अधीक्षक ने जिला लेखा कार्यालय से मार्गदर्शन मांगा था. जवाब में लेखा पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि वित्त विभाग ने वेतनवृद्धि पर कोई रोक नहीं लगाई है और पूर्व से निर्धारित नियम ही लागू हैं. शिक्षकों का नाम भी कहीं उल्लिखित नहीं है.इसके बावजूद डीएसई बादल राज ने अपने ही पत्र को बदलते हुए सभी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जब तक विभागीय मार्गदर्शन प्राप्त नहीं होता, शिक्षकों से प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट द्वारा शपथ पत्र लिया जाए, तभी वेतनवृद्धि दी जाए.
डीएसई के इस आदेश को शिक्षक संघ ने गैरवाजिब और मनमानी करार दिया है. संघ के नेताओं अनूप केसरी, राम मूर्ति ठाकुर, संतोष कुमार, सलीम सहाय तिग्गा और कृष्ण शर्मा ने कहा कि सरकार ने पहले ही 1987 और 1993 में शिक्षकों को इस परीक्षा से मुक्त कर रखा है. ऐसे में शपथ पत्र की मांग अनुचित है . संघ ने प्राथमिक शिक्षा निदेशक से हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि सरकार के पूर्व आदेशों की रक्षा हो और शिक्षकों को मानसिक व आर्थिक उत्पीड़न से बचाया जाए. शिक्षक यह ठान चुके हैं कि वे अब शपथ पत्र नहीं देंगे, चाहे डीएसई वेतनवृद्धि दें या नहीं.

# श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर, लातेहार में धूमधाम से होगी मां की पूजा





शुभम संदेश। लातेहार

लातेहार शहर के प्रतिष्ठित श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर में इस वर्ष भी शारदीय नवरात्र के अवसर पर दुर्गा पूजा पूरे धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी. इसको लेकर शनिवार की संध्या मंदिर परिसर में एक सामान्य बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता संरक्षक महेंद्र प्रसाद गुप्ता ने की.

बैठक में सर्वसम्मति से इस वर्ष भी पूजा को भव्य रूप देने का निर्णय लिया गया. इसमें आकर्षक मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना, भव्य विद्युत सज्जा और नवरात्र के हर दिन प्रसाद वितरण करने का निर्णय शामिल है. विशेष रूप से अष्टमी और नवमी तिथि को महाभोग वितरण का आयोजन किया जाएगा. पूरे आयोजन को व्यवस्थित रूप से संचालित करने हेतु दायित्वों का बंटवारा किया गया. राज साउंड को ध्वनि व्यवस्था और बजरंग टेंट हाउस को विद्युत सज्जा की जिम्मेदारी सौंपी गई. वहीं, चंदा संग्रहण के लिए ओम प्रकाश प्रसाद (राजू) को प्रमुख नियुक्त किया गया.

सं रक्षक अभिनंदन प्रसाद व विनोद कुमार साहू, अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने सभी पदाधिकारियों और सदस्यों से अपील की कि वे अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण भाव से करें, ताकि आयोजन सफल और भव्य हो. सचिव आशीष टैगोर ने बैठक में मंदिर विकास एवं सौंदर्यीकरण पर चर्चा की जानकारी दी और मंदिर विकास निधि हेतु सदस्यता शुल्क जमा कराने की अपील की.

इस वर्ष 100 नए सदस्य बनाए जाने का लक्ष्य तय किया गया है, जिसके लिए 1100 वार्षिक सदस्यता शुल्क निर्धारित किया गया है. सदस्यता अभियान को तेज गति से आगे बढ़ाने का निर्णय भी लिया गया.

बैठक में उपाध्यक्ष कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, अशोक दास, सह सचिव रंजीत कुमार और रविंद्र प्रजापति, कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह, संतोष कुमार पिंटू, पंकज प्रसाद, विनोद प्रजापति, संजय प्रसाद, गया प्रसाद, मुरारी प्रसाद, गोलू पाठक, अंकित कुमार समेत कई सदस्य उपस्थित थे. बैठक का समापन सामूहिक सहभागिता और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखने के संकल्प के साथ किया गया.

### दिवगंत रामानुज उपाध्याय को श्रद्धांजलि दी गयी

**लातेहार।** शहर के श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर परिसर में दिवगंत पुजारी रामानुज उपाध्याय को श्रद्धाजंलि दी गयी. इस मौके पर दो मिनट का मौन धारण का दिवगंत आत्मा की शांति के लिए इश्वर से प्रार्थना की गयी. स्व उपाध्याय श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के एक सक्रिय सदस्य थे और दुर्गा पूजा मंदिर स्थापना दिवस के मौके परआयोजित अनुष्ठानों में मुख्य पुजारी त्रिभुवन पांडेय के साथ सह पुजारी केरूप में कार्य करते थे. उनके निधन पर मंदिर समिति के सदस्यों ने गहरा शोक प्रकट किया और शोकसंतप्त परिवार को इस विषम घड़ी में धैर्य से काम लेने की अपील की. मौके पर मंदिर समिति के संरक्षक महेंद्र प्रसाद गुप्ता, अभिनंदन प्रसाद, विनोद कुमार साहू व त्रिभुवन पांडेय, अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, अशोक दास, सचिव आशीष टैगोर, सह सचिव रंजीत कुमार व रविंद्र प्रजापति, कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह, ओम प्रकाश प्रसाद (राजू) संतोष कुमार पिंटू, पंकज प्रसाद, संतोष कुमार दुबे, विनोद प्रजापति, संजय प्रसाद, परितोष ठाकुर के अलावा गया प्रसाद, रमेश प्रसाद गुप्ता, मुरारी प्रसाद, गोलू पाठक, अंकित कुमार आदि मौजूद थे.

## एक नजर

### आहर का पानी खोलने से पतरा कला गांव के घरों में घुसा पानी, दीवार गिरने का खतरा बढ़ा



**पलामू ।** हुसैनाबाद प्रखंड के पतरा कला गांव में आहर (सिंचाई तालाब) का तीन भव खोल दिए जाने से ग्रामीणों के घरों में पानी घुस गया है. इससे मिट्टी की दीवारों वाले घरों के गिरने का खतरा उत्पन्न हो गया है, जिससे लोग दहशत में हैं.ग्रामीणों का कहना है कि कुछ लोगों ने धान की फसल बचाने के लिए आहर का पानी छोड़ दिया, जिससे पानी बहकर सीधे गांव के घरों में घुस गया है. गुलाम नवी अंसारी और अहमद अंसारी सहित कई लोगों के घर प्रभावित हुए हैं. ग्रामीणों ने पतरा कला की मुखिया और हुसैनाबाद प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर आहर का पानी बंद कराने की मांग की है. मुखिया पति ने स्थल पर पहुंचकर जल्द समाधान का आश्वासन दिया है.

### प्रेस क्लब का गठन, विकास तिवारी बने अध्यक्ष



**लातेहार।** जिला मुख्यालय स्थित होटल द ब्लिस में रविवार को जिले भर के पत्रकारों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से लातेहार प्रेस क्लब का गठन किया गया. बैठक की अध्यक्षता वरीय पत्रकार संजीव कुमार गिरी ने की. विकास तिवारी को अध्यक्ष और राजीव मिश्रा को महासचिव चुना गया. पंकज प्रसाद गुप्ता और मनीष सिन्हा को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई. इसके अलावा नीरज सिन्हा को अंकेक्षक, मनोज मेहता कोषाध्यक्ष तथा निहित कुमार को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया. संरक्षक मंडल में मनीष उपाध्याय, उत्कर्ष पांडेय, संजीत गुप्ता, संजीव कुमार गिरी और जावेद अख्तर को शामिल किया गया. जिला मुख्यालय और सभी प्रखंडों में सदस्यता प्रभारी भी नियुक्त किए गए. इसमें लातेहार से आशीष वैध, संजीत पांडेय, विवेक सिन्हा, राहुल पांडेय, रूपेश अग्रवाल, संजय प्रजापति और रामकुमार का नाम शामिल है. वहीं मनिका से दीपू कुमार, बरवाडीह से रवि गुप्ता व दीपक राज, गारू से पारस यादव, बालूमाथ से कौसर अली और हेरहंज से सोनू गुप्ता को जिम्मेदारी दी गई. बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रेस क्लब सबसे पहले सदस्यता अभियान चलाएगा. इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों के पत्रकार बड़ी संख्या में मौजूद रहे.

### सोना -सोबरन योजना के तहत धोती-साड़ी का वितरण



**उंटारी रोड (पलामू) ।** प्रखंड क्षेत्र के मुरमा कलां में संचालित जनवितरण प्रणाली दुकानदार मुंद्रिका राम के दुकान पर राशन कार्डधारियों के बीच रविवार को धोती-साड़ी व लुंगी का वितरण किया गया. झारखंड सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं में एक सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना के तहत कार्डधारियों के बीच प्रमुख प्रतिनिधि अरूण कुमार वर्मा ने पीडीएस दुकान मुंद्रिका राम के दुकान पर वितरण किया. मौके पर मनोज राम, शंकर सिंह,सौरभ सिंह, मुकेश पासवान सहित कई कार्डधारी मौजूद थे.

### राजद के पूर्व जिला अध्यक्ष सूरज सिंह ने थामा भाजपा का दामन



**गढ़वा ।** गढ़वा जिला युवा नेता राजद के पूर्व जिला अध्यक्षा सूरज सिंह ने रांची स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के समक्ष भाजपा का सदस्यता ग्रहण की.

- भाजपा परिवार में शामिल करने के लिए भाजपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को आभार प्रकट करते हैं

मौके पर सूरज सिंह ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा मुझे बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया और भाजपा परिवार में शामिल करने के लिए भाजपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को आभार प्रकट करते हैं. उन्होंने कहा कि इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह सहित सभी नेताओं को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताया है. उन्होंने कहा कि जिस उम्मीद एवं आशा के साथ पार्टी का सदस्यता दिलाया गया वो भाजपा के विचारधारा को जन-जन तक पहुंचने का काम करेंगे.

### कांग्रेस संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत तरवाडीह, परसही पंचायतों में कमेटी गठित

# कांग्रेस को गांव-गांव तक मजबूत करने का लिया गया संकल्प

### रमेश सिंह और अरुण यादव बने क्रमशः पंचायत अध्यक्ष

संवाददाता ।लातेहार

अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के संगठन सृजन 2025 कार्यक्रम के अंतर्गत लातेहार प्रखंड की तरवाडीह और परसही पंचायतों में शनिवार, 24 अगस्त को ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटियों का गठन किया गया. इस मौके पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता लातेहार प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मोती उरांव ने की.

बैठक में सर्वसम्मति से रमेश सिंह को तरवाडीह पंचायत कांग्रेस अध्यक्ष तथा अरुण यादव को परसही पंचायत कांग्रेस अध्यक्ष चुना गया. दोनों नव-निर्वाचित अध्यक्षों को पार्टी की ओर से प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिला कार्यकारी अध्यक्ष गूंजर उरांव ने कहा कि पार्टी को मजबूत करने के उद्देश्य से संगठन सृजन अभियान पूरे राज्य में चलाया जा रहा है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस की जड़ें जितनी गांवों में मजबूत होंगी, पार्टी उतनी ही शक्तिशाली होगी.

प्रखंड पर्यवेक्षक इफ्तेखार अहमद ने कहा कि इस अभियान के तहत गांव-गांव में कांग्रेस कमेटियों का गठन कर नए सदस्य और पदाधिकारी तैयार किए जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि संगठन को नींव से सशक्त करना ही इस अभियान का मूल उद्देश्य है. इस अवसर पर कांग्रेस जिला मीडिया प्रभारी पंकज तिवारी ने कहा कि ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटियों को सशक्त करने से कांग्रेस मजबूत होगी और एक मजबूत कांग्रेस ही देश को मजबूत बना सकती है.



कार्यक्रम में सरयू प्रखंड पर्यवेक्षक हरिशंकर यादव, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनिता देवी, युवा कांग्रेस नेता आफताब आलम, अमित यादव, शदाकत हुसैन टिंकु, बेंदी पंचायत के मुखिया रामदयाल उरांव, फूलचंद यादव, मो. मासूक अंसारी, दानिश अंसारी, जमाल उरांव, मुस्ताक अंसारी, मनोज पासवान, वाजिद अंसारी, तबिला खातून सहित कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया. सभी वक्ताओं ने कांग्रेस की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने और संगठन को पंचायत स्तर से सशक्त बनाने का संकल्प लिया. मौके पर ज्योति प्रकाश दुबे, मनोज राम, कंचन यादव, श्याम किशोर दुबे, अनिता शर्मा, दिनेश सिंह, बूटी यादव और बीरेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे.

## अबुआ आवास योजना का लाभ नहीं मिला, पंचायतों में मिलीभगत का आरोप

**उंटारी रोड (पलामू)।** झारखंड सरकार द्वारा गरीब और जरूरतमंद परिवारों को तीन कमरे का मकान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई अबुआ आवास योजना का लाभ कई जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पा रहा है. उंटारी रोड प्रखंड की कुछ पंचायतों में अधिकारियों और जिम्मेदार लोगों की मिलीभगत के चलते सुविधा संपन्न परिवारों को योजना का लाभ दिया गया है, जबकि वास्तविक जरूरतमंद वर्षों से इस योजना का इंतजार कर रहे हैं.



मुरमा कला पंचायत की निवासी विंदू पाठक का पुराना खपरैल और जर्जर मकान बारिश के कारण गिर चुका है. इसके बावजूद उनके आवेदन के बावजूद उनका नाम अबुआ आवास योजना की सूची में शामिल नहीं किया गया. प्रखंड कार्यालय ने पंचायत से ग्रामसभा के माध्यम से जरूरतमंदों की सूची मांगी थी, लेकिन पंचायत ने इस जिम्मेदारी को गंभीरता से नहीं लिया. विंदू पाठक अकेली नहीं हैं, प्रखंड के करकट्टा पंचायत की हसबुन खातून का भी खपरैल मकान क्षतिग्रस्त हो चुका है और परिवार झोपड़ी में रहने को मजबूर है. उंटारी रोड प्रखंड के लुंबा सतबहिनी, लहर बंजारी, जोगा, करकट्टा, मुरमा कला और मुरमा खुर्द समेत कई पंचायतों में ऐसे दर्जनों गरीब और जरूरतमंद परिवार हैं, जिन्हें अबुआ आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा. स्थानीय लोग आरोप लगा रहे हैं कि पंचायत स्तर पर भ्रष्टाचार और अनदेखी के कारण योजना के वास्तविक लाभार्थियों को वंचित किया जा रहा है.

## लातेहार में इस्कॉन का नंद उत्सव, मधुसूदन मुकुंद दास ने दिया योग का संदेश

शुभम संदेश । लातेहार





इस्कॉन, लातेहार के तत्वावधान में रविवार को श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर परिसर में नंद उत्सव का भव्य आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित मधुसूदन मुकुंद दास, जो इस्कॉन रांची के जनरल मैनेजर हैं, ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए योग और आत्मा के परमात्मा से संबंध की महत्ता पर प्रकाश डाला.

श्री दास ने कहा, "आत्मा का भगवान से जुड़ना ही योग है. जब आत्मा भगवान से अलग होकर संसार में सुख खोजती है, तब जीवन निरर्थक हो जाता है." उन्होंने समझाया कि जिस प्रकार शरीर से कट जाने के बाद अंगुली का कोई महत्व नहीं रहता, उसी तरह जब तक आत्मा भगवान से नहीं जुड़ती, तब तक सच्चा आनंद संभव नहीं होता. श्रीमद्भगवद्गीता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कर्मयोग, ध्यानयोग और भक्तियोग की महत्ता को रेखांकित किया. योग का अर्थ उन्होंने "जुड़ने" के रूप में समझाया. उन्होंने इंद्र और गोवर्धन पर्वत की कथा सुनाई, जब भगवान श्रीकृष्ण ने सात वर्ष की आयु में अपनी कनिष्ठा अंगुली से सात दिन तक गोवर्धन पर्वत उठाकर गांववासियों की रक्षा की थी. अंततः इंद्रदेव को अपनी गलती का अहसास हुआ और उन्होंने श्रीकृष्ण से क्षमा मांगी. कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ प्रसाद वितरण और स्टॉल भी लगाए गए थे. आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए. इस अवसर पर अशोक कुमार महलका, निर्मल कुमार महलका, दिनेश कुमार महलका, सिमरन महलका, दुर्गा प्रसाद, राजेश्वर प्रसाद, संतोष दुबे, जीतेंद्र कुमार और परितोष ठाकुर आदि उपस्थित थे.

**योग** — छठी जिला योगासन प्रतियोगिता संपन्न

# पूनम देवी ने कहा- खेलों का जीवन में विशेष महत्व

शुभम संदेश ।लातेहार

लातेहार. जिला योगासन खेल संघ के तत्वावधान में छठी जिला योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन 24 अगस्त को पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, बाजकुम में किया गया. प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, विद्यालय के प्राचार्य आर. पासवान, संघ के संरक्षक बलिराम सिंह और जिला अध्यक्ष अधिवक्ता संजय कुमार ने दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया.

इस अवसर पर रांची जिला योगासन खेल संघ के सचिव डॉ. ए.के. घोषाल, संयुक्त सचिव आर्य प्रहलाद भगत, तकनीकी सचिव चैताली मुखर्जी और कोषाध्यक्ष सुषमा तिग्गा भी उपस्थित रहीं. मुख्य अतिथि पूनम देवी ने अपने संबोधन में कहा, ₹खेलों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है. योग और आसन शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायक होते हैं. यह हमारे प्राचीन जीवन पद्धति का अभिन्न हिस्सा है और आज के समय में इसकी आवश्यकता और भी बढ़ गई है.₹ उन्होंने बच्चों और युवाओं से योग को अपनाने और प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अपील की.




जिला सचिव प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में करीब 300 प्रतिभागियों ने भाग लिया. प्रतिभागी नेतरहाट विद्यालय, निर्मल सिंह मेमोरियल स्कूल बारियातु, चंदवा गुरुकुल और नवोदय विद्यालय से शामिल हुए. प्रतियोगिता को सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग में विभाजित किया गया था.

जिला संघ अध्यक्ष संजय कुमार ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों में योगासन के प्रति रुचि और समर्पण की भावना को बढ़ाती हैं. निर्णायक मंडल में रीतिका कुमारी, सरिता कुमारी और सुदर्शन कुमार शामिल थे. कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ.

## ग्रामसभा का फैसला : एनटीपीसी व एनएलसी को नहीं देंगे जमीन अधिग्रहण की अनुमति

शुभम संदेश । बालूमाथ (लातेहार)

गेरेंजा पंचायत में रविवार को आयोजित ग्रामसभा में एनटीपीसी और एनएलसी जैसी खनन कंपनियों के खिलाफ बड़ा फैसला लिया गया. ग्राम प्रधान परमेश्वर गंझू की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि किसी भी हाल में कंपनियों को भूमि अधिग्रहण और खनन कार्य करने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

बैठक में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कंपनियां दलालों के माध्यम से गांव में प्रवेश कर रही हैं और बिना ग्रामसभा की अनुमति गतिविधियां चला रही हैं. साथ ही, भोले-भाले ग्रामीणों को प्रशिक्षण और रोजगार के नाम पर भ्रमित कर जमीन अधिग्रहण का प्रयास किया जा रहा है.

ग्रामसभा ने यह निर्णय लिया कि प्रस्ताव की प्रति लातेहार जिला उपायुक्त को भेजी जाएगी, ताकि प्रशासन को गांव के मूड और निर्णय की जानकारी हो. ग्रामीणों ने कहा कि कंपनी का असली मकसद केवल खनन करना है, जबकि इससे गांव का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा.



गेरेंजा, भैसादोंन, चितरपुर, धाधु, पुरणापानी, नावाडीह, हेमपुर, सेमरसोत, खरटिया और बिशुनपुर के ग्रामीणों ने उपायुक्त को आवेदन देकर गांव की रक्षा की मांग की है.

ग्रामसभा में शंकर उरांव, नंदकुमार यादव, पवन यादव, प्रदीप उरांव, विजय गंझू समेत सैकड़ों महिला-पुरुष शामिल हुए और अपने हक व जमीन की रक्षा के लिए एकजुटता दिखाई.

## ब्रीफ न्यूज

### बड़हीबीघा के घर में घुसा पानी घर का एक हिस्सा ध्वस्त

**हंटरगंज(चतरा)** । चतरा जिले में लगातार 3 दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश से लोगों को काफी नुकसान हुआ है.इसके साथ ही इलाके में बिजली भी आंख मिचौली खेल रही है लोग घरों में दुबके हैं बाजार में सन्नाटा पसरा हुआ है ,हर तरफ सिर्फ पानी ही पानी नजर आ रहा है. चतरा जिले के हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के गेरुआ पंचायत अंतर्गत बड़हीबीघा में रविवार तेज मूसलाधार बारिश से बडहीबिघा कोइरिटोला निवासी रामदास प्रसाद के घर में पानी घुस गया.जिससे घर का एक हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. चतरा जिला में बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी कर दिया है. मौसम विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे वज्रपात से बचने के लिए खुले स्थानों पर न जाएं.

## पत्थलगड़ा में शहीदों की याद में होगी प्रतियोगिता

# पांचवे वर्ष होगा फुटबॉल टूर्नामेंट, नई कमेटी का गठन

**शुभम संदेश । चतरा (पत्थलगड़ा)**



शहीदों की स्मृति को जीवित रखने और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पत्थलगड़ा प्रखंड मुख्यालय बाजारटांड में रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. इस बैठक में पंचायत प्रतिनिधि, क्षेत्र के गणमान्य लोग, खेल प्रेमी और शहीद जय मंगल पांडे एवं शहीद नादिर अली शाह मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट के पदाधिकारी शामिल थे. बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद सदस्य रामसेवक भगत ने की, जबकि संचालन का दायित्व सिंघानी के पूर्व मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने निभाया. बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शहीदों की याद में पत्थलगड़ा की धरती पर लगातार पांचवें वर्ष भी भव्य फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा. इस प्रतियोगिता में न केवल स्थानीय खिलाड़ी भाग लेंगे, बल्कि बाहर से भी टीमें हिस्सा लेंगी. यह टूर्नामेंट खेल प्रेमियों के बीच उत्साह और प्रतिस्पर्धा का प्रमुख मंच साबित होगा. बैठक में पुराने टूर्नामेंट कमेटी से पिछले आय-व्यय का ब्यौरा मांगा गया, लेकिन अध्यक्ष महफूज रहमान अपने खातों का हिसाब नहीं दे पाए. इस कारण पुरानी कमेटी को भंग कर नई कमेटी का गठन करने का निर्णय लिया गया. इसके साथ ही यह भी तय हुआ कि महफूज रहमान को पुराने टूर्नामेंट का पूरा लेखा-जोखा प्रस्तुत करना होगा और वे बकाया लेन-देन के लिए जिम्मेदार रहेंगे. नई कमेटी में अध्यक्ष के रूप में प्रमोद कुमार कुशवाहा, उपाध्यक्ष बरवाडीह मुखिया संदीप सुमन, सचिव दिनेश्वर भुईंया, सहसचिव चंद्रमणि यादव व आशीष वर्मा, तथा कोषाध्यक्ष अंबिका यादव चुने गए. मंच प्रभारी के पद पर बीरबल दांगी और तिलेश्वर राणा को जिम्मेदारी सौंपी गई. संयोजक की भूमिका जिला परिषद सदस्य रामसेवक भगत को दी गई, जबकि सहसंयोजक के रूप में पूर्व मुखिया राजेंद्र प्रसाद चुने गए. इसके अलावा पंचायत प्रतिनिधि, प्रखंड अध्यक्ष एवं 20 सूत्री समिति के सदस्य भी इस आयोजन में शामिल रहेंगे. प्रमुख सदस्यों में सतीश कुमार दांगी, रामजीत दांगी, लक्ष्मी साव, विकास यादव और जीतेंद्र दांगी शामिल हैं. बैठक में सांसद प्रतिनिधि आशीष दांगी, पूर्व सांसद प्रतिनिधि अमित तिवारी, भाजपा के नेता हरीश दांगी, संजय दांगी, विनय दांगी, विरोचन गिरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे. सभी ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सहयोग का भरोसा दिया. यह फुटबॉल टूर्नामेंट न केवल शहीदों की वीरता को याद करने का माध्यम है, बल्कि युवा खिलाड़ियों को भी खेल के प्रति जागरूक करने और क्षेत्र में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर साबित होगा.

## 130वें संविधान संशोधन विधेयक के खिलाफ झामुमो का प्रदर्शन

# केंद्र सरकार का पुतला दहन किया

**शुभम संदेश । हजारीबाग**



केंद्र सरकार द्वारा संसद में प्रस्तुत किए गए 130वें संविधान संशोधन विधेयक के विरोध में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने रविवार को जिला परिषद चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया. इस दौरान झामुमो कार्यकर्ताओं और नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार का पुतला दहन किया और सरकार के खिलाफ तीखे नारे लगाए.

झामुमो नेताओं ने विधेयक को संविधान के मूल सिद्धांतों के खिलाफ बताया. उनका कहना था कि संविधान कहता है, "जब तक दोष सिद्ध न हो, तब तक कोई भी व्यक्ति निर्दोष माना जाएगा," लेकिन यह विधेयक इस सिद्धांत का उल्लंघन करता है. उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार इस कानून का इस्तेमाल चुने हुए जनप्रतिनिधियों को झूठे मामलों में फंसाने और राज्यों में लोकतांत्रिक तरीके से बनी सरकारों को अस्थिर करने के लिए करेगी.

नेताओं ने यह भी कहा कि अगर कोई निर्वाचित प्रतिनिधि 30 दिनों से अधिक हिरासत में रहता है, तो उसे इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया जाएगा. इसे उन्होंने जनता के मताधिकार का अपमान और लोकतंत्र पर हमला बताया. झामुमो का कहना है कि यह विधेयक भाजपा की सत्ता बनाए रखने की रणनीति का हिस्सा है, जिसके तहत वह अपने राजनीतिक विरोधियों को कमजोर करना चाहती है.

प्रदर्शन में झामुमो नेताओं ने कहा कि देश की जनता अब भाजपा के ₹चाल, चरित्र और चेहरे₹ को पहचान चुकी है और इसके खिलाफ गहरा रोष है. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि यह विधेयक वापस नहीं लिया गया, तो झामुमो राज्यव्यापी आंदोलन शुरू करेगा.

प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए. इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया, केंद्रीय सदस्य सुनील कुमार, गौरव पटेल, इजहार अंसारी, सोनाराम मांझी, राजा खान, जिला उपाध्यक्ष रंजीत मेहता, विकास बेदिया, जिला प्रवक्ता कुणाल यादव, बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह मेहता, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष सरफराज अहमद, महिला जिला अध्यक्ष सुनीता देवी, साजमा खातून, चौपारण प्रखंड अध्यक्ष उज्जवल सिंह, युवा मोर्चा सत्येंद्र मेहता, प्रसौल वर्मा, राजदेव यादव, राजीव वर्मा समेत कई अन्य नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे.

## जेएमएम ने केंद्र सरकार के खिलाफ निकाला विरोध जुलूस



**चतरा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के जिला अध्यक्ष नीलेश ज्ञासन के नेतृत्व में रविवार को भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया. थाना मैदान से शुरू हुआ जुलूस केशरी चौक तक गया, जहां कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया और केंद्र सरकार के खिलाफ कड़े नारेबाजी की. इस विरोध प्रदर्शन में सैकड़ों जेएमएम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल थे. जिला अध्यक्ष नीलेश ज्ञासन ने कहा कि 20 अगस्त 2025 को केंद्र सरकार ने संसद में एक ऐसा विधेयक पेश किया है, जो भारतीय संविधान की मूल भावना का घोर उल्लंघन है. यह विधेयक न केवल चुने हुए जनप्रतिनिधियों के संवैधानिक अधिकारों को सीमित करता है, बल्कि जनता के जनादेश का भी अपमान करता है. भाजपा सरकार राजनीतिक विरोधियों को कमजोर करने के लिए केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है. उन्होंने बताया कि इस विधेयक के अनुसार किसी भी जनप्रतिनिधि को 30 दिनों से अधिक न्यायिक हिरासत में रखा जाए तो उसे पद छोड़ना पड़ेगा, चाहे वह दोषी साबित न हो. यह लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा है और जनता को गुमराह करने की साजिश है. सत्ता की लालसा में भाजपा किसी भी हद तक जाने को तैयार हैनीलेश ज्ञासन ने कहा कि झारखंड सहित पूरे देश में इस तानाशाही रवैये के खिलाफ व्यापक जनाक्रोश है. इसी आक्रोश के चलते चतरा में यह विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया है. उन्होंने केंद्र सरकार से इस विवादित विधेयक को तुरंत वापस लेने और लोकतंत्र की रक्षा करने की मांग की.

## एक नजर

### जेपीएससी में संकल्प जैन ने पाई बड़ी सफलता



**हजारीबाग** । झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) द्वारा जारी हालिया परीक्षा परिणाम में हजारीबाग के होनहार युवा संकल्प जैन ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है. शहर के मुनका बगीचा स्थित के.डी. चिल्ड्रन एकेडमी, कानी बाजार के निवासी संकल्प ने दूसरे प्रयास में ही राज्य में 48वां स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है. इस उपलब्धि पर हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने उन्हें अपने सांसद सेवा कार्यालय में सम्मानित किया. सांसद ने पुष्पगुच्छ भेंट कर संकल्प को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. उन्होंने कहा, ₹एक अधिकारी बनना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी है एक संवेदनशील और अच्छा इंसान बनना. इस मौके पर संकल्प के पिता अभय कुमार जैन, जो कि एक व्यवसायी हैं, गौरव के साथ उपस्थित रहे. साथ ही समाजसेवी नारायण गुप्ता, कुमार यादव और कई अन्य गणमान्य लोग भी कार्यक्रम में मौजूद थे. संकल्प जैन ने अपनी स्कूली शिक्षा संत जेवियर स्कूल, हजारीबाग से और स्नातक की पढ़ाई संत जेवियर कॉलेज, रांची से पूरी की. पिछली बार वे साक्षात्कार तक पहुंचे थे, लेकिन इस बार कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर सफलता हासिल की. उनकी यह उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है, जो यह संदेश देती है कि निरंतर प्रयास से हर लक्ष्य संभव है.

### प्रधानाध्यापक शिक्षक सहित हंटरगंज प्रखंडवासियों ने दी बधाई



**हंटरगंज(चतरा)** । स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग एवं एनसीईआरटी दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में राज्य स्तरीय 52 वीं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में हंटरगंज रामनारायण 10+2 उच्च विद्यालय का छात्र अभिनव ने चौथा स्थान हासिल किया है. इससे पूरे विद्यालय परिवार सहित पूरे प्रखंडवासियों में हर्ष का माहौल है. प्रधानाध्यापक अनूप कुमार, शिक्षक अमिराज कुमार, उमेश कुमार समेत प्रखंड के तमाम लोगों ने अभिनव को बधाई दी है. विद्यालय के शिक्षक अमिराज कुमार के मार्गदर्शन में उसने अपना प्रोजेक्ट तैयार किया और जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए राज्य के लिए चयनित हुए. और अपना प्रोजेक्ट जिला स्कूल रांची में हो रहे राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2025 उसे पूरे राज्य में नेचुरल फार्मिंग विषय पर बनाए गए प्रोजेक्ट में पूरे राज्य में चौथा स्थान प्राप्त हुआ.

### कोडरमा: 22 किलो गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**कोडरमा** । आरपीएफ निरीक्षक दीपक कुमार के निर्देश पर रविवार को उप निरीक्षक सुशील कुमार, सहायक उप निरीक्षक वशिष्ट नारायण सिंह, आरक्षी राम बाबू यादव व पुरनचंद्र मीना ने कोडरमा स्टेशन पर आई गाडी संख्या 13329 अप गंगा दामोदर एक्सप्रेस में तलाशी के दौरान कोच संख्या एच 1 के कूपा संख्या डी बर्थ संख्या 11 पर यात्रा कर रहे एक यात्री के पास से 3 पैकेट में रखा 22 किलो 320 ग्राम गांजा बरामद किया गया. पूछताछ के क्रम में उसने अपना नाम बीरेंद्र चौहान, पिता सिद्धनाथ चौहान, ग्राम जलहरा, थाना राजपूर, जिला बक्सर (बिहार) बताया. गिरफ्तार आरोपी को आरपीएफ पोस्ट लाया गया, जहां एसडीओ कोडरमा द्वारा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी के समक्ष गांजा का वजन किया गया.

### हजारीबाग : समापन समारोह में शपथ ग्रहण

**हजारीबाग** । झारखंड गृह रक्षा वाहिनी के क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र में 23 जून 2025 से शुरू हुआ 63 दिवसीय बुनियादी प्रशिक्षण आज (24 अगस्त 2025) पारण परेड के साथ सफलतापूर्वक पूरा हुआ. इस प्रशिक्षण में कोडरमा जिले के 180 और रांची, गोड्डा, गढ़वा, सरायकेला, जमशेदपुर, गिरिडीह एवं धनबाद जिलों से अनुकम्पा के आधार पर नामांकित 38 प्रशिक्षु शामिल थे, जिनकी कुल संख्या 218 थी. समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग के उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह मौजूद रहे. उन्होंने प्रशिक्षुओं को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की. उन्होंने कहा कि गृह रक्षक के रूप में वे अपने कर्तव्य को पूरी निष्ठा और समर्पण से निभाएं. प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को भी सम्मानित किया गया.

### विधायक प्रदीप प्रसाद ने युवाओं को किया जागरूक

**हजारीबाग** । सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रदीप प्रसाद ने रविवार को सड़क सुरक्षा को लेकर एक सराहनीय पहल करते हुए तेज रफ्तार से बाइक चला रहे युवाओं को रोका और उन्हें जागरूक किया. उन्होंने न सिर्फ युवाओं को समझाया बल्कि उनके परिजनों से भी संवाद किया और सड़क पर सुरक्षित वाहन संचालन के महत्व को रेखांकित किया. विधायक ने युवाओं से कहा, ₹आप सड़क पर भीड़ के लिए सिर्फ एक गिनती हो सकते हैं, लेकिन अपने घर के लिए पूरी दुनिया हैं. उन्होंने आग्रह किया कि तेज रफ्तार से बाइक चलाकर अपनी और दूसरों की जिंदगी को जोखिम में न डालें. सुरक्षित चलना ही समझदारी है. विधायक ने प्रशासन को निर्देश दिया कि तेज रफ्तार व लापरवाही से बाइक चलाने वालों पर निगरानी रखी जाए और जरूरत पड़ने पर कार्रवाई भी की जाए.

### रमुआ में पांच दिवसीय गणपति महोत्सव 26 अगस्त से

**विष्णुगढ़** । रमुआ स्थित ग्राम देवी मंडप सार्वजनिक गणपति मंदिर में 26 अगस्त से पांच दिवसीय गणपति महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा. आयोजन को लेकर समिति की तैयारियां अंतिम चरण में हैं. समिति अध्यक्ष शंकर कुमार ने बताया कि 26 अगस्त को प्रतिमा आगमन के साथ डांडिया नृत्य प्रस्तुति होगी. 27 से 30 अगस्त तक पूजा-अर्चना, संध्या आरती, बाल नृत्य प्रतियोगिता एवं माता रानी का जागरण जैसे कार्यक्रम होंगे.

### जिला स्तरीय राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता संपन्न

**कोडरमा** । भाविप, झुमरीतिलैया के तत्वावधान में रविवार को शिव वाटिका में जिला स्तरीय राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष अरुण कुमार ओझा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और विशिष्ट अतिथि सहायक निदेशक नीतीश कुमार निशांत एवं प्रांतीय अध्यक्ष रामप्रवेश पांडे उपस्थित रहे. प्रतियोगिता में मॉडर्न पब्लिक स्कूल झुमरीतिलैया ने प्रथम, ग्रीजली विद्यालय तिलैया डैम ने द्वितीय तथा डीएवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने विजेताओं को शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों में देशभक्ति की भावना जागृत करती हैं और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करती हैं.

### विधायक प्रदीप प्रसाद ने की सावधानी बरतने की अपील


**हजारीबाग** । सदर विधानसभा क्षेत्र सहित झारखंड के कई हिस्सों में पिछले कुछ दिनों से हो रही लगातार भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित हो रहा है. तेज़ वर्षा के कारण सड़कों पर जलजमाव, नालियों का ओवरफ्लो और छोटे पुल-पुलियों पर तेज़ बहाव देखने को मिल रहा है. स्थिति की गंभीरता को देखते हुए हजारीबाग़ सदर के विधायक प्रदीप प्रसाद ने आम नागरिकों से सावधानी बरतने की अपील की है. उन्होंने लोगों से अनावश्यक रूप से घर से बाहर नहीं निकलने का आग्रह करते हुए कहा कि झील, तालाब, नदियों और जलाशयों के किनारे जाना फिलहाल खतरनाक हो सकता है. विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा का ख्याल रखने की आवश्यकता है. विधायक ने कहा कि ₹इन हालात में सतर्क रहना ही समझदारी है. आपकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है. यदि कोई आपात स्थिति उत्पन्न होती है तो तुरंत स्थानीय जनप्रतिनिधि या विधायक कार्यालय से संपर्क करें. उन्होंने बताया कि उनकी टीम और जिला प्रशासन लगातार क्षेत्र में सक्रिय है और बारिश प्रभावित इलाकों की निगरानी की जा रही है. इसके साथ ही विधायक ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाई जाए और ज़रूरतमंद लोगों को तत्काल राहत एवं सहायता उपलब्ध कराई जाए. उन्होंने विश्वास जताया कि सभी के सहयोग से इस मौसम की चुनौती का सफलतापूर्वक सामना किया जा सकेगा.

### भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने घायलों से की मुलाकात

**हजारीबाग** । मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के रेवार स्थित गंगा धारा नदी के समीप रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जब तेज रफ्तार में जा रही एक अल्टो कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई. इस हादसे में हीराबाग निवासी महेंद्र सिंह के 25 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं, सखिया पंचायत के सीतागढ़ निवासी अनिल कुमार और एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. दोनों घायलों का इलाज शहर के आरोग्यम अस्पताल में चल रहा है, जहां उनकी स्थिति अब नियंत्रण में बताई जा रही है.

## धूमधाम से मनाया गया श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज का प्रथम गुरु गद्दी दिवस

**शुभम संदेश । हंटरगंज (चतरा)**



चतरा जिले के हंटरगंज प्रखंड स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा केदली कला में कल रविवार को श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रथम गुरु गद्दी दिवस बड़े हीं धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया. इस अवसर पर सुबह के दीवान में संगतों ने सामूहिक रूप से श्री सुखमणि साहिब जी का पाठ किया. तत्पश्चात गुरुवाणी कीर्तन का गायन करते हुए अरदास किया गया.इस मौके पर नवगठित प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारियों तथा सदस्यों को सिरोपा देकर सम्मानित किया गया. ज्ञात हो कि पुरानी कमेटी का कार्यकाल पूरा हो जाने के कारण नई कमेटी का चुनाव किया गया था, जिसमें सरदार बलजीत सिंह बंटी प्रधान तथा सरदार नंदकिशोर सिंह सचिव चुने गए थे. इन लोगों के नेतृत्व में पन्द्रह सदस्यीय टीम का गठन किया गया, जिसमें सत्यपाल सिंह को संयोजक, प्रीतम सिंह को कोषाध्यक्ष तथा समरजीत सिंह और तखत सिंह को क्रमशः उपप्रधान और उपसचिव बनाया गया. सरदार बलवंत सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, बलजीत सिंह, जसवंत सिंह, अरुण सिंह, मनोज सिंह, मोहित सिंह, मुन्ना सिंह तथा जितेन्द्र सिंह को सदस्य बनाया गया है. नवगठित कमेटी के लोगों ने पुरानी कमेटी के प्रधान सरदार प्रताप सिंह तथा सचिव सरदार ज्ञान सिंह को उनके सफल कार्यकाल के लिए सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया. तथा नौवें पातशाही श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहादत के 350 वें वर्षगांठ को समर्पित धुबरी साहिब (असम) से निकली नगर कीर्तन तथा उसमें शामिल संगतों का आगामी 29 अगस्त को हंटरगंज और केदली कला पहुंचने पर भव्य स्वागत करने का फैसला किया गया.अंत में सभी साध संगतों के बीच लंगर प्रसाद के रूप में छोला कचौड़ी और चाय का वितरण किया गया.

## चौपारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को विधायक ने दी वातानुकूलित एम्बुलेंस



**चौपारण।** बरही विधानसभा के विधायक मनोज कुमार यादव ने रविवार को चौपारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को अपनी विधायक निधि से अत्याधुनिक वातानुकूलित एम्बुलेंस भेंट की. इस मौके पर विधायक ने पूजा-अर्चना कर नई एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर अस्पताल प्रबंधन को सौंपा. यह पहल ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही एम्बुलेंस की कमी को दूर करने के लिए की गई है. कुछ दिन पूर्व चौपारण के ग्रामीणों ने विधायक से मुलाकात कर अस्पताल में एम्बुलेंस की आवश्यकता जताई थी, जिस पर विधायक ने तत्काल संज्ञान लेते हुए शीघ्र एम्बुलेंस उपलब्ध कराने का भरोसा दिया था. विधायक मनोज यादव ने बताया कि दनुआ घाटी क्षेत्र में अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं, लेकिन एम्बुलेंस की कमी के कारण घायल मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में समस्या होती थी, जिससे कई बार जान जाने का खतरा बढ़ जाता था. नई वातानुकूलित एम्बुलेंस आपातकालीन स्थिति में मरीजों को तेजी से और सुरक्षित तरीके से अस्पताल तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी. इस अवसर पर चिकित्सा प्रभारी डॉ. फरहाना महफूज़, डॉ. डीएन ठाकुर, मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, पूर्व अध्यक्ष राजदेव यादव, भाजपा नेता रामस्वरूप पासवान, सुनील सिंह, मुखिया जानकी यादव, ममता देवी, जनार्दन सिंह, भाजपा नेता गजाधर प्रसाद, भाजयुमो अध्यक्ष रंजन सिंह सहित ग्रामीण मौजूद थे.


## घोषणा पत्र

**मैं विरेन्द्र साव उर्फ लक्ष्मण साव** पिता स्व० गोविन्द साव, उम्र करीब 53 वर्ष, धर्म- हिन्दू राष्ट्रीयता - भारतीय, पेशा- व्यवसाय, निवासी ग्राम भीमेडीह, पोस्ट व थाना- नवलशाही, जिला - कोडरमा, शपथ पूर्वक निम्नलिखित ब्यान करता हूँ किः-

1. यह कि मैं उपरोक्त स्थान का स्थायी निवासी हूँ।
2. यह कि मेरा वंशावली इस प्रकार है :-

**वंशावली**

गोविन्द साव (मृत) रीतलाल साव

भुनेश्वर साव नारायण साव

विरेन्द्र साव उर्फ लक्ष्मण साव (दोनों एक ही व्यक्ति है)

हेमंती देवी (आवेदिका)

3. यह कि यह घोषणा पत्र वंशावली की सत्यता हेतु बनाया हूँ जो सही एवं सत्य है गलत पाये जाने पर सारी जवाबदेही मेरी होगी।

**हेमंती देवी**

**सत्यापन**

मैं विरेन्द्र साव उर्फ लक्ष्मण साव सत्यापित करता हूँ कि उपरोक्त लिखित सारी बातें मेरी जानकारी, सूचना विश्वास में सही व सत्य है जिसे सही पाकर आज दिनांक 13.08.2025 को अपना हस्ताक्षर कोडरमा में बनाया।

**विरेन्द्र साव**

ह./ Beena Devi

**मुखिया**

**प्रखण्ड-डोमचांच (कोडरमा)**


**सम्मान** बुद्धिजीवी मंच रामगढ़ जिला के पत्रकारों को किया सम्मानित, कहा

# सम्मान से मजबूत होता है लोकतंत्र का चौथा स्तंभ

**शुभम संदेश । रामगढ़**



बरकाकाना स्थित रेलवे रिक्रिएशन क्लब में बुद्धिजीवी मंच द्वारा आयोजित एक सादे एवं गरिमामय समारोह में पत्रकारों को सम्मानित किया गया. समारोह की अध्यक्षता ईस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन के केंद्रीय उपाध्यक्ष अवधेश कुमार गुप्ता ने की, जबकि मंच संचालन का दायित्व मंच के सचिव डॉ. शाहनवाज खान ने निभाया. कार्यक्रम की शुरुआत मंच अध्यक्ष प्रदीप करमाली के स्वागत भाषण एवं विषय परिचय से हुई. अंत में मंच के कोषाध्यक्ष मो. सलीम ने धन्यवाद ज्ञापन दिया.

समारोह के मुख्य अतिथि मंडलीय यातायात रेल प्रबंधक (DTM) बरकाकाना ने अपने संबोधन में कहा कि "पत्रकारों का सम्मान लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को सशक्त करने जैसा है." उन्होंने बुद्धिजीवी मंच की ओर से समाज के कमजोर वर्गों के बच्चों की शिक्षा में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संसाधनों की कमी के बावजूद सही मार्गदर्शन व प्रोत्साहन से बच्चे नई ऊंचाइयों तक पहुंच सकते हैं. उन्होंने मंच के साथ मिलकर क्षेत्र के विद्यार्थियों को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया. समारोह में पत्रकार सुनील कुमार और दुर्वेज आलम ने भी अपने विचार रखते हुए बुद्धिजीवी मंच के प्रयासों की सराहना की और पत्रकारों को सम्मानित करने के लिए आभार व्यक्त किया. इस अवसर पर पत्रकार सुनील कुमार, दुर्वेज आलम, गोपाल गिरी, बबन राउत, अभिषेक पाठक, पंकज सोनी, विक्रांत कुशवाहा और बसंत कुमार को मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया. समारोह में बड़ी संख्या में बुद्धिजीवी मंच के पदाधिकारी एवं समाजसेवी शामिल हुए, जिनमें प्रदीप चक्रवर्ती, उमेश महतो, नेपाल विश्वकर्मा (प्रवक्ता), सोनी महतो (उपाध्यक्ष), किरण पटेल, नैना मसीह, सरिता देवी, सुनीता देवी, जयंती देवी, देवकी बेदिया, शिवशंकर बेदिया, गिरी शंकर महतो, गुड्डू कुमार, नरेश प्रजापति, दिनेश करमाली, मदन दांगी, गोकुल महतो, सुरेश शर्मा, जलील अंसारी, विक्की खान, राजा खान, जितेंद्र दास, बंटी सिंह, जिम्मी सिंह, मदन राम, सुमित उरांव, विनेश दांगी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे. कार्यक्रम ने पत्रकारिता और समाज सेवा के बीच समन्वय और सहभागिता का एक सशक्त संदेश दिया.

## ब्रीफ न्यूज

### बुंडू में कमजोर पुल से जनता दहशत में, नदी पार करना मजबूरी

**बुंडू।** बुंडू के सरजमडीह में कांची नदी पर बने उच्च स्तरीय पुल का एक खंभा धंस जाने के बाद लोग पुल पार करने से डर रहे हैं. लगातार बारिश के कारण नदी का जलस्तर उच्च बना हुआ है, जिससे पुल पर पानी का दबाव बढ़ गया है. इस वजह से बड़ी स्कूल बसें भी रविवार को पुल पार नहीं कर सकीं, जिससे बच्चे नदी के दूसरी तरफ आना-जाना मजबूर हो गए. पुल का निर्माण 2016 में शुरू होकर 2023 में पूरा हुआ, लेकिन ग्रामीणों ने शुरू से ही घटिया निर्माण का आरोप लगाया था. पूर्व मुखिया तुलसी मुंडा के अनुसार, पुल के पीलर में जरूरी लिक्विड केमिकल नहीं डाला गया, जिससे खंभा धंस गया. ग्रामीण यह भी शिकायत करते हैं कि नदी से बालू की अवैध निकासी से नदी का तल 12-15 फीट तक गहरा हो गया है.

### झामुमो ने केंद्र सरकार का पुतला दहन किया

**लोहरदगा।** झामुमो जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद के नेतृत्व में रविवार को पावर गंज चौक में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार का पुतला दहन किया. उन्होंने 20 अगस्त को संसद में पारित विवादित विधेयक का कड़ा विरोध किया. मोजम्मिल अहमद ने कहा कि यह विधेयक भारतीय संविधान के मूल सिद्धांत "जब तक दोष सिद्ध न हो, आरोपी निर्दोष है" का खुला उल्लंघन करता है.

### शिविर का आयोजन 56 मरीजों की जांच

**लोहरदगा ।** अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के सदर अब्दुल रऊफ अंसारी और सचिव शाहिद अहमद बेलू के नेतृत्व में रविवार को अंजुमन हॉस्पिटल परिसर में विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया. राजधानी रांची से आए हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. विभाष चंद्र (एमएस) और बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. रंजीत कुमार (एमडी) ने कुल 56 मरीजों की जांच की. इनमें 32 हड्डी एवं नस रोग से पीड़ित और 24 बच्चे शामिल थे. मरीजों से केवल 50 रुपये ओपीडी शुल्क लिया गया तथा दवाएं 10% रियायत पर उपलब्ध कराई गईं. इस पहल से लोगों को न केवल सस्ता इलाज मिला, बल्कि विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवा भी पास में ही मिल गई.

---

चैनपुर के बुकमा गांव में जंगली हाथी का कहर, घर तोड़ा, धान की फसल को रौंद डाला

# भय और दहशत के माहौल में जी रहे ग्रामीण

**शुभम संदेश। चैनपुर (गुमला)**



गुमला जिले के चैनपुर प्रखंड स्थित बुकमा गांव में शनिवार रात एक जंगली हाथी ने भारी तबाही मचाई. हाथी ने गांव में घुसकर एक घर को पूरी तरह से तहस-नहस कर दिया और करीब एक एकड़ में लगी धान की फसल को रौंद डाला. इस घटना से गांव में भय और दहशत का माहौल है.

जानकारी के अनुसार, शनिवार देर रात करीब 11:30 बजे एक हाथी जाड़ी जंगल की ओर से गांव में घुस आया. उसने बुकमा निवासी फागी देवी, पति दशरथ भगत के घर को निशाना बनाते हुए उसे पूरी तरह तोड़ दिया. हाथी ने घर के अंदर रखे धान, चावल और अन्य जरूरी सामान को भी नष्ट कर दिया. फागी देवी और दशरथ भगत खेतीहर मजदूर हैं और खेती पर ही उनकी आजीविका निर्भर है. इस घटना के बाद उनका सब कुछ बर्बाद हो गया है. अब वे दूसरों के घर में शरण लेकर रहने को मजबूर हैं.

**ग्रामीणों का आरोप**

- वन विभाग का कोई भी अधिकारी अब तक मौके पर नहीं पहुंचा है. न ही पीड़ित परिवार की कोई सुध ली गई है

उसी रात, हाथी ने एक अन्य ग्रामीण परवीन उरांव के खेत में भी तबाही मचाई, जहां उसने एक एकड़ धान की फसल को पूरी तरह रौंद डाला, जिससे भारी आर्थिक नुकसान हुआ.

ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग का कोई भी अधिकारी अब तक मौके पर नहीं पहुंचा है. न ही पीड़ित परिवार की कोई सुध ली गई है.गांव में पिछले एक महीने से बिजली नहीं है, जिससे रात में अंधेरे में हाथियों से खुद की सुरक्षा करना और भी मुश्किल हो गया है. ग्रामीणों ने वन विभाग से टॉर्च, पटाखे और अन्य बचाव सामग्री की मांग की है ताकि हाथियों को दूर रखा जा सके. ग्रामीण बसंत भगत और केमी नगेशिया ने कहा, "विभाग मस्त है और हम त्रस्त हैं. जब तक मदद नहीं मिलेगी, जान-माल का बड़ा नुकसान हो सकता है." ग्रामीणों ने सरकार और वन विभाग से अविलंब हस्तक्षेप की मांग करते हुए मुआवजा देने और स्थायी समाधान की अपील की है.

---

# विद्यालयों में 25 से 30 तक 50 हजार पौधों के रोपण का लक्ष्य

**हरित विद्यालय, हरित गुमला**

**शुभम संदेश। गुमला**

गुमला जिला शिक्षा विभाग द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए जिले के सभी सरकारी, अल्पसंख्यक एवं निजी विद्यालयों में 25 से 30 अगस्त 2025 तक ₹एक पेड़ माँ के नाम 2.0₹ अभियान के तहत विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. इस अभियान का उद्देश्य है एक सप्ताह में 50 हजार पौधों का रोपण कर "हरित विद्यालय, हरित गुमला" की परिकल्पना को साकार करना तथा विद्यालय स्तर से प्रकृति संरक्षण और पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ावा देना.

**विद्यालयों को मिलेगा पौधों का मुफ्त वितरण :** इस अभियान के अंतर्गत 25 और 26 अगस्त को सभी 12 प्रखंडों के माध्यम से स्थायी पौधशालाओं — गुमला, घाघरा, सिसई और चैनपुर — से वन प्रमंडल द्वारा उपलब्ध कराए गए पौधों का उठाव एवं वितरण किया जाएगा. इसके पश्चात 25 से 30 अगस्त के बीच सभी विद्यालय उत्सव के रूप में पौधारोपण करेंगे. इस दौरान विद्यालय परिसर, स्कूल मार्ग, बच्चों के घरों, सार्वजनिक स्थलों या किसी उपयुक्त स्थल पर पौधारोपण किया जाएगा.

**अभियान अंतर्गत प्रखंडवार लक्ष्य**

| प्रखंड | कुल टारगेट | कुल उपलब्धि | अभियान टारगेट |
|---|---|---|---|
| ALBERT EKKA | 5360 | 3676 | 1684 |
| BASIA | 13300 | 7293 | 6007 |
| BHARNO | 11910 | 6174 | 5736 |
| BISHUNPUR | 10660 | 4145 | 6515 |
| CHAINPUR | 12380 | 8726 | 3654 |
| DUMRI | 9210 | 5600 | 3610 |
| GHAGHRA | 15980 | 9456 | 6524 |
| GUMLA | 22790 | 11275 | 11515 |
| KAMDARA | 12170 | 6715 | 5455 |
| PALKOT | 16060 | 5889 | 10171 |
| RAIDIH | 12800 | 7945 | 4855 |
| SISAI | 17330 | 8552 | 8778 |

**सभी वर्गों के विद्यालयों को लक्ष्य आबंटित :** जिला शिक्षा विभाग ने प्राथमिक, मध्य, उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के लिए क्रमशः 70, 100 और 150 पौधों के न्यूनतम लक्ष्य निर्धारित किए हैं. वहीं, अधिकतम छात्र संख्या वाले विद्यालयों के लिए पौधारोपण का लक्ष्य सभी छात्रों को ध्यान में रखते हुए तय किया गया है.

**समुदाय की भी होगी सक्रिय भागीदारी**

इस अभियान को सफल बनाने हेतु छात्र-छात्राओं के साथ-साथ शिक्षक, अभिभावक, विद्यालय प्रबंधन समिति (SMC), जनप्रतिनिधि और आम नागरिकों को भी शामिल किया जा रहा है. सभी प्रतिभागियों को ईको क्लब वेबसाइट के माध्यम से ई-प्रमाणपत्र भी प्रदान किए जाएंगे. इससे बच्चों में पर्यावरण संरक्षण की भावना विकसित होगी और उनके प्रयासों को डिजिटल रूप में मान्यता भी मिलेगी.

**राज्य स्तर पर गुमला बना अग्रणी जिला :** बीपीओ एवं नोडल पदाधिकारी दिलदार सिंह ने बताया कि "एक पेड़ मां के नाम" गतिविधि के तहत राज्य द्वारा जिले को 1.6 लाख पौधारोपण का लक्ष्य दिया गया है, जिसमें से 50 प्रतिशत लक्ष्य पहले ही पूरा कर लिया गया है. गुमला राज्य का पहला जिला है जिसने इस स्तर तक पौधारोपण कार्य को अंजाम दिया है.

**शिक्षा पदाधिकारियों ने दी प्रेरणादायक बातें :** जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां ने कहा, "यह अभियान आने वाली पीढ़ियों को यह सिखाएगा कि पेड़ केवल ऑक्सीजन नहीं, बल्कि जीवन और संस्कृति की निरंतरता के आधार हैं." वहीं, जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो ने इसे मातृभूमि और प्रकृति माता के प्रति कृतज्ञता की अभिव्यक्ति बताया. **उपायुक्त ने अभियान को जोड़ा सांस्कृतिक मूल्यों से :** गुमला के उपायुक्त ने कहा, "झारखंड की पहचान उसकी घनी हरियाली, जंगल, नदियों और पर्वतों से है. यहां की आदिवासी संस्कृति प्रकृति पूजक रही है. पेड़-पौधे, नदियां, धरती, पहाड़ हमारे लिए माँ के समान हैं. 'हरित विद्यालय, हरित गुमला' अभियान हमारी परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का प्रयास है."

### शिविर में 25 सदस्यों ने किया रक्तदान

**गुमला।** 46 झारखंड एनसीसी बटालियन ने 24 अगस्त 2025 को रक्तदान अभियान में बृहत रूप से भाग लेकर इस पुनीत अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. ब्रह्माकुमारी, गुमला शाखा और मारवाड़ी युवा मंच द्वारा ब्लड बैंक सदर अस्पताल, गुमला के सहयोग से आयोजित इस अभियान में कमांडिंग ऑफिसर, प्रशिक्षक स्टाफ, एएनओ,सीटीओ और एनसीसी कैडेटों सहित कुल 25 सदस्यों ने स्वेच्छिक रक्तदान किया. इस अवसर पर 46 झारखंड बटालियन एनसीसी कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल पीबी शर्मा ने कैडेटों को रक्तदान कर जीवन बचाने के लिए प्रेरित किया. उन्होंने कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है और रक्तदान समाज के लिए एक व्यक्ति द्वारा किए जा सकने वाले सबसे महान योगदानों में से एक है. एनसीसी कैडेटों को न केवल राष्ट्र की रक्षा के लिए बल्कि ज़रूरत के समय मानवता की सेवा के लिए भी प्रशिक्षित किया जाता है. यह अभियान ब्रह्माकुमारी द्वारा विश्व के सबसे बड़े आध्यात्मिक रूप से प्रेरित रक्तदान अभियान का हिस्सा था, जो 22 से 25 अगस्त 2025 तक विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया था.यह पहल, आध्यात्मिक रूप से प्रेरित इस वैश्विक अभियान के माध्यम से 1,00,000 यूनिट रक्त एकत्र करने का एक आधिकारिक गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रयास है.

---

# महिला सुरक्षा, रोजगार और लोन माफी के लिए शुरू हुआ नारी जागरूकता अभियान

**शुभम संदेश। गुमला**



गुमलाः झारखंड नवनिर्माण दल से जुड़ी महिला मंडल सहयोग संचालन समिति – गुमला प्रखंड के तत्वावधान में नारी जागरूकता अभियान की शुरुआत भारी बारिश के बीच गुमला कचहरी परिसर में की गई. ₹भीख नहीं अधिकार चाहिए₹, ₹सुरक्षा, सम्मान, रोजगार और लोन माफी चाहिए₹, जैसे नारों के साथ सैकड़ों महिलाएं अभियान में शामिल हुईं. कार्यक्रम की अध्यक्षता सीता उरांव ने की. मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के प्रभारी एवं झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकारें महिलाओं को सुरक्षा और रोजगार देने में पूरी तरह विफल रही हैं. उन्होंने गुमला जिले के सिसई प्रखंड में छात्रा के अपहरण और बलात्कार की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि झारखंड में महिलाओं के खिलाफ अत्याचार आम बात हो गई है, और यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है. विजय सिंह ने मोदी शासन के 10 वर्षों में पूंजीपतियों के 14 लाख करोड़ रुपये के लोन माफ किए जाने की आलोचना करते हुए कहा कि झारखंड की महिलाएं माइक्रोफाइनेंस कंपनियों के जाल में फंस चुकी हैं, जो महाजनी और सूदखोरी जैसी व्यवस्था को बढ़ावा दे रही हैं. उन्होंने मांग की कि महिलाओं के सभी प्रकार के लोन को माफ किया जाए और इच्छुक महिलाओं को ब्याजमुक्त 10 लाख रुपये तक की पूंजी व्यवसाय हेतु दी जाए.

पुष्पा उरांव (जिला प्रभारी) ने घाघरा प्रखंड के टोटाम्बी गांव में छह माह के बच्चे की मां कविता देवी की संदिग्ध आत्महत्या का मामला उठाया और सभी महिला आत्महत्या प्रकरणों की न्यायिक जांच की मांग की.

कार्यक्रम में यह घोषणा की गई कि जिले भर में महिला सुरक्षा, रोजगार, लोन माफी, आंगनबाड़ी, सहिया, रसोइया, सेविका जैसे अनुबंध कर्मियों को न्याय दिलाने और महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार के खिलाफ 7 सितंबर 2025 को जिला मुख्यालय में विशाल धरना का आयोजन किया जाएगा. अभियान में लॉरेंसिया मिंज, संदीपा देवी, सुजाता कुमारी, सुशीला देवी, धनपति देवी, बिरजीनिया मिंज, फूलो उरांव, अंकिता कुमारी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं. सभी ने इस आंदोलन को व्यापक रूप देने और महिला अधिकारों के लिए एकजुट होकर संघर्ष का संकल्प लिया.

---

अंजुमन इस्लामिया अदलिया कमिटी ने कराया दो मामलों का समाधान

# आपसी सहमति से सुलझे जमीन विवाद और पारिवारिक कलह

**शुभम संदेश । लोहरदगा**



अंजुमन इस्लामिया अदलिया कमिटी ने रविवार को दो अहम सामाजिक विवादों का समाधान कर आपसी सुलह के ज़रिए एक मिसाल कायम की. कमिटी की इस पहल से समाज में शांति, समझौते और भाईचारे का संदेश गया है.

पहला मामला कुरैशी मुहल्ला के जाबिर कुरैशी बनाम शमीम कुरैशी के बीच जमीन के बंटवारे से जुड़ा था. कमिटी ने दोनों पक्षों की सुनवाई कर सुलहनामा तैयार किया और आपसी सहमति से विवाद को समाप्त कराया. दूसरा मामला आनंदपुर निवासी युसूफ अंसारी और उनकी पत्नी के बीच चल रहे पारिवारिक विवाद से संबंधित था. अदलिया कमिटी ने दोनों पक्षों के बीच संवाद स्थापित कर समझौता करवाया, जिससे यह मामला भी शांतिपूर्ण ढंग से सुलझ गया.

इस मौके पर नायब सदर सैयद आरिफ हुसैन बब्लू ने कहा कि अदलिया कमिटी समाज में शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए लगातार कार्य कर रही है. उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास समाज को बिखरने से बचाते हैं.

सहसचिव अल्ताफ कुरैशी ने कहा कि विवादों का समाधान आपसी समझ और सुलह से ही संभव है, और यह कदम समाज को सकारात्मक दिशा देने वाला है.

सुनवाई के दौरान अबुल कलाम तैगी और असगर तैगी की भी उपस्थिति रही. कमिटी की इस कार्यवाही से लोगों में संतोष और विश्वास का माहौल देखा गया.

---

गांव के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे अधिकार और सुविधाएं, पंचायत उन्नति सूचकांक 2.0 के लिए तैयारी शुरू, डॉ. ताराचंद ने कहा

# पंचायतों में पीएआई संकेतकों का पूर्ण आच्छादन जरूरी

**संवाददाता । लोहरदगा**



लोहरदगा में शनिवार को नया नगर भवन में पंचायत उन्नति सूचकांक (PAI) 1.0 से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसकी शुरुआत उपायुक्त डॉ. ताराचंद और अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की गई.

इस अवसर पर उपायुक्त ने जिले में पंचायत उन्नति सूचकांक के वर्तमान प्रदर्शन की समीक्षा की और सुधार की व्यापक संभावनाओं पर जोर दिया.

**पंचायतों में सुधार की अपार संभावनाएं :** डॉ. ताराचंद ने कहा कि लोहरदगा जिले की अधिकांश ग्राम पंचायतों में अभी भी पंचायत उन्नति सूचकांक के सुधार की गुंजाइश है. उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों और सभी संबंधित अधिकारियों से अपील की कि वे पंचायत उन्नति सूचकांक के सभी संकेतकों को बेहतर तरीके से लागू करें ताकि जिले का समग्र विकास हो सके. उन्होंने स्पष्ट किया कि गांव के प्रत्येक व्यक्ति को बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, आर्थिक और सामाजिक संकेतक, शासन और प्रशासन, पर्यावरणीय स्थिरता सहित विभिन्न पहलुओं का लाभ मिलना आवश्यक है. उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) का भी उल्लेख करते हुए बताया कि पंचायत उन्नति सूचकांक इसी लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.

**गांवों में बसता है भारत का दिल :** उपायुक्त डॉ. ताराचंद ने कहा, ₹भारत का असली दिल गांवों में बसता है, इसलिए गांवों को सशक्त बनाना हर स्तर पर आवश्यक है. ग्राम पंचायतों से जुड़े लोग इस कार्य में अहम भूमिका निभाते हैं.₹ उन्होंने सभी मुखियाओं को पंचायत उन्नति सूचकांक की पूरी जानकारी रखने और उसे सही तरीके से लागू करने पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि पंचायत के हर सदस्य तक सभी संसाधनों की पहुंच सुनिश्चित होनी चाहिए. जब सभी पंचायत निर्धारित संकेतकों पर खरे उतरेंगे, तो स्वाभाविक रूप से जिले और पंचायतों की रैंकिंग में सुधार होगा.

**पंचायत उन्नति सूचकांक 2.0 की तैयारी शुरू :** डॉ. ताराचंद ने यह भी बताया कि पंचायत उन्नति सूचकांक 2.0 के लिए तैयारियां शुरू हो चुकी हैं. उन्होंने सभी पंचायतों से आग्रह किया कि वे दिए गए प्रारूपों को सही तरीके से भरें और अपने क्षेत्र में सूचकांकों को बेहतर करें. उनका मानना है कि अगर पंचायतें मेहनत करेंगी, तो लोहरदगा जिला देश के स्तर पर शीर्ष स्थान पर आ सकता है.

**श्रेष्ठ प्रखंडों और पंचायतों का सम्मान :** कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रखंडों और पंचायतों को सम्मानित भी किया गया.

**श्रेष्ठ प्रखंड :** सेन्हा, कैरो, भंडरा

**श्रेष्ठ पंचायतें (विभिन्न श्रेणियों में):**

**गरीबी मुक्त** – अलौदी पंचायत
**स्वस्थ पंचायत** – तोड़ार पंचायत
**बाल हितैषी पंचायत :** कैरो पंचायत
**जल पर्याप्त** – भौरों पंचायत
**स्वच्छ व हरित पंचायत :** भौरों पंचायत
**आत्मनिर्भरता व आधारभूत संरचना** – ककरगढ़ पंचायत
**सामाजिक न्याय और सुरक्षा** – तिगरा पंचायत

उपायुक्त एवं अन्य अतिथियों ने प्रखंडों व पंचायतों के प्रतिनिधियों को पुरस्कार प्रदान किए.

### कार्यक्रम में शामिल हुए प्रमुख अधिकारी

कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख, मुखिया सहित सैकड़ों प्रतिनिधि उपस्थित थे. इस अवसर पर पंचायत उन्नति सूचकांक पीएआई 1.0 लोहरदगा पुस्तिका का भी विमोचन किया गया.

---

## एक नजर

### हक-अधिकार के लिए आंदोलन करने के मूड में संगठन



**गुमला।** झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया संयोजिका अध्यक्ष संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला अध्यक्ष सह प्रदेश उपाध्यक्ष देवकी देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में रसोइया एवं संयोजिकाओं के अधिकार, लंबित मानदेय भुगतान और कार्य व्यवस्था को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए. प्रखंड अध्यक्ष प्रभा एक्का ने बताया कि पहले निर्धारित 4 अगस्त को प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन को स्थगित कर आगे की रणनीति के तहत संगठन को मजबूत किया जा रहा है. अब हड़ताल की दिशा में कदम बढ़ाते हुए प्रत्येक रसोइया-संयोजिका को सदस्य बनाकर सीआरसी कमिटी को सशक्त बनाया जाएगा और स्कूल कमेटियों का गठन कर सम्मेलन आयोजित किया जाएगा. बैठक में यह भी चर्चा हुई कि जिले के कई रसोइयों का मानदेय बकाया अब तक भुगतान नहीं किया गया है, जिसे एक माह के भीतर चुकाया जाए. साथ ही, जिन रसोइयों की उम्र 60 वर्ष पूरी हो चुकी है, उनकी जगह परिवार के सदस्य को ही नियुक्त किया जाए, किसी बाहरी व्यक्ति को नहीं. संयोजिकाओं को उनके कार्य का पूरा अधिकार दिया जाए, न कि केवल नाम मात्र का उपयोग किया जाए.

### पाखर में अवैध बाक्साइट खनन की जांच का आदेश



**लोहरदगा ।** जिले के किस्को प्रखंड अंतर्गत पाखर पठारी पंचायत क्षेत्र में संचालित बाक्साइट खनन गतिविधियों को लेकर अब भारत सरकार ने उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं. यह कार्रवाई लोहरदगा ब्लॉक निवासी चंदन कुमार द्वारा की गई शिकायत के आधार पर की गई है.चंदन कुमार ने बाक्साइट खनन में अनियमितताओं और अवैध खनन की आशंका जताते हुए भारत सरकार के खान मंत्रालय को एक लिखित आवेदन फैक्स के माध्यम से भेजा था. उन्होंने इसकी प्रति लोहरदगा उपायुक्त डॉ. ताराचंद को भी सौंपी थी. मामले की गंभीरता को देखते हुए खान मंत्रालय, भारत सरकार ने झारखंड सरकार के खान एवं भूविज्ञान विभाग के सचिव को पत्र जारी कर चंदन कुमार की उपस्थिति में मौके पर जांच करने और इसकी रिपोर्ट मंत्रालय को सौंपने का निर्देश दिया है. भारत सरकार के पत्र में स्पष्ट किया गया है कि यह शिकायत 22 जुलाई 2025 को प्राप्त हुई थी और इसमें एम.एम.डी.आर अधिनियम 1957 की धारा 23सी का हवाला देते हुए कहा गया है कि राज्य सरकार को खनिजों के अवैध खनन, ढुलाई और भंडारण पर रोक लगाने के लिए नियम बनाने तथा कार्रवाई करने का अधिकार प्राप्त है.

### धोबी मुहल्ला जलमग्न, ग्रामीणों में बढ़ा आक्रोश



**राहे।** लगातार मूसलाधार बारिश के चलते राहे प्रखंड के धोबी मुहल्ला में जलजमाव की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई है. रविवार को गली में पानी घुटनों से ऊपर बहता रहा, जिससे 40 से अधिक घरों में पानी घुस गया. ग्रामीणों ने बताया कि 18 जून से अब तक कई बार मुहल्ला जलमग्न हो चुका है, लेकिन किसी अधिकारी या जनप्रतिनिधि ने समाधान की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाया. नहर का पानी सीधा मुहल्ले में प्रवेश कर रहा है, लेकिन निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है. बीते ढाई महीने से लोग परेशान हैं. जेबीकेएसएस नेता देवेंद्रनाथ महतो, पूर्व विधायक सुदेश महतो, विधायक अमित महतो, बुंडू एसडीएम, राहे सीओ और बीडीओ ने स्थल निरीक्षण किया था, लेकिन अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिले हैं. ग्रामीणों का प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है.

### 21 सूत्री मांगों को लेकर शुरू की अनिश्चितकालीन बंदी

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के पुनर्वास केंद्र न्यू बिजैन के विस्थापित ग्रामीणों ने अपनी 21 सूत्री मांगों को लेकर एक बार फिर अनिश्चितकालीन बंदी का आह्वान किया है. रविवार को ग्रामीणों ने पिपरवार एरिया प्रबंधन को ज्ञापन सौंपकर बंदी की सूचना दी. विस्थापित नेता रंथु गंझु ने बताया कि तीन माह पूर्व भी इसी मांग को लेकर बंदी की गई थी, जिसे सीसीएल प्रबंधन द्वारा मांगों के शीघ्र समाधान के आश्वासन पर स्थगित किया गया था. लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे ग्रामीणों में भारी नाराज़गी है. ग्रामीणों की प्रमुख मांगों में लंबित मुआवजा और नौकरियां, पुनर्वास स्थल पर पार्क, स्टेडियम, सड़क, जलमीनार, स्वास्थ्य केंद्र, स्ट्रीट लाइट, पुस्तकालय, सिलाई केंद्र, विवाह भवन, आंगनबाड़ी भवन निर्माण और सफाई व्यवस्था शामिल है.

### मोहम्मद साहिल बने झामुमो चतरा जिला संगठन सचिव

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर निवासी और झारखंड मुक्ति मोर्चा के सक्रिय सदस्य मोहम्मद साहिल को झारखंड मुक्ति मोर्चा चतरा जिला का संगठन सचिव नियुक्त किया गया है. पार्टी के महासचिव बिनोद कुमार पांडेय ने इस संबंध में आदेश पत्र जारी किया है. मोहम्मद साहिल पिछले लगभग 14 वर्षों से पार्टी से जुड़े हैं और पार्टी के हित में निरंतर कार्यरत हैं. उनकी निष्ठा और मेहनत को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है. साहिल ने कहा कि वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे. उन्होंने कहा कि वे झारखंड मुक्ति मोर्चा को मजबूत करने, सदस्यता बढ़ाने और पार्टी की नीतियों को आम जनता तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे.

### बचरा उत्तरी पंचायत में आधार सेवा कैंप आयोजित

**पिपरवार।** बचरा उत्तरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह के प्रयास से बचरा उत्तरी पंचायत के मिडिल स्कूल में आज से आधार सेवा कैंप शुरू होगा. पहले आधार सेवा केंद्र न होने के कारण लोग दूर जाकर आधार बनवाने और अपडेट कराने को मजबूर थे. मुखिया ने इस समस्या को लेकर तीन दिन पहले चतरा उपायुक्त से मुलाकात कर कैंप लगाने का अनुरोध किया था, जिसे मंजूरी मिली. यह कैंप 25 अगस्त से 30 अगस्त तक चलेगा. इसमें नया आधार कार्ड बनवाने, शुद्धिकरण और अपडेट करने की सुविधा मिलेगी. मुखिया ने सभी से कैंप का लाभ उठाने की अपील की है. ग्रामीण भी इस पहल से खुश हैं.

### शहीद नमन कुजूर पुस्तकालय में कार्यक्रम

**चैनपुर ।** चैनपुर प्रखंड में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और जिला प्रशासन, गुमला के संयुक्त तत्वाधान में शहीद नमन कुजूर पुस्तकालय में एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को कानूनी सेवाओं, विशेष रूप से मुफ्त कानूनी सहायता के बारे में जागरूक करना था.कार्यक्रम में डीएलएसए से एलएडीसी बिंदेश्वर गोप और विद्या निधि शर्मा, प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा, अंचल अधिकारी दिनेश गुप्ता, जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा और कटिंग मुखिया मधुरा मिंज सहित कई गणमान्य व्यक्ति और अधिकारी मौजूद थे.कार्यक्रम की शुरुआत जेएसएलपीएस की दीदियों ने अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत करके की.

### बारिश से जनजीवन प्रभावित, कई घर क्षतिग्रस्त

**तमाड़ ।** तमाड़ प्रखंड में लगातार हो रही भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया है. दो दिनों से लोग अपने घरों में दुबके हुए हैं. बारिश के कारण नदी सतीया का जलस्तर उफान पर है, जबकि पुंडीदीरी नदी में पुलिया से लगभग 5 फीट ऊपर पानी बह रहा है. भारी बारिश से पुंडीदीरी गांव की शकुंतला देवी का घर गिर गया, लेकिन घर में परिवार के न होने से बड़ा हादसा टल गया.

**मंथन**

## पंडित राजकुमार शुक्ल परिचय के मोहताज नहीं

भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में अनेक ऐसे गुमनाम नायक हुए हैं, जिन्होंने अपने अदम्य साहस और राष्ट्रभक्ति से आंदोलन की चिंगारी को ज्वाला में बदल दिया. ऐसे ही एक महान सेनानी थे- पंडित राजकुमार शुक्ल. भले ही इतिहास की मुख्यधारा में उनका नाम बार-बार नहीं लिया जाता, पर वे उस घटना के सूत्रधार थे, जिसने महात्मा गांधी को भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन का नेतृत्व सौंपा.राजकुमार शुक्ल बिहार के चंपारण जिले के एक किसान थे. उस समय अंग्रेजों द्वारा 'तीनकठिया' प्रथा के अंतर्गत किसानों को जबरन नील की खेती करने के लिए मजबूर किया जाता था. इससे परेशान होकर शुक्ल जी ने इस अन्याय के विरुद्ध आवाज़ उठाई. वे स्वयं पढ़े-लिखे नहीं थे, लेकिन उनमें इतनी दूरदृष्टि और हिम्मत थी कि वे गांधीजी से मिलने अहमदाबाद तक पहुंच गए.उनके आग्रह और दृढ़ संकल्प ने ही गांधीजी को चंपारण आने के लिए प्रेरित किया, जहाँ से गांधीजी का सत्याग्रह आंदोलन प्रारंभ हुआ. यह आंदोलन न केवल किसानों को न्याय दिलाने में सफल हुआ, बल्कि देशव्यापी स्वतंत्रता आंदोलन की नींव भी बना.पंडित राजकुमार शुक्ल का योगदान आज भी प्रेरणास्रोत है. उन्होंने दिखा दिया कि सच्ची लगन, निडरता और न्याय की भावना से कोई भी व्यक्ति बदलाव का सूत्रधार बन सकता है. वे सचमुच परिचय के मोहताज नहीं, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम की नींव के एक मजबूत पत्थर थे. ऐसे अमर सेनानी को शत-शत नमन.

**नजरिया**

## भगवान गणेश : विघ्नहर्ता धन और समृद्धि के प्रतीक

भारतवर्ष में भगवान गणेश को विघ्नहर्ता, बुद्धि और समृद्धि के देवता के रूप में पूजा जाता है. वे प्रथम पूज्य हैं, अर्थात किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत उनसे ही होती है. लेकिन भगवान गणेश केवल बाधाओं को दूर करने वाले देवता नहीं, बल्कि धन, सुख और समृद्धि के भी प्रतीक माने जाते हैं.गणेश जी का स्वरूप ही उनके गुणों का प्रतीक है. उनका बड़ा मस्तक बुद्धि और ज्ञान का, विशाल पेट सब कुछ सहन करने की क्षमता का, और उनका मूषक वाहन विनम्रता व संकल्प का प्रतीक है. उनकी चार भुजाएं, जिसमें एक हाथ में लड्डू, समृद्धि और आनंद का प्रतीक माने जाते हैं, यह दिखाती हैं कि जीवन में सुख और धन प्राप्त करना तभी संभव है जब हम बुद्धि, धैर्य और आत्मसंयम से कार्य करें.गणेश पूजा का विशेष महत्व व्यापारियों और गृहस्थों के जीवन में है. विशेष रूप से गणेश चतुर्थी के पर्व पर लोग भगवान गणेश से न केवल विघ्नों के नाश की प्रार्थना करते हैं, बल्कि अपने जीवन में समृद्धि, सफलता और धन की प्राप्ति की भी कामना करते हैं. वास्तु और ज्योतिष शास्त्र में भी माना गया है कि घर में गणेश जी की मूर्ति या चित्र लगाने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, जो आर्थिक उन्नति में सहायक होता है.अतः गणेश पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह जीवन में स्थिरता, सुख-समृद्धि और धन-संपदा को आमंत्रित करने का एक मार्ग भी है. जब श्रद्धा, समर्पण और सत्य के साथ गणेश पूजन किया जाता है, तो वह न केवल आध्यात्मिक शांति देता है, बल्कि भौतिक सुखों का भी आधार बनता है.

# वनवासी समाज में पहाड़ है जीवन का प्राणस्थल

**डॉ मयंक मुरारी**



**प्रकृति के प्रकोप के कारण हमारे जीवन से आशा व संवेदना खत्म हो गयी है**

पहाड़ इलाके में आपदा अपवाद नहीं है. बाढ़, भूस्खलन, बादल फटना, पहाड़ का टूटना एक घटनाभर नहीं है.यह तकनीकी रूप से श्रेष्ठ निर्दयी पृथ्वीवासी की लापरवाही और क्रूरता है जो एक हरे भरे ग्रह के संसाधनों और निवासियों का शोषण करते हैं, जिसे वनवासी कहा जाता है. पहाड़, जंगल और नदियों के शोषण की कहानी हमारे विकास के साथ जुड़ी है. वरुण, अरुण, आकाश, अग्नि, थलचर, जलचर और पाथर से संवाद करनेवाले भारतीय समाज की सोच ऐसे कैसे हो गयी कि वह धरती और मनुष्य को विकसित और अविकसित में बांटकर देखने लगा. पहाड़ दरकने और प्रकृति के प्रकोप के कारण हमारे जीवन से आशा, शांति और संवेदना खत्म हो गयी है. लेकिन इसका सबसे बड़ा प्रभाव हमारी शांति पर हुआ है. अंतहीन विकास का जुनून इस कदर हावी है कि हम अब दूसरे ग्रह पर भी अपने भोगवादी सोच का विजयी पताका फहराना चाहते हैं.

पहाड़ एक पर्यटन स्थल नहीं है. यह वनवासी समाज की दिव्यता से जुड़ा प्राणस्थल है, जहां देवताओं की सभाएं होती हैं. हम पहाड़ का आदर करें, वह कोई विजय करने का चीज नहीं है, बल्कि उसके संग दिव्यता, विराटता और विविधता को जीवन में उतारने का स्थल है. सृष्टि में एक पहाड ही विराटता का बोध करता है, जहां दिव्य ऊर्जा की अनुभूति होती है. वनवासी समाज का मानना है कि पवर्त भी जीवन से परिपूर्ण है और उनके रूप व आकार में परिवर्तन होता है. यह बात ही हमें जीवन के ऊध्वगामी करती है.

वनवासी मानते हैं कि पहाड़ में भी जीवन है, उसमें भी इंद्रियों का वास है. पहाड़ पुल है. धरती और आकाश के बीच का. वह अचल हैं, वह भूधर हैं. इसलिए चोटी पर आकाश को थामता है और भूमि पर धरती को मजबूत करता है. व्यक्ति के जीवन में ऊर्जा चाहिए. पहाड़ उसके संग्रह का माध्यम है. इसकी कंदराएं, चोटियां, गतिमान नदियां, वनस्पतियों एवं जंगलों में बैठा व्यक्ति प्राचीन काल से शरीर को पहाड़ की भांति सशक्त एवं ऊर्जावान बनाता रहा है. तपोबल एवं शक्ति का प्रतीक कैलाश, मानसरोवर, क्षीणसागर, सागरमाथा, गंगोत्री, संजीवनी से परिपूर्ण वनस्पतियां हमारे जीवन को परिपूर्ण बनाती रही है. एकदम भौतिक धरातल पर सोचे, तो यह हवाओं को रोककर बारिश करती है. धरती को पानी एवं हरियाली प्रदान करता है. मानव को उसकी सोच एवं शक्ति को चुनौती प्रदान करता है, उसे राह दिखाता है. एक विराटता की ओर अग्रसर होने के लिए. आप किसी जंगल, पहाड़ और नदियों के किनारे गांव में चले जाईए. वह अच्छी तरह से समझा देंगे कि पहाड़ क्या है ? पहाड़ निर्मल जल है, जो शरीर के अंदर जाते ही मदहोश कर देता है. स्वच्छ वायु है, जो फेफड़ों में प्रवेश के साथ ही मदमस्त बना देता है. यह आंख के लिए अप्रतिम सौन्दर्य हैं. जीवन के लिए दिशा और विचार के लिए लक्ष्य. जीवन की दौड़ से भागकर कहां जाए ? कहीं नहीं. पहाड़ हमें स्थिर होना सीखाता है. गुजरते क्षण और आते पल के बीच एक ठहराव है. गति के वशीभूत व्यक्ति उस ठहराव का सदैव उपेक्षा किया है. हलांकि स्पंदनहीन वह अंतराल ही जीवन है. आनंद है. हम भाग रहे हैं लेकिन पहाड़ का ठहराव में छिपा आनंद हमें बुला रहा है. व्यक्ति खुद पहाड़ हो सकता है. वह, जहां जाता है उसका आत्मविश्वास से भरे अंग-प्रत्यंग साथ जाते हैं. यह संकल्प ही पहाड़ है, जो नदियों की तरह अपने अंदर से तरल रस को बाहर लाता है. सबके अंदर नदी बसा है. सबको बहने की जरूरत है, न कि संग्रह करने की.

बचपन में यह पहाड़ अपने कंधों पर चांद को उठाकर अपने पास बुलाता है. सपना देखना सीखता है. वह बचपन के सपने बाद में पहाड़ सा मजबूत इरादे बनते हैं. पहाड है कैलाश. यह हिंदू, बौद्ध, जैन और तिब्बती सभी का तीर्थस्थल है. पहाड़ के नाम है अन्नपूर्णा, कंचनजंघा, सागरमाथा (माउंट एवरेस्ट). नंदा देवी का हिमालय शिखर देवी नंदा और सुनंदा से जुड़ा हुआ है. हिमाचल के हरएक गांव में पहाड़ का नामाकरण माता पार्वती के नाम पर होता है. यह हर एक चोटी में माता पार्वती का निवास है.

आदिवासी जीवन में पहाड पठार और चट्टा न देवताओं का सभास्थल होता है. यहां देवता सभा करते हैं. इसलिए कई आदिवासी परंपरा में इन चट्टानां को सभा चट्टान कहा जाता है. झारखंड में सिल्ली स्थित कोंचो पहाड़ की तीन चोटियों को बड़ा माथानी, मझला माथानी और छोटा माथानी कहते है. इस पहाड़को इस क्षेत्र में कोंचो ठाकुर यानी देवता के नाम से जाना जाता है. शादी-व्याह के समय, छठी-आरता के समय, मरण कार्य एवं ग्राम पूपजा जैसे सामाजिक कार्यों में भी बड़े आदर एवं निष्ठा के साथ इन पहाड़ की पूजा की जाती है. मान्यता है कि बच्चों के जन्म के समय मन्नत रखने से उस कामना की पूर्ति होती है. लोग कामना करते हैं कि- हे कोंचो ठाकुर मेरे बच्चे को विघ्न-बाधा से बचाना तथा बुराई से अच्छाई की ओर ले जाना. तब से उस बच्चे की चूल काटना बंद कर दिया जाता है, जब तक कि वह मन्नत पूरा नहीं होता है. आदिवासी जीवन में मान्यता है कि दुख के समय यदि पहाड़ से मदद मांगी जाती है तो मदद मिलती है.

पहाड़ पुकार रहे हैं. वह पूछ रहे है कि हमें विकास कितना चाहिए. जिस हवा में हम सांस लेते हैं, जिस पानी को हम पीते हैं और जिस मिट्टी से हम अन्न लेते हैं, वह तेजी से खत्म हो रही है. जो कुछ भी जीवित रहने के लिए जरूरी है, उसे ईश्वर से निःशुल्क मानवता को उपलब्ध कराया है. परंतु मानव की लोभ, तृष्णा और भोग की अतिवादी दृष्टि उसको भी खत्म करने में लगी है. जो जीवित रहने के लिए जरूरी नहीं है, वह बढ़ रहा है, और जो कुछ भी जीवन का आधार है, वह घट रहा है. हवा, पानी, धरती, पेड़, वह क्षीण हो रहे हैं. जीवन के लिए जरूरी चीजों का डिग्रेडेशन हो रहा है. वनवासी जीवन आज भी पूछ रहा है कि जब हमारे पास पीने के लिए समूची नदियां थी, तो उसे खत्म कर एक हैंडपंप क्यों पकड़ा दिया. जिसके मरम्मत में ही दिन खत्म हो जाता है.

**आज का इतिहास**

1351 : सुल्तान फिरोजशाह तुग़लक़ तृतीय की ताजपोशी

1916 : टोटनबर्ग के युद्ध में रूस ने जर्मनी को पराजित किया.

1940 : लिथुआनिया, लातविया और एस्तोनिया सोवियत संघ में शामिल हुए.

1957 : भारतीय पोलो टीम ने विश्व कप जीता.

1963 : सोवियत संघ के नेता जोसेफ स्टालिन के सोलह विरोधियों को फाँसी पर चढ़ा दिया.

1975 : भारत पोलो विश्व विजेता बना.

1977 : सर एडमंड हिलेरी का सागर से हिमालय अभियान हल्दिया बंदरगाह से शुरू.

1980: जिम्बाब्वे संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुआ.

1991 : बेलारूस सोवियत संघ से अलग होकर स्वतंत्र देश बना.

1997 : मासूमा, इब्तेकार ईरान की पहली महिला उपराष्ट्रपति नियुक्त.

2001 : लेग स्पिनर शेनवार्न टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में 400 टेस्ट विकेट लिए.

## भारत रत्न प्राप्त डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम

**प्रेरणा**



अब्दुल कलाम का जन्म 15 अक्टूबर, 1931 को तमिलनाडु के एक गाँव धनुषकोडी में हुआ था. इनके पिता, मछुआरों को किराए पर नाव देते थे. कलाम ने अपनी पढ़ाई के लिए धन की पूर्ति हेतु अखबार बेचने का कार्य भी किया. डॉ. कलाम ने जीवन में अनेक चुनौतियों का सामना किया. उनका जीवन सदा संघर्षशील रहने वाले एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है, जिसने कभी हार नहीं मानी तथा देशहित में अपना सर्वस्व न्योछावर करते हुए, सदा उत्कृष्टता के पथ पर चलते रहे. 71 वर्ष की आयु में भी वे अथक परिश्रम करते हुए भारत को सुपर पावर बनाने की ओर प्रयासरत थे. भारत रत्न डॉ. अब्दुल कलाम भारत के 11वें राष्ट्रपति बने. वे भारत रत्न से सम्मानित होने वाले तीसरे राष्ट्रपति हैं. भारत के मिसाइल कार्यक्रम के जनक, डॉ. कलाम ने देश को 'अग्नि' एवं 'पृथ्वी' जैसी मिसाइलें देकर, चीन एवं पाकिस्तान को इनकी रेंज में लाकर, दुनिया को चौंका दिया. एक बार एयरफोर्स के पायलेट के साक्षात्कार में 9वें नम्बर पर आने के कारण (कुल आठ प्रत्याशियों का चयन करना था) उन्हें निराश होना पड़ा था. वे ऋषिकेश बाबा शिबानन्द के पास चले गए एवं अपनी व्यथा उन्हें सुनाई. बा शिवानन्द का कहने का अर्थ यह था कि असफलता से निराश होने की आवश्यकता नहीं. यह असफलता आपकी दूसरी सफलताओं के द्वार खोल सकती है. तुम्हें जीवन में कहाँ पहुँचना है, इसका पता नहीं. आप कर्म करो, ईश्वर पर विश्वास करो. डॉ. कलाम का जीवन, हर उस नवयुवक के लिए आदर्श प्रेरणा स्रोत है, जो अपने जीवन में एक असफलता मिलने पर ही निराश हो जाते हैं. डॉ. कलाम ने अपने सारे जीवन में निःस्वार्थ सेवा कार्य किया. उनका राष्ट्र प्रेम और उनका देशभक्ति का ज़ज्बा हर भारतीय के लिए सबक एवं प्रेरणा का पुंज है और हमेशा रहेगा.

**X इंडिया पर ट्रेंडिंग**



1. #CheteshwarPujara
2. #BB19JioHotstar
3. #SavePoojaPal
4. #TestCricket
5. चेतेश्वर पुजारा
6. HISTORIC WINNER KVM 30K
7. #AllIndiaSpeakersConference
8. Cameron Green
9. Sa True Story YtChannel 176K
10. Australia 89K

# बहुरंग

## 'गुस्ताख इश्क' से बड़े पर्दे पर नई शुरुआत करेंगे मनीष मल्होत्रा




फैशन की दुनिया में अपना जलवा बिखेरने के बाद मशहूर डिज़ाइनर मनीष मल्होत्रा अब बतौर फिल्ममेकर अपनी नई पारी की शुरुआत करने जा रहे हैं. उनकी पहली फिल्म 'गुस्ताख इश्क' कुछ पहले जैसा' इस साल नवंबर 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

मनीष ने सोशल मीडिया पर यह खुशखबरी शेयर करते हुए लिखा, ₹बचपन से ही सिनेमा से मेरा गहरा रिश्ता रहा है. कहानियों का जादू, बड़े पर्दे की चमक और वो भावनाएं जो फिल्म खत्म होने के बाद भी दिल में रह जाती हैं, इन सबने मुझे हमेशा से आकर्षित किया है. आज यह कहते हुए बेहद खुशी हो रही है कि मेरा सपना सच हो रहा है. मेरी पहली फिल्म 'गुस्ताख़ इश्क़' इस नवंबर में रिलीज होगी. 'उन्होंने आगे जोड़ा, इस सोमवार को मैं आप सभी के साथ फिल्म की पहली झलक शेयर करूंगा.'

डिज़ाइनिंग की दुनिया में अपनी कला से अलग पहचान बनाने वाले मनीष मल्होत्रा अब फिल्मों के जरिए अपनी रचनात्मकता को नए अंदाज़ में पेश करेंगे. 'गुस्ताख़ इश्क़' एक ऐसी फिल्म बताई जा रही है जिसमें प्यार, भावनाएं और काव्यात्मक अहसास का खूबसूरत मेल देखने को मिलेगा.




## रणवीर सिंह स्टारर 'धुरंधर' फिल्म के ट्रेलर को सेंसर बोर्ड से मिली मंजूरी

आदित्य धर के निर्देशन में बन रही रणवीर सिंह स्टारर फिल्म 'धुरंधर' को लेकर दर्शकों का उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है. दमदार स्टारकास्ट से सजी इस फिल्म में रणवीर के साथ संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, अक्षय खन्ना और आर. माधवन अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे. कुछ महीने पहले जारी किए गए फिल्म के पहले लुक को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली थी. फिलहाल लद्दाख की खूबसूरत वादियों में फिल्म की शूटिंग चल रही है. इस बीच बड़ी खबर यह है कि फिल्म के ट्रेलर को सेंसर बोर्ड की मंजूरी मिल गई है, यानी दर्शकों को अब जल्द ही इसका ट्रेलर देखने को मिलेगा.

फिल्म 'धुरंधर' का ट्रेलर हाल ही में सेंसर बोर्ड के सामने पेश किया गया था. सीबीएफसी ने ट्रेलर को यू/ए सर्टिफिकेट प्रदान कर दिया है, जिससे इसकी रिलीज़ का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है. बोर्ड की वेबसाइट के मुताबिक ट्रेलर की लंबाई 2 मिनट 42 सेकंड है. हालांकि, मेकर्स ने अभी तक इसकी आधिकारिक रिलीज़ डेट शेयर नहीं की है, लेकिन कयास लगाए जा रहे हैं कि दर्शकों को यह ट्रेलर बहुत जल्द देखने को मिलेगा.

रणवीर सिंह के जन्मदिन 6 जुलाई को मेकर्स ने फिल्म 'धुरंधर' का फर्स्ट लुक जारी किया था, जिसने दर्शकों के बीच उत्साह और भी बढ़ा दिया. इसमें सभी कलाकारों का डैशिंग अवतार नज़र आया, जबकि रणवीर सिंह और संजय दत्त के लुक ने खास तौर पर ध्यान खींचा. सेट से सामने आए कई वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं. हर एक्टर की अपीयरेंस ने फैंस को चौंकाया है, जिससे फिल्म से जुड़ी उम्मीदें और ज्यादा बढ़ गई हैं.

यह फिल्म एक हाई-ऑक्टेन स्पाई थ्रिलर है, जो 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी. इसमें रणवीर सिंह एक सीक्रेट एजेंट की भूमिका निभा रहे हैं, जो पाकिस्तान में रहकर आतंकवादियों के खिलाफ लड़ाई लड़ते दिखाई देंगे.

## 'जॉली एलएलबी 3' से पहले याद करें वो 5 धमाके, जिन्होंने कोर्टरूम को बना दिया था कॉमेडी का मैदान




**'जॉली एलएलबी 3'** रिलीज़ के बेहद करीब है और फैन्स के एक्साइटमेंट का लेवल आसमान छू रहा है. लेकिन नई जंग शुरू होने से पहले क्यों ना एक बार पुराने दोनों पार्ट्स को याद कर लिया जाए? ये फ्रैंचाइज़ी सिर्फ़ कोर्टरूम ड्रामा नहीं रही, बल्कि इसमें ह्यूमर, सटायर और समाज की कड़वी सच्चाइयों का ऐसा तड़का लगा, जिसने इसे बॉलीवुड की सबसे अनोखी सीरीज़ बना दिया. तो चलिए देखते हैं वो 5 बातें, जिन्होंने जॉली एलएलबी को हमेशा के लिए यादगार बना दिया.

**सटायर + ह्यूमर का जबरदस्त कॉम्बिनेशन:** फ्रैंचाइज़ी की सबसे बड़ी यूएसपी रही है इसकी तीखी डायलॉगबाज़ी और पंचलाइन. कोर्टरूम के बीच छिड़ी बहसें जब मज़ाक में बदल जातीं, तो दर्शक हंसते-हंसते लोटपोट हो जाते. यहीं 'जॉली एलएलबी' ने साबित किया कि स्मार्ट कॉमेडी भी समाज की गहरी बातें कह सकती है.

**नाइंसाफी से जंग, हर हाल में:** चाहे 'जॉली एलएलबी' में अरशद वारसी का जॉली बमन ईरानी जैसे दिग्गज वकील से भिड़े, या फिर 'जॉली एलएलबी 2' में अक्षय कुमार का जॉली निजी दुख झेलने के बाद भी न्याय की लड़ाई लड़े, दोनों कहानियों ने हमें असली अंडरडॉग हीरो दिया, जिसके लिए तालियाँ अपने आप बज उठीं.

**जज त्रिपाठी, अफरा-तफरी का बैलेंस:** सौरभ शुक्ला का किरदार जज त्रिपाठी दोनों फिल्मों की रीढ़ की हड्डी रहा. उनका डेडपैन ह्यूमर, सटीक टाइमिंग और अफरा-तफरी के बीच संतुलन ने उन्हें दर्शकों का फेवरेट बना दिया. उनके कई सीन आज भी कल्ट स्टेटस पा चुके हैं.

आइकॉनिक कोर्टरूम मोमेंट्स चौंकाने वाले ट्विस्ट, तगड़ी बहसें और अचानक से कॉमिक रिलीफ़, इन फिल्मों ने कोर्टरूम को एक नए लेवल पर पहुंचा दिया. ये वो सीन थे, जिन्हें देखकर हर किसी को लगा कि कोर्ट भी एंटरटेनमेंट का अखाड़ा बन सकता है.

**दो जॉली का आमना-सामना:** और अब बारी है 'जॉली एलएलबी 3' की सबसे बड़ी हाईलाइट की, पहली बार अरशद वारसी का जॉली त्यागी और अक्षय कुमार का जॉली मिश्रा आमने-सामने होंगे. दोनों की अलग सोच और अलग अंदाज़, कोर्टरूम में सबसे बड़ा ड्रामा लेकर आएंगे.

इस धमाकेदार फिल्म को लिखा और डायरेक्ट किया है सुभाष कपूर ने. 19 सितंबर को रिलीज़ हो रही जॉली एलएलबी 3 और इस बार कोर्टरूम में जो महाभारत छिड़ेगी, वो बॉलीवुड के इतिहास में सबसे बड़ी कानूनी जंग कहलाएगी.

## राशिफल




आचार्य प्रणव मिश्रा
मोबाइल नंबर 8210075897


**मेष :** अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा. ज्ञान-विज्ञान की वृद्घि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा. कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे. व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है. प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा. अवरुद्घ कार्य संपन्न हो जाएंगे. धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. शुभांक-2-5-7

**वृष :** महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें. रूकावटें आएंगी. कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे. किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा. जल्दबाजी में कोई भूल संभव है. कार्य भार बढ़ेगा. स्वविवेक से कार्य करें. समय व्ययकारी सिद्घ होगा. शुभांक-2-6-8

**मिथुन :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए. कल का परिश्रम आज लाभ देगा. लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं. खान-पान में सावधानी रखें. स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा. अच्छे समय इन्तजार करें. कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें. शुभांक-1-4-6

**कर्क :** राजकीय कार्यों से लाभ. सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा. अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे. अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें. रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी. यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. शुभांक-2-4-6

**सिंह :** अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी. नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे. यात्रा शुभ रहेगी. आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्घ हो रहे हैं. कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी. कल का परिश्रम आज लाभ देगा. अपने काम को प्राथमिकता से करें. साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा. शुभांक-4-6-8

**कन्या :** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं. अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे. अभिष्ट कार्य सिद्घ होंगे. निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा. बुरी संगति से बचें. सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी. वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है. शुभांक-5-7-8

**तुला :** पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा. मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी. अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे. अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा. पुरानी गलती का पश्चाताप होगा. शांतिपूर्वक कार्य करें. धार्मिक यात्रा का योग हैं. शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** स्वास्थ्य मध्यम रहेगा. दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी. कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी. बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा. पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए. लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे. व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी. शुभांक-2-5-7

**धनु :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी. नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी. शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी. जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा. व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी. कल का परिश्रम आज लाभ देगा. कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी. दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा. शुभांक-4-5-6

**मकर :** मनोरथ सिद्घ होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें. बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा. पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए. लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे. धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा. कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी. शुभांक-4-7-9

**कुंभ :** स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा. संतोष रखने से सफलता मिलेगी. नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी. शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी. जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा. व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी. शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा. शुभांक-3-5-9

**मीन :** सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे. लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी. धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी. रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है. आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी. शुभांक-3-6-8



# अंग्रेजी बोलने वाले देशों में शिक्षा के लिए जरूरी है आइलेट्स

## कैसे करें तैयारी

आप अक्सर लोगों को आइलेट्स की तैयारी के बारे में बात करते देखते होंगे। हो सकता है कि आपके बच्चे भी आइलेट्स की तैयारी कर रहे हो। आइलेट्स की परीक्षा ऑस्ट्रेलिया, यूके, न्यूजीलैंड, यूएसए और कनाडा जैसे अंग्रेजी बोलने वाले देशों शिक्षा के लिए जरूरी होती है। भारत में रहने वाले ढेर सारे बच्चे हर साल इस परीक्षा की तैयारी करते है। इस आर्टिकल में जानते है कि आइलेट्स की तैयारी कैसे करनी चाहिए। साथ ही किन बातों को ध्यान में रखना चाहिए।

### आइलेट्स का सिलेबस

आइलेट्स का सिलेबस आसान भी होता है और मुश्किल भी। परीक्षा को 4 भाग में विभाजित किया गया है जिसमें रीडिंग, स्पीकिंग, राइटिंग और लिस्टनिंग शामिल है। इन चारों मुख्य बिंदु के साथ-साथ आपको जर्नल नॉलेज पर भी अच्छी कमांड रखनी चाहिए।

### सबसे पहले पेपर को समझें

आइलेट्स की परीक्षा के दौरान उम्मीदवारों के पास 2 घंटे 45 मिनट का समय होता है। इस दौरान रीडिंग, राइटिंग, स्पीकिंग और लिसनिंग जैसे चरण पार करने होते हैं। कोशिश करें कि आप इस फॉर्मेट को समझें और उसी के मुताबिक पेपर की तैयारी करने की कोशिश करें। समय सीमा को दिमाग में रखकर तैयारी करने वाले उम्मीदवारों के लिए आईलेट्स की परीक्षा कलियर करना थोड़ा आसान होता है।

### रोजाना करें प्रैक्टिस

आइलेट्स समेत किसी भी परीक्षा की तैयारी के लिए जरूरी है कि आप रोजाना अभ्यास करें। लिखने, बोलने और सुनने से समझ आएगा कि आप कहां चूक रहे हैं। स्पीड को बढ़ाने का सबसे अच्छा तरीका भी रोजाना अभ्यास करना है।

### ऑनलाइन फ्री क्लासेस का उठाएं फायदा

आज आपको ऑनलाइन फ्री क्लासेस के कई विकल्प मिल जाएंगे। यूट्यूब समेत कई प्लेटफॉर्म पर ऑनलाइन फ्री क्लासेस दी जाती हैं जहां से आप घर बैठे-बैठे पढ़ाई कर सकते हैं।

### फ्री टेस्ट अटेम्प्ट करें

सिर्फ तैयारी करने से ही नहीं बल्कि अपनी तैयारी को देखने के लिए टेस्ट भी दें। टेस्ट देने से आपकी तैयारी किस दिशा में जा रही है और आपको कितने तैयारी की जरूरत है या साफ हो जाता है।



# डीप लर्निंग के कई उभरते क्षेत्र में बन रहे हैं करियर के अवसर

**करियर में इन लर्निंग से कम समय में बेहिसाब सफलता मिल सकती है। यह निश्चित रूप से संभव है, लेकिन इसके लिए कुछ महत्वपूर्ण बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। सबसे पहले, आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आप जिस क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं, उसमें आपकी रुचि और प्रतिभा हो। अगर आप किसी क्षेत्र में रुचि नहीं रखते हैं, तो आपको सफल होने के लिए काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। आप इन आसान तरीकों से करियर में गोल सेट कर सकते हैं और लर्निंग हासिल कर सकते हैं।**



कैरियर काउंसलर सौरभ नंदा के मुताबिक कृत्रिम मेधा ने मशीनी दुनिया को एक नई पहचान दी है। इसके नए-नए अविष्कारों से लोगों को न सिर्फ सहूलियत मिल रही है, बल्कि तकनीकी विकास से हाल के दौर में इससे जुड़े क्षेत्र युवाओं में भी काफी लोकप्रिय हो रहे हैं। आज युवा मशीन लर्निंग व डीप लर्निंग की बात कर रहे है। मशीन लर्निंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी कृत्रिम मेधा का एक भाग है। वहीं डीप लर्निंग, मशीन लर्निंग का एक भाग होने के साथ एक मल्टी न्यूरल नेटवर्क भी है, जो मस्तिष्क की संरचना और कार्य से प्रेरित होता है और उसे मशीन में उतारने की कोशिश करता है।

### सुनियोजित तरीके से क्यों रखे कदम

डीप लर्निंग के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए आप 12वीं साइंस स्ट्रीम से करने के बाद जेईई मेन, जेईई एडवांस्ड जैसी प्रवेश परीक्षाएं देकर बीटेक और बी ई ग्रेजुएशन कोर्स में दाखिला ले सकते हैं। स्नातक करने के बाद अगर आप इस क्षेत्र में अपने नॉलेज के लेवल को बढ़ाना चाहते हैं, तो पोस्ट ग्रेजुएशन में प्रवेश के लिए गेट परीक्षा देकर एमटेक और एम ई कर सकते हैं।

### सर्टिफिकेट कोर्स के क्या हैं फायदे

डीप लर्निंग के क्षेत्र में अपनी योग्यता को बढ़ाने के लिए आप ग्रेजुएशन व पोस्ट ग्रेजुएशन के बाद किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से पीजी में मशीन लर्निंग एंड बिग डाटा एनालिटिक्स, बिग डाटा आदि सब्जेक्ट में सर्टिफिकेट कोर्स कर के अपने करियर को शेप दे सकते हैं। ये सर्टिफिकेट कोर्स न केवल आपकी योग्यता को बढ़ाने में मदद करेंगे, बल्कि इस क्षेत्र में आपको प्रैक्टिकल स्किल्स भी दिलाएंगे।

### इंटर्नशिप से ऐसे करें शुरुआत

अगर आप डीप लर्निंग के क्षेत्र में अभी शुरुआती पढ़ाव पर है, तो ऐसी कंपनियों की तलाश करें, जहां आप बतौर इंटर्न के तौर पर न्यूरल नेटवर्क, डाटा विश्लेषण और मशीन लर्निंग के क्षेत्र में कार्य करके अपना अनुभव बढ़ा सकते है। इंटर्नशिप के साथ-साथ नेटवर्किंग में सक्रिय रहें, मजबूत ऑनलाइन मौजूदगी बनाएं और काम के क्षेत्र में अपने स्किल्स और क्रिएटिविटी को भी समय-समय पर अपने मैनेजर के सामने प्रजेंट करें। उन कंपनियों को तलाशें जहां न्यूरल नेटवर्क और मशीन लर्निंग में इंटर्नशिप की जा सकती हो। इससे आप अपनी प्लानिंग को आसानी से इंप्लिमेंट कर पाएंगे।

### क्या है जरूरी योग्यताएं

डीप लर्निंग इंजीनियर बनने के लिए आपके पास औपचारिक शैक्षिक योग्यताओं के अलावा इस क्षेत्र से संबंधित कौशल का होना भी अनिवार्य है। आपको क्लाउड कंप्युटिंग का ज्ञान, एल्गोरिदम की समझ और पाइथन, जावा, जावा स्क्रिप्ट जैसी प्रोग्रामिंग लैंग्वेजेज का ज्ञान होना बेहद जरूरी है।

### संभावनाएं व सैलरी

एक डीप लर्निंग इंजीनियर के लिए विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी के अवसर मौजूद हैं, जिनमें सेवाएं शामिल हैं। वहीं, कैरियर काउंसलर का मानना है कि सफल करियर बनाने के लिए अलग-अलग अनुभव लेना, उन्हें समझना और उन अनुभवों से अपने आपको सही रास्ता दिखाना बहुत जरूरी होता है।

- सॉफ्टवेयर और सूचना सेवाएं
- मैन्युफैक्चरिंग
- वित्त व बीमा
- हेल्थ केयर एंड सोशल असिस्टेंट
- व्यावसायिक
- वैज्ञानिक एवं तकनीकी

सैलरी पैकेज की बात की जाए, तो एक जूनियर डीप लर्निंग इंजीनियर प्रतिमाह लगभग 50 हजार रुपये और सीनियर डीप लर्निंग इंजीनियर प्रतिमाह लगभग 80 हजार रुपये तक कमा सकता है।



# मेडिकल टूरिज्म के क्षेत्र में करियर बनाएं करियर

भारत मेडिकल टूरिज्म के लिए आकर्षक डेस्टिनेशन बना हुआ है। हर साल मेडिकल टूरिस्ट की संख्या में वृद्धि हो रही है और इसकी वजह से इस क्षेत्र में जॉब के मौके भी खूब देखे जा रहे हैं। माना जा रहा है कि दुनिया के दूसरे विकसित देशों के मुकाबले भारत में उपलब्ध सस्ते मेडिकल ट्रीटमेंट और एजुकेशन सर्विसेज के कारण यह मेडिकल टूरिज्म का ग्लोबल हब बन सकता है। 2027 तक हेल्थकेयर सेक्टर में करीब 40 मिलियन से ज्यादा जॉब जेनरेट होने का अनुमान है। साफ है कि मेडिकल टूरिज्म सेक्टर में युवाओं के लिए अपॉर्च्युनिटीज की कमी नहीं रहेगी।


### क्या है मेडिकल टूरिज्म

छुट्टियों में लोग ऐसे स्थानों पर जाना चाहते हैं, जहां वे पर्यटन का लुत्फ तो उठा ही सकें, उनके शौक व स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति भी हो जाए। इस कारण से देश में ऐसे केंद्रों का विकास हो रहा है, जहां हीलिंग ट्रेडिशंस, आयुर्वेद, योग, मेडिटेशन, एरोमाथेरेपी, यूनानी व सिद्धा, होम्योपैथी, तिब्बती चिकित्सा, नेचुरोपैथी, एक्यूपंचर और एक्यूप्रेशर, जेम थेरेपी, रेकी हीलिंग, चाक थेरेपी, बॉडी मसाज और ऑयल थेरेपीज की सुविधाएं उपलब्ध हैं। बड़ी ट्रैवल एजेंसियों में मेडिकल टूरिज्म का अलग विभाग होता है। मेडिकल टूरिज्म को मेडिकल ट्रैवल भी कहते हैं, जिसमें टूरिज्म इंडस्ट्री और मेडिकल केयर के सहयोग से विदेशी या देशी पर्यटकों को कम खर्च पर मेडिकल की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। ट्रीटमेंट के साथ-साथ सैलानियों को उस जगह या देश को एक्सप्लोर करने का मौका भी दिया जाता है। उन्हें अपने घर जैसा एहसास कराया जाता है। लोकेशन या ट्रीटमेंट प्रोसिजर के आधार पर मेडिकल वैकेशन में विदेशी सैलानियों की 10 से लेकर 50 प्रतिशत तक की बचत हो जाती है।

### योग्यता

अगर आप मेडिकल टूरिज्म के क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं तो अगर आप इस फील्ड से रिलेटेड डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स कर सकते हैं। कई इंस्टीट्यूट्स मेडिकल टूरिज्म में सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा और एमबीए कोर्स संचालित करते हैं। कैंडिडेट को ट्रैवल और टूरिज्म इंडस्ट्री के साथ लॉजिस्टिक्स, हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री की भी जानकारी दी जाती है। रेगुलर के अलावा ऑनलाइन और डिस्टेंस एजुकेशन के जरिए भी मेडिकल टूरिज्म से संबंधित कोर्स किए जा सकते हैं।





**इंटरनेट के जमाने में एक अच्छी बात यह हुई है कि लोग घर बैठे काम पा सकते हैं और अच्छी खासी कमाई कर सकते हैं। ऑफिस जॉब से कतराने वालों को अब परेशान होने की जरूरत नहीं है, वे ऑनलाइन जॉब्स कर घर से भी अच्छा खासा पैसा कमा सकते हैं। ऑनलाइन कमाई आपकी आमदनी बढ़ाने का एक शानदार जरिया है और इसलिए आपको कहीं जाने की जरूरत नहीं, घर बैठे आप लाखों कमा सकते हैं।**

# आपकी आमदनी बढ़ाने का एक शानदार जरिया है ऑनलाइन जॉब

### ऑनलाइन सेलिंग

आप ऑनलाइन सेलिंग के जरिए अच्छी कमाई कर सकते हैं। ऐसे कई लोग हैं जो अपने प्रॉडक्ट को अमेजन, फ्लिपकार्ट, ईबे जैसी बड़ी शॉपिंग वेबसाइट्स पर बेचकर लाखों कमा रहे हैं। आपको सबसे पहले तय करना होगा कि कौन-सा प्रोडक्ट सेल करना चाहते हैं। इसके बाद इन साइट्स पर साइनअप करें और अपने प्रोडक्ट को बेचना शुरू कर दें। आपके ऑर्डर आपके मेल बॉक्स में आ जाएंगे और आपको इन्हें कुरियर कंपनी के माध्यम से डिलीवर करने होंगे।

### यूट्यूब से कमाएं

अभी तक भले ही आपने यूट्यूब का इस्तेमाल केवल मनोरंजन के लिए किया है तो अब जरा इसका दूसरा पहलू देख लें। आप यूट्यूब के माध्यम से अच्छा खास पैसा भी कमा सकते हैं। इसके लिए आपको इसके लिए यू-ट्यूब पर एक चैनल बनाना होगा और फिर उस पर यूनिक वीडियो अपलोड करनी होंगी। इसके बाद गूगल एडसेंस का अप्रूवल लेकर अपने हर वीडियो से आप पैसे कमा सकते हैं। जितना अधिक आपकी वीडियो देखी जाएगी, उतना ही पैसा आप कमाएंगे।

### माइक्रो जॉब्स

माइक्रो जॉब्स का सीधा सा मतलब छोटे-छोटे टास्क पूरा करने से है। छोटे-छोटे काम पूरा करने में आपको कुछ ही सेकंड्स लगेंगे लेकिन अच्छी कमाई भी होगी।

### ब्लॉगिंग

यह एक शानदार जॉब है। अगर आपको लिखने का शौक है तो ब्लॉगर के तौर पर आप घर बैठे अच्छी खासी कमाई कर सकते हैं। आप एक पेड ब्लॉग भी बना सकते हैं। अगर आपका अपना ब्लॉग है तो आप अपने ब्लॉग पर कई प्रोडक्ट्स का प्रचार कर सकते हैं। कई कंपनियां अपने प्रोडक्ट्स के प्रचार के लिए पैसा देती हैं।



शुभम संदेश
रांची, सोमवार 25 अगस्त, 2025






## सोशल मीडिया पर लिखा भावुक पोस्ट

# चेतेश्वर पुजारा ने भारतीय क्रिकेट से लिया संन्यास


- 37 साल के पुजारा ने अपने शानदार क्रिकेट करियर को अलविदा करते हुए कहा कि भारतीय जर्सी पहनना, राष्ट्रगान गाना और हर बार मैदान पर कदम रखते ही अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करना और इसका असली मतलब शब्दों में बयां करना नामुमकिन है.

**एजेंसियां । नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट टीम के 'टेस्ट स्पेशलिस्ट' कहे जाने वाले बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने रविवार को भारतीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा कर दी है. सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट में पुजारा ने अपने इस महत्वपूर्ण फैसले की जानकारी दी.

37 साल के पुजारा ने अपने शानदार क्रिकेट करियर को अलविदा करते हुए कहा कि भारतीय जर्सी पहनना, राष्ट्रगान गाना और हर बार मैदान पर कदम रखते ही अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करना और इसका असली मतलब शब्दों में बयां करना नामुमकिन है. पूरे आभार के साथ मैंने भारतीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने का फैसला किया है. आप सभी के प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद.

चेतेश्वर पुजारा ने रिटायरमेंट पोस्ट में लिखा कि राजकोट के छोटे से कस्बे से निकलकर भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा बनने का सपना देखा. तब मुझे अंदाजा भी नहीं था कि यह खेल मुझे अमूल्य अवसर, अनुभव, उद्देश्य, प्यार, और सबसे बढ़कर अपने राज्य और महान देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका देगा. पुजारा ने आगे लिखा कि मैं अपने क्रिकेट करियर में मिले अवसर और समर्थन के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन का धन्यवाद करना चाहता हूं. मैं उन




सभी टीमों, फ्रेंचाइजी और काउंटी टीमों का भी आभारी हूं, जिनका मैं इतने वर्षों में प्रतिनिधित्व कर पाया हूं. मैं अपने गुरुओं, कोचों और मार्गदर्शकों की अमूल्य सीख के बिना यहां तक नहीं पहुंच पाता. मैं उनके प्रति मैं सदैव ऋणी रहूंगा. मेरे सभी साथियों, सहयोगी स्टाफ, नेट बॉलर्स, विश्लेषकों, लॉजिस्टिक्स टीम, अंपायरों, ग्राउंड स्टाफ, स्कोरर, मीडियाकर्मियों और उन सभी लोगों का बहुत-बहुत धन्यवाद, जो पर्दे के पीछे अथक परिश्रम करते हैं ताकि हम इस प्यारे खेल में प्रतिस्पर्धा कर सकें और खेल सकें.

पुजारा ने अपने स्पॉन्सर्स, पार्टनर्स और मैनेजमेंट टीम का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने सालों तक उन पर भरोसा किया और उनके मैदान के बाहर की गतिविधियों का भी ध्यान रखा. पुजारा ने कहा कि इस खेल ने उन्हें दुनिया भर में घूमने और खेलने का मौका दिया. हर जगह उन्हें फैन्स का भरपूर प्यार और समर्थन मिला. इसके लिए वह हमेशा आभारी रहेंगे.

पुजारा ने कहा कि यह सफर उनके परिवार के बिना संभव नहीं था. उन्होंने माता-पिता, पत्नी पुजा, बेटी अदिति, ससुराल और परिवार के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया. पुजारा ने लिखा कि परिवार के त्याग और समर्थन ने उनके इस सफर को सार्थक बनाया. अंत में उन्होंने कहा कि अब वे जीवन के अगले पड़ाव में अपने परिवार के साथ ज्यादा समय बिताने और उन्हें प्राथमिकता देना चाहते हैं. उन्होंने सभी लोगों को प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया.

टेस्ट में शानदार रहा रिकॉर्डचेतेश्वर पुजारा का टेस्ट में करियर बेहद शानदार रहा. उन्होंने भारतीय टीम के लिए 103 टेस्ट मैचों में 43.60 की औसत से 7195 रन बनाए. इस दौरान उन्होंने 19 शतक और 35 अर्धशतक लगाए. टेस्ट में उनका सर्वाधिक स्कोर नाबाद 206 रन रहा. पुजारा ने भारत के लिए पांच एकदिवसीय मुकाबले भी खेले, जिसमें उन्होंने 51 रन बनाए.

## बीसीसीआई, गौतम गंभीर समेत पूर्व दिग्गजों ने दी चेतेश्वर पुजारा को शानदार टेस्ट करियर के लिए बधाई



**नई दिल्ली** । भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी टेस्ट बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने भारतीय क्रिकेट के सभी प्रारुपों से सन्यांस ले लिया है. उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर क्रिकेट को अलविदा कहा. उनके सन्यांस पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई), भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर समेत कई पूर्व खिलाड़ियों ने पुजारा को शानदार टेस्ट करियर के लिए बधाई दी है. बीसीसीआई ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, "103 टेस्ट, 7195 रन, 16217 गेंदों का सामना, 19 शतक और 35 अर्धशतक. टेस्ट क्रिकेट में टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व करने वाले सबसे साहसी और बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक चेतेश्वर पुजारा - शानदार टेस्ट करियर के लिए बधाई और आगे के सफर के लिए शुभकामनाएं." भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने पुजारा को उनके क्रिकेट करियर के लिए बधाई देते हुए एक्स पर लिखा, "जब तूफान आया, तब वे डटे रहे, जब उम्मीदें धूमिल हो रही थीं, तब उन्होंने संघर्ष किया. बधाई हो, पुज्जी." भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल ने पुजारा के संन्यास पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, "धन्यवाद, पुज्जी भाई." भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने पुजारा के साथ मैदान पर बिताए पलों को याद किया. उन्हें लिखा कि सिडनी से लेकर गाबा तक मेरी कुछ बेहतरीन यादें आपके साथ बल्लेबाजी करते हुए जुड़ी हैं. मैं हमारी साझेदारियों और भारतीय क्रिकेट में आपके योगदान को हमेशा संजो कर रखूंगा. पुज्जी भाई, आपके शानदार टेस्ट करियर के लिए बधाई और आपके भविष्य के लिए शुभकामनाएं. पूर्व दिग्गज बल्लेबाज वीरेन्द्र सहवाग ने लिखा, "शानदार टेस्ट करियर के लिए बधाई चेतेश्वर पुजारा. आपका धैर्य, दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत प्रेरणादायक थी और आपने जो हासिल किया है उस पर आपको गर्व हो सकता है. एक यादगार दूसरी पारी के लिए शुभकामनाएं." पूर्व स्टार ऑलराउंडर युवराज सिंह ने लिखा, "एक ऐसा व्यक्तित्व जिसने हमेशा देश के लिए अपना तन, मन और आत्मा समर्पित कर दिया. आपके शानदार करियर के लिए ढेरों बधाई पूजी. फिर मिलेंगे." पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना ने लिखा, "बधाई हो भाई चेतेश्वर पुजारा. शानदार करियर के लिए आपको और आपके परिवार को शुभकामनाएं. शानदार रिकॉर्डचेतेश्वर पुजारा का टेस्ट में करियर बेहद शानदार रहा. उन्होंने भारतीय टीम के लिए 103 टेस्ट मैचों में 43.60 की औसत से 7195 रन बनाए. इस दौरान उन्होंने 19 शतक और 35 अर्धशतक लगाए. टेस्ट में उनका सर्वाधिक स्कोर नाबाद 206 रन है. पुजारा ने भारत के लिए पांच एकदिवसीय मुकाबले भी खेले, जिसमें उन्होंने 51 रन बनाए. उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 278 मैच खेले, जिसमें उन्होंने 21,301 रन बनाए. उनके नाम प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 66 शतक और 81 अर्धशतक दर्ज हैं.

### लंदन में जमकर पसीना बहा रहे विराट

## लॉर्ड्स में अभ्यास के दौरान प्रशंसकों से खुल कर मिले





**एजेंसी । लंदन**

भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली इन दिनों लंदन में हैं और ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए जमकर पसीना बहा रहे हैं। शनिवार को सोशल मीडिया पर पूर्व कप्तान की कुछ तस्वीरें वायरल हुईं जिनमें उन्हें लॉड्र्स में जमकर पसीना बहाते देखा जा सकता है। इस दौरान उन्हें प्रशंसकों से भी मुलाकात करते देखा गया।

**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज खेलेंगे कोहली :** टेस्ट और टी20 क्रिकेट से संन्यास ले चुके स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अब अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर हैं। वह अगला वनडे मुकाबला ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेलते नजर आएंगे, जिसकी शुरुआत 19 अक्तूबर को होगी। इस दौरे पर तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी जिसमें कप्तान रोहित शर्मा भी खेलते नजर आएंगे। दोनों दिग्गजों ने इस दौरे के लिए अभ्यास शुरू कर दिया है।

### 'जब तक खेलूंगा...शेर की तरह खेलूंगा'

हाल ही में उत्तर प्रदेश के दाएं हाथ के बल्लेबाड स्वास्तिक चिकारा ने विराट कोहली के क्रिकेट के भविष्य को लेकर चर्चा की थी। उन्होंने बताया था कि जब आईपीएल के दौरान उनकी कोहली से मुलाकात हुई थी, तब अनुभवी बल्लेबाज ने अपने भविष्य को लेकर क्या कहा था। चिकारा ने रेवस्पोर्ट्स से चर्चा के दौरान कहा, 'विराट भैया ने कहा था जब तक क्रिकेट खेलूंगा, जब तक मैं पूरा फिट हूं। ये इम्पैक्ट प्लेयर की तरह नहीं खेलूंगा। मैं शेर की तरह खेलूंगा। मैं पूरे 20 ओवर फील्डिंग करूंगा और फिर बल्लेबाजी करूंगा। जिस दिन मुझे इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर खेलना होगा, मैं क्रिकेट छोड़ दूंगा।'

## बिहार के राजगीर में हो रहे हीरो एशिया कप 2025 के लिए भारत पहुंची जापानी हॉकी टीम

**एजेंसियां । राजगीर**

बिहार के राजगीर में हो रहे प्रतिष्ठित हीरो एशिया कप 2025 के लिए जापान की पुरुष हॉकी टीम शनिवार देर रात यहां पहुंच गई. जापान की टीम टूर्नामेंट के इतिहास में पांच बार चौथे स्थान पर रही है, लेकिन अभी तक पोडियम पर जगह नहीं बना पाई है.



एफआईएच विश्व रैंकिंग में वर्तमान में 18वें स्थान पर काबिज जापान को मेजबान भारत, चीन और कजाकिस्तान के साथ पूल ए में रखा गया है. वे अपने अभियान की शुरुआत 29 अगस्त को कजाकिस्तान के खिलाफ करेंगे और उसके बाद 31 अगस्त को मेजबान भारत से भिड़ेंगे, जो एक बेहद रोमांचक मुकाबला होने की उम्मीद है. अपने अंतिम पूल मैच में जापान की टीम एक सितंबर को चीन से भिड़ेगी. हॉकी इंडिया की ओर से रविवार को जारी बयान में जापान टीम के कप्तान राइकी फुजीशिमा ने कहा कि हम इस शहर में अपने पहले टूर्नामेंट के लिए यहां आकर बेहद उत्साहित हैं. हमारा मुख्य लक्ष्य एशिया कप जीतकर 2026 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना है और इसके लिए हम पूरी ताकत से खेलने के लिए प्रतिबद्ध हैं. टीम पूरे टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और शीर्ष स्तरीय हॉकी का प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित है. उन्होंने कहा, ₹इसमें कोई शक नहीं कि हमारी सबसे कड़ी परीक्षा भारत के खिलाफ होगी. वे इस प्रतियोगिता में सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम है और उन्हें घरेलू मैदान पर भी मजबूत समर्थन का फायदा मिलेगा, लेकिन हमें अपनी क्षमताओं पर भरोसा है. हमें इस बार जीत हासिल करने और पोडियम पर जगह बनाने का पूरा भरोसा है.

## अफगानिस्तान ने की 17 सदस्यीय टीम की घोषणा

**एजेंसियां । नई दिल्ली**

**एशिया कप 2025**

अफगानिस्तान ने अगले महीने से शुरु हो रहे एशिया कप 2025 के लिए रविवार को अपनी टीम की घोषणा कर दी है. टीम की कमान स्टार खिलाड़ी राशिद खान को सौंपी गई है. एशिया कप के लिए घोषित 17 सदस्यीय स्क्वाड में कई अनुभवी और युवा खिलाड़ी शामिल हैं. मोहम्मद नबी, अजमतुल्लाह उमरजई जैसे स्टार ऑलराउंडर और नूर अहमद, कप्तान राशिद खान तथा मुजीब उर रहमान की स्पिन गेंदबाजी टीम को मजबूती प्रदान करेगी. तेज गेंदबाजों में नवीन-उल-हक, फजलहक फारूकी और फरीद मलिक जैसे खिलाड़ी शामिल हैं. टीम की बल्लेबाजी भी काफी मजबूत दिख रही है. एशिया कप से पहले अफगानिस्तान की टीम 29 अगस्त से शारजाह (संयुक्त अरब अमीरात) में शुरू होने वाली टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला में यूएई और पाकिस्तान के साथ खेलेगी. इसमें अफगानिस्तान द्वारा पहले घोषित 22 सदस्यीय प्रारंभिक टीम के अधिकांश खिलाड़ी शामिल होंगे.

**अफगानिस्तान क्रिकेट टीम एशिया कप 2025 में अपने पहले मुकाबले में 9 सितंबर को हांगकांग, चीन से भिड़ेगी :** एशिया कप के लिए अफगानिस्तान टीम : राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, दरविश रसूली, सेदिकुल्लाह अटल, अजमतुल्लाह उमरजई, करीम जनत, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नायब, शराफुद्दीन अशरफ, मोहम्मद इशाक, मुजीब उर रहमान, अल्लाह गजनफर, नूर अहमद, फरीद मलिक, नवीन-उल-हक, फजलहक फारूकी।

**रिजर्व खिलाड़ी : वफीउल्लाह ताराखिल, नांग्याल खारोटे, अब्दुल्ला अहमदजई :** एशिया कप 9 सितंबर से होगी और फाइनल मुकाबला 28 सितंबर को खेला जाएगा। टूर्नामेंट में 8 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इन टीमों को 4-4 के 2 ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप ए में भारत, यूएई, ओमान और पाकिस्तान की टीमें हैं, जबकि ग्रुप बी में श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, हांगकांग और चीन की टीम हैं.

## भारत-ए महिला टीम टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया-ए से छह विकेट से हारी



**एजेंसियां । दिल्ली ।**

ऑफ स्पिनर एमी एडगर के पांच विकेट के बाद शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ए ने रविवार को यहां एकमात्र अनधिकृत महिला टेस्ट के अंतिम दिन भारत ए को छह विकेट से हरा दिया. एडगर ने 57 रन देकर पांच विकेट लिए. उन्होंने दिन के दूसरे ओवर में वीजे जोशीथा का विकेट लेकर अपना पांचवां विकेट हासिल किया, जिससे भारत ए की दूसरी पारी 286 रन पर सिमट गई और मेजबान टीम को 281 रन का लक्ष्य मिला.

ऑस्ट्रेलिया ए ने अनिका लियरॉयड (72), रेचल ट्रेनामन (64) और मैडी ड्रेक (68) के अर्धशतकों की बदौलत 85.3 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया. सलामी बल्लेबाज ट्रेनामन और कप्तान ताहलिया विल्सन (46) ने मेजबान टीम को शानदार शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 117 रन की साझेदारी कर भारतीय आक्रमण पर दबाव बना दिया.

जब ऐसा लग रहा था कि ये दोनों भारत ए को मुकाबले से बाहर कर देंगी तब तेज गेंदबाज साइमा ठाकोर (63 रन पर दो विकेट) ने लगातार दो ओवरों में दो विकेट झटके. उन्होंने पहले विल्सन को आउट किया और फिर ट्रेनामन को विकेटकीपर नंदिनी कश्यप के हाथों कैच आउट कराया.

इसके बाद ड्रेक और लियरॉयड ने मिलकर 136 रन की शानदार साझेदारी की. भारतीय टीम इन दोनों को आउट करने में सफल रही, लेकिन वह ऑस्ट्रेलिया की टीम को जीत से नहीं रोक पाई. इससे पहले दिन में भारत ए ने अपने कल के स्कोर आठ विकेट पर 260 रन में 26 रन जोड़े. भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 299 रन बनाए थे जिसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम ने 305 रन बनाकर मामूली बढ़त हासिल की थी.

**बैडलक** | जब बदकिस्मती का शिकार हो गए थे दिग्गज बल्लेबाज !

# वनडे में 99 रन पर रन-आउट होने वाले पांच बैटसमैन

**एजेंसी । मुंबई**

क्रिकेट में शतक से चूकना किसी भी बल्लेबाज के लिए कड़वा अनुभव होता है, लेकिन जब कोई खिलाड़ी महज एक रन की दूरी पर रन-आउट हो जाए, तो यह और भी दर्दनाक पल बन जाता है. क्रिकेट में 99 रन पर आउट होने वाले कई दिग्गज खिलाड़ियों का अनुभव बताता है कि खेल में किस्मत का भी बड़ा रोल होता है. आखिरी बार वनडे में 99 रन पर रन आउट की घटना 2007 में घटी थी. तब सचिन तेंदुलकर के साथ ऐसा हुआ था. आइए जानते हैं उन दिग्गज बल्लेबाजों के बारे में, जो 99 रन पर रन-आउट होकर पवेलियन लौटे और क्रिकेट इतिहास में बदकिस्मती का शिकार हुए.




**1. ग्रीम स्मिथ (दक्षिण अफ्रीका)**
29 नवंबर 2002 को श्रीलंका के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका के पूर्व ओपनर ग्रीम स्मिथ 99 रन पर रन-आउट हो गए. ओपनिंग में अपनी मजबूती और कप्तानी की समझदारी से पहचाने जाने वाले स्मिथ ने वनडे करियर में लगभग सात हजार रन बनाए. उनका बल्लेबाजी औसत करीब 38 का रहा और उन्होंने 10 शतक और 47 अर्धशतक जड़े. स्मिथ का खेलना सीधा-सादा था, लेकिन उनकी स्थिरता ने दक्षिण अफ्रीका को कई जीत दिलाई.

**2. सनथ जयसूर्या (श्रीलंका)**
17 जनवरी 2003 को इंग्लैंड के खिलाफ जयसूर्या 99 रन पर रन-आउट हो गए. विस्फोटक शुरुआत देने वाले जयसूर्या ने वनडे क्रिकेट में 13 हजार से ज्यादा रन बनाए. करीब 32 के औसत और 28 शतकों के साथ वे श्रीलंका के सबसे बड़े मैच विनर साबित हुए. 90 से ऊपर का उनका स्ट्राइक रेट दर्शाता है कि उन्होंने पारंपरिक ओपनिंग को बदलकर आक्रामक क्रिकेट का रास्ता खोला.

**3. एडम गिलक्रिस्ट (ऑस्ट्रेलिया)**
सात मार्च 2003 को श्रीलंका के खिलाफ गिलक्रिस्ट 99 पर रन-आउट हुए. ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर-बल्लेबाज ने लगभग 9,600 रन वनडे में बनाए. करीब 36 के औसत और 16 शतकों के साथ वे हमेशा टीम को तेज शुरुआत देते रहे. उनका स्ट्राइक रेट 97 के आसपास रहा, जो बताता है कि वे हर गेंदबाज पर दबाव बनाने में माहिर थे.

**4. इयोन मॉर्गन (आयरलैंड/इंग्लैंड) :** पांच अगस्त 2006 को स्कॉटलैंड के खिलाफ मॉर्गन 99 रन पर रन-आउट हुए. तब वह आयरलैंड के लिए खेल रहे थे. बाद में उन्हें इंग्लैंड टीम का कप्तान बनाया गया. इंग्लैंड की कप्तानी करते हुए उन्होंने 2019 वर्ल्ड कप जिताकर इतिहास रचा. वनडे में उन्होंने 7,700 रन बनाए उन्होंने.लगभग 39 की औसत से रन बनाए और 14 शतक भी जड़े. इंग्लिश क्रिकेट को आक्रामक रूप देने का श्रेय भी उन्हें ही जाता है.

**5. सचिन तेंदुलकर (भारत)**
26 जून 2007 को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मास्टर ब्लास्टर 99 रन पर रन-आउट हो गए. वह 99 के स्कोर पर रन आउट होने वाले आखिरी बल्लेबाज हैं. पिछले 18 साल से ऐसा नहीं हुआ है. हालांकि, यह उनके लंबे करियर का दुर्भाग्यपूर्ण पल था. सचिन ने वनडे में 18,426 रन बनाए, 49 शतक जड़े और लगभग हर रिकॉर्ड अपने नाम किया. 44 से अधिक का औसत और 86 का स्ट्राइक रेट उन्हें क्रिकेट का महान खिलाड़ी बनाता है.

## एशिया कप के बाद बांग्लादेश के साथ सीमित ओवरों की सीरीज खेलेगा अफगानिस्तान

**एजेंसियां । नई दिल्ली**

अफगानिस्तान क्रिकेट टीम एशिया कप 2025 के बाद अक्टूबर में बांग्लादेश के खिलाफ तीन एकदिवसीय और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज खेलेगी. टी-20 मैच संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के शारजाह में खेले जाएंगे, जबकि एकदीवसीय मैच अबू धाबी में खेले जाएंगे. सीरीज की मेजबानी अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) करेगा.



एसीबी ने रविवार को बताया कि वह 2 से 14 अक्टूबर तक यूएई में तीन एकदिवसीय और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों वाली सफेद गेंद की सीरीज के लिए बांग्लादेश की मेजबानी करेगा. सीरीज की शुरुआत टी20 मैच से होगी और दोनों टीमें 2 अक्टूबर को पहले टी20 मैच में आमने-सामने होंगी, जबकि दूसरा और तीसरा टी20 मैच 3 और 5 अक्टूबर को खेला जाएगा. टी20 सीरीज के बाद तीन एकदिवसीय मैच खेले जाएंगे, जो उसी महीने 8, 11 और 14 अक्टूबर को होंगे.

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सीईओ नसीब खान ने कहा कि यह दौरा हमारी साझेदारी की मजबूती और तटस्थ स्थानों पर भी विश्वस्तरीय क्रिकेट अनुभव प्रदान करने की हमारी संयुक्त प्रतिबद्धता को दर्शाता है.

# पूर्णिया में राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' में उमड़ा जनसैलाब

संवाददाता । पूर्णिया



कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' 24 अगस्त को पूर्णिया में अभूतपूर्व जनसमर्थन के साथ सम्पन्न हुई. बिहार के विभिन्न जिलों से पहुंचे हजारों लोग इस यात्रा में शामिल हुए और इसे जनआंदोलन का रूप दे दिया. यात्रा की शुरुआत बेलौरी से हुई, जो लाइन बाजार, पंचमुखी मंदिर, रामबाग होते हुए कसबा की ओर बढ़ी और फिर अररिया के लिए रवाना हुई. राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव बुलेट गाड़ी पर सवार होकर काफिले का नेतृत्व कर रहे थे. उनके पीछे सैकड़ों वाहनों और पैदल चल रहे समर्थकों का हुजूम देखने को मिला. जगह-जगह लोगों की भीड़ ने यात्रा का स्वागत किया. इस दौरान पूर्णिया शहर पूरी तरह थम गया और कई इलाकों में घंटों जाम लगा रहा. करीब 5 किलोमीटर तक लंबी कतार में वाहन और पैदल लोग खड़े रहे. ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ी. पुलिस ने पहले ही एडवाइजरी जारी कर पूर्णिया–महेशपुर–चौंदपुर मार्ग, गुड्डा चौक, जीरो माइल, बेलौरी चौक, फोर्ड चौक, पंचमुखी मंदिर, रामबाग, कप्तान पुल, लाइन बाजार और रजनी चौक समेत कई मार्गों पर सुबह से दोपहर तक वाहनों की आवाजाही रोक दी थी. राष्ट्रीय राजमार्ग 131ए और पूर्णिया–अररिया मार्ग पर भी सुबह से दोपहर तक यातायात बंद रहा. हालांकि आपातकालीन सेवाओं जैसे एम्बुलेंस और अग्निशमन वाहनों को छूट दी गई थी. इस बीच राहुल गांधी ने पूर्णिया शहर में मोटरसाइकिल चलाकर लोगों का अभिवादन किया. यात्रा पथ पर चप्पे-चप्पे पर कांग्रेस और राजद कार्यकर्ता सजधज कर उनका स्वागत करते दिखे. पुलिस ने भीड़ नियंत्रण के लिए अलग-अलग स्थानों पर बल की तैनाती की और नागरिकों को किसी भी समस्या पर यातायात थाना प्रभारी (मोबाइलः 9031827677) और पुलिस वाहन नियंत्रक (मोबाइलः 9031827778) से संपर्क करने की अपील की.

## पटना समेत कई जिलों में 29 अगस्त तक बारिश और वज्रपात का अलर्ट

संवाददाता । पटना

बिहार के कई जिलों में मानसून पूरी तरह से सक्रिय है. मौसम विज्ञान केंद्र ने रविवार को पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीवान, सारण, गोपालगंज, भागलपुर, बांका, जमुई, मुंगेर और खगड़िया में अनेक स्थानों पर बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है. वहीं रविवार और सोमवार को बक्सर, भोजपुर, रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद, अरवल, पटना, गया, नालंदा, शेखपुरा, नवादा, बेगूसराय, लखीसराय, जहानाबाद में बारिश और वज्रपात के आसार हैं.

**29 अगस्त बिहार के इन इलाकों में बारिश के आसार :** मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, 26 से 29 अगस्त तक उत्तर पश्चिम, उत्तर मध्य, उत्तर पूर्व, दक्षिण पश्चिम, दक्षिण मध्य और दक्षिण पूर्व बिहार में कुछ स्थानों पर बारिश के आसार हैं. अगले चार दिनों के दौरान बिहार के अधिकार भागों में अधिकतम और न्यूनतम तामपान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होने के आसार है. पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक गर्मी छपरा में पड़ी. यहां का अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. वहीं दक्षिण पश्चिम भाग में एक से तीन डिग्री तक कमी दर्ज की गई. सबसे कम गर्मी पश्चिम चंपारण के वाल्मिकीनगर में पड़ी. यहां का न्यूनतम तापमान 24.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. बक्सर में 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली.

**पटना के कई इलाकों में सुबह से ही बारिश :** पटना में सुबह से ही बारिश हो रही है. धूप नहीं निकली है. रुक-रुककर हो रही बारिश ने तापमान में गिरावट तो ला दी है लेकिन कई इलाकों में जलजमाव के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है. मुजफ्फरपुर में मौसम में परिवर्तन के साथ ही बारिश शुरू होते ही लोगों को गर्मी से राहत मिलने लगी है. हालांकि बारिश हल्की है, लेकिन तेज हवाओं के कारण लोगों को ठंडक का एहसास हो रहा है. राजेंद्र कृषि मौसम विज्ञान केंद्र ने भी बारिश के साथ तापमान में गिरावट की पुष्टि की है. स्थानीय निवासी अभिषेक कुमार ने बताया कि कई दिनों से भीषण गर्मी और उमस के कारण विकट स्थिति बनी हुई थी, लेकिन अब जाकर लोगों को राहत महसूस हो रही है. उन्होंने उम्मीद जताई कि बारिश आगे भी जारी रहे, ताकि किसान और आम जनता को और राहत मिल सके.

**उत्तर बिहार के कई जिलों में बारिश की संभावना है :** राजेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ. गुलाब ने बताया कि अगले दो दिनों तक उत्तर बिहार के कई जिलों में बारिश की संभावना है. उन्होंने कहा कि मानसून कुछ क्षेत्रों में यह काफी सक्रिय है, जिससे कहीं-कहीं बारिश कम हो रही है.

### बिहार में अब तक 98.2 फीसदी मतदाताओं के दस्तावेज जमा

# तीन लाख से अधिक नए मतदाताओं ने भरा फॉर्म

संवाददाता । पटना



बिहार में मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशित होने के बाद इंडिया गठबंधन के नेताओं ने चुनाव आयोग पर कई आरोप लगाए. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, तेजस्वी यादव के साथ वोट अधिकार यात्रा पर निकले हैं. वह चुनाव आयोग और केंद्र सरकार को लगातार घेरने की कोशिश कर रहे हैं. इसी बीच चुनाव आयोग ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मतदाता सूची प्रारूप के बारे में जानकारी दी है। कहा कि बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है.

चुनाव आयोग के अनुसार अब तक 98.2 प्रतिशत मतदाताओं के दस्तावेज प्राप्त हो चुके हैं, जबकि दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एक सितंबर है. यानी आठ दिन बाकी रहते ही अधिकांश मतदाताओं ने अपने दस्तावेज जमा कर दिए हैं.

**प्रतिदिन 1.64 प्रतिशत मतदाताओं ने दस्तावेज जमा किए :** चुनाव आयोग के अनुसार, 24 जून से 24 अगस्त यानी 60 दिनों में औसतन प्रतिदिन 1.64 प्रतिशत मतदाताओं ने दस्तावेज जमा किए. अब केवल 1.8 प्रतिशत मतदाता ही शेष हैं जिनके दस्तावेज एकत्र किए जाने बाकी हैं। यह काम बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) और हजारों स्वयंसेवकों की मदद से तेजी से किया जा रहा है. चुनाव आयोग ने बताया कि सभी 38 जिलों के डीईओ, 243 ईआरओ, 2,976 एईआरओ, 90,712 बीएलओ और 12 प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के सहयोग से यह प्रक्रिया समय पर पूरी हो रही है. आयोग को उम्मीद है कि जिस तरह एन्यूमरेशन फॉर्म समय से पहले पूरे हुए थे, उसी तरह दस्तावेजों का संग्रहण भी तय समय से पहले पूरा हो जाएगा. वहीं 3,28,847 नए मतदाता, जो एक जुलाई से एक अक्टूबर के बीच 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं, उन्होंने भी अपने फॉर्म-6 और घोषणा पत्र जमा कर दिए हैं.

**7.24 करोड़ मतदाताओं में से अब तक 0.16 प्रतिशत आपत्तियां मिलीं :** चुनाव आयोग ने कहा कि 25 सितंबर तक सभी दावों और आपत्तियों पर निर्णय लेकर अंतिम जांच पूरी कर ली जाएगी. इसके बाद 30 सितंबर को बिहार की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित कर दी जाएगी. आयोग ने बताया कि प्रारूप मतदाता सूची में शामिल कुल 7.24 करोड़ मतदाताओं में से अब तक 0.16 प्रतिशत दावे और आपत्तियां प्राप्त हुई हैं. इनमें 12 मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बीएलए की ओर से 10 दावे-आपत्तियां शामिल हैं.

## न्यूज अपडेट

### जनता को गुमराह करने निकला विपक्ष, कभी विकास की बात नहीं करता : सांसद

**फारबिसगंज/अररिया।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तथाकथित "वोट अधिकार यात्रा" के अररिया आगमन पर प्रतिक्रिया देते हुए अररिया के सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने इसे जनता को भ्रमित करने का एक असफल प्रयास बताया. सांसद ने कहा कि आजादी के बाद लंबे समय तक कांग्रेस पार्टी ने देश पर शासन किया, लेकिन न तो गरीबों का जीवन सुधरा, न ही युवाओं को रोजगार मिला और न ही किसानों को उनका उचित अधिकार. अब राहुल गांधी तथाकथित यात्राओं के माध्यम से जनता की भावनाओं से खेलना चाहते हैं. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने हर वर्ग के लोगों के जीवन स्तर को ऊँचा उठाने का काम किया है. चाहे प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, जनधन योजना, आयुष्मान भारत, PM किसान सम्मान निधि जैसी योजनाएं हों, या फिर देशभर में आधारभूत संरचनाओं का तेजी से विकास - इन सबका लाभ अररिया समेत पूरे देश की जनता को मिल रहा है. सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि राहुल गांधी के साथ मंच साझा करने वाले नेताओं का भी कोई ठोस विज़न नहीं है.

### 14 वर्षो से फरार शिवहर जिला परिषद चेयरमैन गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर ढाका थाना पुलिस ने बड़ी कारवाई करते हुए मछली व्यवसायी सलीम हत्याकांड में 14 वर्षो से फरार शिवहर जिला परिषद चेयरमैन विजय सिंह को गिरफ्तार किया है. ढाका पुलिस ने शनिवार को उनकी गिरफ्तारी शिवहर जिला परिषद कार्यालय से की है. इसकी पुष्टि करते सिकरहना डीएसपी उदय शंकर ने बताया कि वर्ष 2011 में ढाका बैरगनिया रोड में भगवानपुर गांव के समीप ढाका थाना क्षेत्र के चैनपुर ढाका निवासी मछली व्यवसायी मो. सलीम की हत्या हुई थी. पुलिस की जांच में सामने आया कि सलीम की हत्या व्यवसायिक विवाद में की गई. इसके साथ ही हत्याकांड में शामिल शूटर अमित कुमार उर्फ कन्हैया को शिवहर थाना कांड संख्या 97/10 में (दिनांक 23/06/19) में पकड़ा गया. पूछताछ के दौरान अमित कुमार ने बताया कि मछली व्यवसायी सलीम की हत्या की साजिश विजय कुमार सिंह के घर पर रची गई. थी.

### नालंदा में 20 फिट गहरे गड्ढे में कार पलटी, तीन की मौत

**पटना।** बिहार में नालंदा जिले के रहुई थाना क्षेत्र अन्तर्गत भेण्डा गांव के पास अनियंत्रित क्रेट कार शनिवार देर रात 20 फिट पानी भरे गड्ढे में पलट गई, जिससे उसमें सवार चार में से तीन की मौत दम घुटने से हो गई . पुलिस के मुताबिक जिले के रहुई थाना क्षेत्र अन्तर्गत भेण्डा गांव के पास बिहटा-सरमेरा मुख्य मार्ग एसएच-78 पर शनिवार देर रात तेज रफ्तार क्रेटा कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे 20 फीट गहरे पानी भरे गड्ढे में जा गिरी. गड्ढे में गिरने से गाड़ी में सवार चार लोगों में से तीन युवकों की दम घुटने से मौत हो गई. एक शख्स गंभीर रूप से घायल है. जिसे बिहार शरीफ के मॉडल अस्पताल में भर्ती कराया गया है. स्थानीय लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद बचाव कार्य शुरू किया गया. पुलिस और स्थानीय लोगों ने रात में अंधेरे और पानी भरे गड्ढे के कारण बचाव कार्य में काफी मुश्किलों का सामना किया. रविवार सुबह होने पर क्रेन की मदद से कार को बाहर निकाला गया, तब जाकर तीन लोगों के शव बरामद हुए. मृतकों की पहचान अभी नहीं हो सकी है, और पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### छत पर सो रहे युवक को लगी गोली, पिस्तौल बरामद

**सीवान।** सीवान जिले के बसंतपुर थाना क्षेत्र में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि थाना मुख्यालय से महज दो किलोमीटर दूर ही सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया गया. रविवार सुबह मठिया गांव में छत पर सो रहे एक युवक को गोली मार दी गई. घायल युवक की पहचान 18 वर्षीय मो. सुभान पिता पान मोहम्मद के रूप में हुई है. उसकी कनपटी पर गोली लगी है. मौके से एक पिस्तौल भी बरामद किया गया है. परिजनों के अनुसार, सुभान रोज की तरह शनिवार रात भी छत पर सोया था. सुबह लगभग 6 बजे उसके दोस्तों ने घरवालों को सूचना दी कि सुभान को गोली लग गई है. परिजनों का कहना है कि उन्होंने कोई आवाज नहीं सुनी. इस पर सवाल उठ रहा है कि दोस्तों को घटना की जानकारी सबसे पहले कैसे हुई. चचेरे भाई आशिक अली ने बताया कि हम लोग घर में ही थे, लेकिन गोली की आवाज नहीं सुनी. जब मौके पर पहुंचे तो देखा कि सुभान घायल अवस्था में पड़ा था और उसके सिर के पास पिस्तौल रखा हुआ था.

## कारोबार

### अडानी पोर्ट्स के लॉजिस्टिक्स पार्क का निर्माण शुरू

**नयी दिल्ली।** अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने कोच्चि के कलामस्सेरी में अदाणी लॉजिस्टिक्स पार्क का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है. इसका भूमिपूजन केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने किया. इस परियोजना को राज्य की 'केरल में निवेश' पहल के हिस्से के रूप में विकसित किया जा रहा है ताकि बुनियादी ढांचे और आर्थिक विकास को बढ़ावा दिया जा सके. यह ऐतिहासिक परियोजना केरल को एक लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक महाशक्ति में बदलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. कोच्चि में रणनीतिक रूप से स्थित कलामस्सेरी- एक ऐसा शहर है जो तेजी से औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स विकास के केंद्र के रूप में उभर रहा है, यह पार्क 70 एकड़ में फैला है. अदाणी लॉजिस्टिक्स पार्क को परिवहन लागत कम करने, समय पर संचालन को सक्षम करने और ई-कॉमर्स, एफएमसीजी-एफएमसीडी, फार्मास्यूटिकल्स, ऑटोमोटिव और रिटेल सहित प्रमुख क्षेत्रों में निर्यात क्षमताओं को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है.

### सोना-चांदी की कीमतों में जबरदस्त तेजी

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में जबरदस्त तेजी देखने को मिल रही है. 24 कैरेट सोना आज 840 से 860 रुपये प्रति 10 ग्राम महंगा होकर 1,01,620 से 1,01,770 रुपये के बीच बिक रहा है। वहीं, 22 कैरेट सोने की कीमत 93,150 से 93,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गई है. चांदी की कीमतों में भी जोरदार उछाल आया है और यह दिल्ली में 1,20,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही है. साप्ताहिक आधार पर सोने की कीमत में 440 रुपये और चांदी में 3,800 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी दर्ज की गई है. मुंबई, अहमदाबाद, चेन्नई और कोलकाता जैसे प्रमुख शहरों में भी सोने की कीमतें लगभग समान स्तर पर बनी हुई हैं. मुंबई और कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,01,620 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट 93,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बिक रहा है.

### पीयूष गोयल बोले- दुनिया हमारे देश की ओर देख रही

# भारत कई देशों से मुक्त व्यापार समझौते की बातचीत में

एजेंसी । नयी दिल्ली

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत इस समय यूरोपीय संघ (ईयू), अमेरिका, चिली और पेरू समेत कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की बातचीत कर रहा है. उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत की तरफ उम्मीद से देख रही है और विकसित देश हमारे साथ व्यापार समझौते करने के इच्छुक हैं. पीयूष गोयल ने बताया कि वाणिज्य मंत्रालय दिन-रात इन समझौतों की बातचीत में जुटा है. उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि सुबह जैसे ही ऑस्ट्रेलिया और जापान के दफ्तर खुलते हैं, बातचीत शुरू हो जाती है. दोपहर में यूरोप से संवाद होता है और शाम होते ही अमेरिका के साथ चर्चा शुरू हो जाती है. इसके अलावा पेरू और चिली से भी लगातार संपर्क बना हुआ है.



**अमेरिका से व्यापार समझौता अहमः** भारत और अमेरिका मार्च से द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की बातचीत कर रहे हैं. अब तक पांच दौर की बातचीत हो चुकी है. हालांकि, अमेरिका ने भारत में होने वाली छठे दौर की बैठक को स्थगित कर दिया है. यह बातचीत खास इसलिए है क्योंकि अमेरिका ने भारतीय सामान पर 27 अगस्त से 50 प्रतिशत शुल्क लगाने का फैसला किया है. अभी तक 25 प्रतिशत शुल्क लागू है. इससे भारतीय निर्यातकों पर सीधा असर पड़ सकता है.

**यूरोप और अन्य देशों से बढ़ेगा व्यापार :** यूरोपीय संघ (ईयू) और भारत के बीच भी मुक्त व्यापार समझौते पर चर्चा चल रही है. विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह समझौता हो जाता है तो यूरोप के बड़े बाजारों में भारतीय सामान को और बेहतर पहुंच मिलेगी. इसी तरह, चिली और पेरू जैसे लैटिन अमेरिकी देशों के साथ व्यापार समझौते भारत के लिए नए अवसर खोल सकते हैं.

**कारोबारी सम्मेलन में रखा दृष्टिकोणः** गोयल दिल्ली में उद्यमी और व्यापारिक नेतृत्व शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि आज भारत की पहचान एक मजबूत और भरोसेमंद कारोबारी साझेदार के रूप में हो रही है. दुनिया के देश चाहते हैं कि भारत के साथ लंबे समय तक टिकाऊ व्यापार संबंध बनें. उन्होंने कहा कि इन समझौतों से भारत के किसानों, व्यापारियों और उद्योगों को वैश्विक बाजार में नई ताकत मिलेगी.

**भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच एक दौर पूरा :** भारत और ऑस्ट्रेलिया ने आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत का एक और दौर शनिवार को पूरा कर लिया है. दोनों देशों ने दिसंबर, 2022 में एक अंतरिम व्यापार समझौते को लागू किया है. अब इसके दायरे को व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते में विस्तारित करने के लिए बातचीत कर रहे हैं.

वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) की 11वें दौर की वार्ता 18 से 23 अगस्त तक नई दिल्ली में आयोजित की गई. इसमें द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने के साझा उद्देश्य को आगे बढ़ाया गया.

### एनआरआई भी भारतीय बाजार में कूदे

# निवेश के मामले में 75% से अधिक दिखा रहे भरोसा

एजेंसी । नयी दिल्ली

गैर- आवासीय भारतीय (एनआरआई) निवेशक, निवासी भारतीयों (आरआई) की तुलना में कहीं अधिक समय तक अपने निवेश बनाए रखते हैं. फिनएज की एक डेटा रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है. 5 फीसदी से ज्यादा एनआरआई पांच साल से ज्यादा समय तक निवेशित रहे. रिपोर्ट में बताया गया है कि 75 फीसदी से अधिक एनआरआई निवेशक पांच साल से ज्यादा समय तक निवेशित रहे हैं. वहीं 65 फीसदी ने सात साल से अधिक समय तक अपने निवेश बनाए रखा है. यह प्रवृत्ति कोविड-19 जैसी बड़ी बाजार अस्थिरता के बावजूद बनी रही. इसके मुकाबले, करीब 68 फीसदी आरआई ने पांच साल या उससे अधिक समय तक निवेश जारी रखा. वहीं सात साल से ज्यादा अवधि तक निवेश बनाए रखने वाले आरआई की हिस्सेदारी 57 फीसदी रही.

**एनआरआई एसआईपी के माध्यम से बड़ी रकम निवेश कर रहे :** एनआरआई भी व्यवस्थित निवेश योजनाओं (एसआईपी) के माध्यम से बड़ी रकम का निवेश कर रहे हैं. एनआरआई निवेशकों के लिए औसत मासिक एसआईपी राशि 6,486 रुपये है. यह राशि भारतीय ग्राहकों के लिए औसत 4,093 रुपये से 58 प्रतिशत अधिक है. इसके अलावा, एनआरआई एसआईपी म्यूचुअल फंड उद्योग के औसत 2,900 रुपये से दोगुनो से भी अधिक हैं. फिनएज में भारतीय निवासी ग्राहकों का प्रदर्शन भी उद्योग के औसत से बेहतर है. उनका एसआईपी योगदान उद्योग के 2,900 रुपये के मानक से लगभग 41 प्रतिशत अधिक है.

**भारतीय के लक्ष्य-केंद्रित दृष्टिकोण को दर्शाता है :** फिनएज के सह-संस्थापक और सीईओ हर्ष गहलोत ने कहा कि हमारा डेटा वैश्विक भारतीयों के अनुशासित, लक्ष्य-केंद्रित दृष्टिकोण को दर्शाता है और हमारे एनआरआई ग्राहकों द्वारा रखे गए विश्वास को प्रमाणित करता है. हमारा उद्देश्य प्रौद्योगिकी और मानव विशेषज्ञता को मिलाकर अपने ग्राहकों को उद्देश्यपूर्ण निवेश के लिए सशक्त बनाना है.

**31 से 45 आयु वर्ग की सबसे बड़ी हिस्सेदारी :** रिपोर्ट के अनुसार, निवेशकों में 31-45 वर्ष की आयु वर्ग की सबसे बड़ी हिस्सेदारी है. इस श्रेणी में 74 फीसदी एनआरआई और 62 फीसदी आरआई शामिल हैं. यह दर्शाता है कि मध्यम करियर के पेशेवर दीर्घकालिक लक्ष्यों के लिए निवेश को प्राथमिकता दे रहे हैं. रिपोर्ट बताती है कि एनआरआई निवेश की शुरुआत आरआई की तुलना में थोड़ी देर से करते हैं. 21-30 वर्ष आयु वर्ग में सिर्फ 7 फीसदी एनआरआई निवेशक हैं, जबकि आरआई निवेशकों में यह आंकड़ा 11 फीसदी है.

**आरआई में अधिक वरिष्ठ नागरिकों की हिस्सेदारी :** वरिष्ठ निवेशकों की भागीदारी में आरआई आगे हैं. 56 वर्ष से ऊपर की उम्र में 10 फीसदी आरआई निवेश कर रहे हैं. वहीं एनआरआई में यह आंकड़ा मात्र 4 फीसदी है. यह संकेत देता है कि निवासी निवेशक सेवानिवृत्ति के बाद भी निवेश जारी रखते हैं. वहीं, 46-55 वर्ष की आयु समूह में एनआरआई निवेशक 15 फीसदी और आरआई निवेशक 17 फीसदी हैं. इसे निवेश यात्रा के 'कंसॉलिडेशन फेज' का हिस्सा माना जा रहा है, जब निवेशक अपने पोर्टफोलियो को स्थिर और सुरक्षित बनाने पर ध्यान देते हैं.

## केंद्र ने पेपर बोर्ड आयात के लिए तय की एमआईपी

एजेंसी। नयी दिल्ली

केंद्र सरकार ने कुछ श्रेणियों के कागज और पेपरबोर्ड की आयात नीति में संशोधन किया है. इसके तहत वर्जिन मल्टी-लेयर पेपर बोर्ड (वीपीबी) पर न्यूनतम आयात मूल्य (एमआईपी) लागू कर दिया गया है.

**इन वीपीबी पर प्रति मीट्रिक टन 67,220 का एमआईपी लागू :** विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) द्वारा 22 अगस्त को जारी अधिसूचना के अनुसार, HS कोड 48059100, 48059200, 48059300, 48109200 और 48109900 के तहत आने वाले VPB के आयात पर अब प्रति मीट्रिक टन 67,220 का न्यूनतम आयात मूल्य लागू होगा. यह मूल्य लागत, बीमा और भाड़ा (सीआईएफ) आधार पर निर्धारित किया गया है. डीजीएफटी ने स्पष्ट किया कि यह व्यवस्था 31 मार्च 2026 तक प्रभावी रहेगी.

**भारतीय कागज निर्माता संघ ने किया था आवेदन :** भारतीय कागज निर्माता संघ ने घरेलू उद्योग ने व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) को इंडोशियन में उत्पन्न या वहां से निर्यात किए जाने वीपीबी के आयात के संबंध में एंटी डंपिंग जांच शुरू करने के लिए आवेदन किया था. एसोसिएशन ने आरोप लगाया था कि इंडोनेशिया से डंप किए गए आयात के कारण घरेलू उद्योग को भारी नुकसान हो रहा है. उन्होंने उत्पाद के आयात पर एंटी-डंपिंग शुल्क लगाने का भी अनुरोध किया था.

**वीपीबी का इस्तेमाल :** वर्जिन मल्टी-लेयर पेपर बोर्ड का उपयोग फार्मास्यूटिकल्स, एफएमसीजी उत्पादों, खाद्य और पेय पदार्थ, इलेक्ट्रॉनिक्स, उच्च श्रेणी के सौंदर्य प्रसाधनों और शराब की पैकेजिंग, तथा पुस्तक कवर, प्रकाशन आदि में किया जाता है.

### भारतीय शहद की है दुनिया में पहचान

भारत दुनिया के प्रमुख शहद निर्यातक देशों में से एक है. कृषि मंत्रालय के एक पुराने बयान के अनुसार, भारतीय शहद के प्रमुख बाजार अमेरिका, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, बांग्लादेश, कनाडा आदि हैं. सरसों शहद, नीलगिरी शहद, लीची शहद, सूरजमुखी शहद, पोंगामिया शहद, बहु-वनस्पति हिमालयन शहद, बबूल शहद और जंगली वनस्पति शहद भारत से निर्यात किए जाने वाले शहद की कुछ महत्वपूर्ण किस्में हैं.

### दिल्ली हाईकोर्ट से ट्रैवल कंपनी की अर्जी खारिज

# 'सामान्य शब्दों को नहीं बना सकते ट्रेडमार्क'

एजेंसी । नयी दिल्ली




दिल्ली हाईकोर्ट ने एक ट्रैवल कंपनी की यात्रा शब्द पर एकाधिकार की मांग वाली याचिका खारिज कर दी. कोर्ट ने कहा कि सामान्य शब्द कभी भी ट्रेडमार्क नहीं बन सकते. रोजमर्रा की भाषा में इस्तेमाल होने वाले शब्दों पर एकाधिकार नहीं किया जा सकता. ट्रैवल कंपनी यात्रा ऑनलाइन लिमिटेड ने मच कॉन्फ्रेंस एंड इवेंट्स लिमिटेड को बुकमाईयात्रा और बुकमाईयात्रा डॉट कॉम के तहत सेवाएं शुरू करने से रोकने की मांग की थी. न्यायमूर्ति तेजस करिया ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि हिंदी में यात्रा शब्द ट्रैवल का समानार्थी होने के कारण यात्रा सेवाओं के संबंध में सामान्य और वर्णनात्मक है. कोई भी एकल संस्था इस पर विशिष्टता का दावा नहीं कर सकती. सामान्य या सामान्य वर्णनात्मक शब्द कभी भी अपने आप में ट्रेडमार्क नहीं बन सकते, क्योंकि वे कभी भी विशिष्टता या द्वितीयक अर्थ प्राप्त नहीं करते. ये शब्द उत्पत्ति या स्रोत का संकेत नहीं देते. यह स्थापित कानून है कि रोजमर्रा की भाषा में प्रयुक्त शब्दों पर एकाधिकार की अनुमति नहीं दी जा सकती.

यात्रा ऑनलाइन के वकील ने दावा किया कि उसने 2006 से अपने यात्रा और यात्रा डॉट कॉम ब्रांडों में भारी साख बनाई है. इसके 15 मिलियन से अधिक ग्राहक हैं और वित्त वर्ष 2023-24 में 5,600 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार है. प्रतिद्वंद्वी ब्रांड बुकमाईयात्रा भ्रामक रूप से समान है और यात्रा की प्रतिष्ठा का फायदा उठाने के लिए इसे बुरी नीयत से अपनाया गया है.

मैक कॉन्फ्रेंस के वकील ने दावा किया कि यात्रा एक वर्णनात्मक शब्द है. इसका प्रयोग भारत भर में सैकड़ों ट्रैवल ऑपरेटरों द्वारा दशकों से किया जा रहा है. यात्रा ऑनलाइन के पंजीकरण में स्पष्ट अस्वीकरण शामिल है जो इस शब्द पर किसी भी विशिष्ट अधिकार को अस्वीकार करता है. बुक माई ने इन चिह्नों को एक विशिष्ट चरित्र प्रदान किया है, जो ऑनलाइन क्षेत्र में पहले से ही आम है.



पश्चिम बंगाल के कोलकाता में राज्य सरकार की शिक्षा नीति के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान भारतीय राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस (इंटक) सेवा दल के कार्यकर्ता प्रतीकात्मक ताले और चाबियां पकड़े हुए.

## न्यूज अपडेट

### चार दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचे फिजी के पीएम राबुका

**नयी दिल्ली।** फिजी गणराज्य के प्रधानमंत्री सिटिवेनी लिगामामादा राबुका अपनी पत्नी सुलुवेती राबुका के साथ चार दिवसीय यात्रा पर रविवार को नई दिल्ली पहुंचे. केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया. एक्स पर एक पोस्ट में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने राबुका का स्वागत किया और कहा कि उनकी यात्रा से विभिन्न क्षेत्रों में भारत-फिजी साझेदारी गहरी होगी. उन्होंने कहा कि फिजी के पीएम सिटिवेनी राबुका का उनकी पहली यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचने पर हार्दिक स्वागत है. विदेश मंत्रालय ने कहा कि सिटिवेनी लिगामामादा राबुका अपनी पत्नी सुलुवेती राबुका के साथ 24 से 27 अगस्त तक भारत की यात्रा पर आए हैं.

### कोलकाता लॉ कॉलेज सामूहिक दुष्कर्म मामले में आरोप पत्र दाखिल

**कोलकाता।** कोलकाता के एक लॉ कॉलेज में छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में शनिवार को पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया. एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोप पत्र अलीपुर के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में दाखिल किया गया, जिसमें मुख्य आरोपी और कॉलेज के पूर्व छात्र मोनोजीत मिश्रा और तीन अन्य के नाम शामिल हैं. अधिकारी ने कहा, तकनीकी, वैज्ञानिक और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर लगाए गए आरोपों में सामूहिक दुष्कर्म, जबरन गलत तरीके से बंधक बनाना, नुकसान पहुंचाने के इरादे से अपहरण, सबूत छिपाना, जांच को गुमराह करना और अन्य शामिल हैं. उन्होंने बताया कि चारों आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं.

### कार्टूनिस्ट हेमंत मालवीय ने आपत्तिजनक स्केच पर माफी मांगी

**नयी दिल्ली।** कार्टूनिस्ट हेमंत मालवीय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस कार्यकर्ताओं का एक आपत्तिजनक स्केच सोशल मीडिया पर डाल दिया था. इसके बाद उन पर मामला दर्ज हुआ. अब उन्होंने फेसबुक पर माफी मांगी है. हेमंत ने कहा कि वह सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर यह माफी मांग रहे हैं. उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, मुझे 1 मई 2025 को किए गए फेसबुक पोस्ट पर गहरा अफसोस है. मेरा किसी भी समुदाय, धर्म, पार्टी या व्यक्ति को अपमानित करने का इरादा नहीं था. यह मेरी गलती थी, जिसके लिए मैं बार-बार माफी मांगता हूं. अब से मैं भाईचारा और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने की जिम्मेदारी निभाऊंगा. इससे पहले, आरएसएस कार्यकर्ता और वकील विनय जोशी ने उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी.

### अरुणाचल में आग लगने से स्कूली छात्र की जलकर मौत

**नयी दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश के शि-योमी जिले में रविवार को एक सरकारी आवासीय स्कूल में आग लगने से कक्षा तीन के एक छात्र की जलकर मौत हो गई. जबकि तीन अन्य घायल हो गए. पुलिस अधीक्षक एस.के. थोंगडोक ने बताया कि पापिक्रुंग सरकारी आवासीय विद्यालय के बालक छात्रावास में देर रात करीब दो बजे घटना हुई. मृतक की पहचान चांगो गांव के आठ वर्षीय कक्षा तीन के छात्र ताशी जेम्पेन के रूप में हुई है. घायलों की पहचान लुखी पुजेन (8), तनु पुजेन (9) और तायी पुजेन (11) के रूप में हुई है. उन्होंने बताया कि आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए जांच चल रही है, क्योंकि गांव में बिजली की सुविधा नहीं है.

### चार लापता लड़कियों को ओडिशा पुलिस ने बचाया

**ओडिशा।** ओडिशा में पुलिस ने रविवार को चार स्कूली बच्चियों को रेस्क्यू करने में सफलता पाई है. गंजाम जिले में लापता हुई आठवीं कक्षा की चार छात्राओं को पुलिस ने शनिवार को सुरक्षित बरामद कर परिजनों को सौंप दिया. सभी 13 वर्षीय छात्राएं सहपाठी थीं और शुक्रवार को स्कूल न जाकर घर से निकल गईं. दरअसल, स्कूल के प्रधानाध्यापक ने एक शिकायत पर उनके अभिभावकों को बुलाने को कहा था, जिससे डरकर उन्होंने घरवालों से स्कूल जाने का बहाना बनाया और कपड़े बदलकर भुवनेश्वर जाने की योजना बनाई. एक मां की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू की और सीसीटीवी फुटेज खंगालकर चामाखंडी क्षेत्र से सभी छात्राओं को ढूंढ निकाला.

### पॉक्सो के मुकदमे पर पूर्व सीएम येदियुरप्पा ने हाईकोर्ट में दी दलील

**कर्नाटक।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने हाईकोर्ट में दलील दी है कि उनके खिलाफ दर्ज पॉक्सो मामले में एक साल की समयसीमा अभी शुरू ही नहीं हुई है. उन्होंने कहा, यह अवधि केवल आरोप तय होने के बाद लागू होती है, जबकि फिलहाल कोर्ट ने संज्ञान नहीं लिया है. गौरतलब है कि यह मामला मार्च 2024 की शिकायत पर आधारित है. एक महिला ने अपनी नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ का आरोप लगाया था. बचाव पक्ष ने शिकायतकर्ता के पूर्व आचरण और देरी पर सवाल उठाए. सरकारी वकील ने कहा कि यह दलील पहले ही खारिज हो चुकी है. मुकदमे की अगली सुनवाई 2 सितंबर को होगी.

## गुकोरी क्रीक क्षेत्र में नाव के साथ पकड़े गए 15 पाकिस्तानी मछुआरे

**गांधीनगर।** भारत–पाकिस्तान सीमा स्थित कच्छ के संवेदनशील कोरी क्रीक क्षेत्र में शनिवार दोपहर सीमा सुरक्षा बल ने ऑपरेशन चलाकर 15 पाकिस्तानी नागरिकों को मछली पकड़ने वाली नाव सहित पकड़ लिया. लंबे समय बाद इतनी बड़ी संख्या में पाकिस्तानी मछुआरे पकड़े गए हैं. शनिवार दोपहर करीब 12 बजे कोटेश्वर के सामने कोरी क्रीक के उत्तरी छोर पर बीबी का कुआं इलाके में एक संदिग्ध नाव दिखाई दी. सीमा बल ने इस नाव को पकड़ने के लिए ऑपरेशन चलाया. नाव को घेर कर उसमें सवार पंद्रह पाकिस्तानियों को गिरफ्तार किया गया. देर रात इन सभी पाकिस्तानियों को कोटेश्वर लाया गया और पूछताछ शुरू की गई.

**विभिन्न बटालियनों का संयुक्त ऑपरेशन सफल रहा**

सुरक्षा एजेंसियों और बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारियों को चौकन्ना कर देने वाली इस घुसपैठ की जानकारी के मुताबिक, शनिवार सुबह कोरी क्रीक में एक पाकिस्तानी नाव की हलचल सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने देखी थी. इसके बाद बीएसएफ की 68 और 176 बटालियन तथा जी ब्रांच के जवानों ने संयुक्त रूप से ऑपरेशन चलाया. यह पाकिस्तानी नाव लखपत से पांच किमी अंदर तक घुस आई थी. कोरी क्रीक के बीबी का कुआं इलाके के छोर से इस घुसी हुई नाव को बीएसएफ के जवानों ने पकड़ लिया और उसमें सवार 15 पाकिस्तानी घुसपैठियों को गिरफ्तार कर लिया.

## न्यूज अपडेट

### अमर्त्य सेन ममता बनर्जी को खुश करने की कोशिश कर रहे हैं: शुभेंदु

**कोलकाता।** नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन ने हाल ही में देश में बढ़ती भाषाई असहिष्णुता और मतदाता सूची में हो रहे बदलावों को लेकर चिंता जताई थी. इस पर भाजपा नेता और बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि क्या सेन इन बयानों से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को खुश करने की कोशिश कर रहे हैं. उन्होंने कहा, 'अमर्त्य सेन बहुत पढ़े-लिखे और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मशहूर व्यक्ति हैं. उनकी उम्र भी काफी है, इसलिए मैं उन पर नकारात्मक टिप्पणी नहीं करना चाहता. लेकिन सोचिए, आखिर वह ऐसी बातें क्यों कह रहे हैं? क्या वह ममता बनर्जी जैसी किसी को खुश करना चाहते हैं? यह दुखद है.' दरअसल, अमृत्य सेन ने कहा था कि अलग-अलग राज्यों में बंगाली बोलने वाले लोगों को लेकर असहिष्णुता बढ़ रही है. उन्होंने मजाक में कहा कि शायद उन्हें भी वापस ढाका (बांग्लादेश) भेज दिया जाए, क्योंकि उनके परिवार की जड़ें वहीं की हैं. उन्होंने मतदाता सूची में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) को लेकर भी चेतावनी दी कि अगर इसे संवेदनशीलता से नहीं किया गया, तो बहुत से गरीब और हाशिए पर खड़े लोग मतदान के अधिकार से वंचित हो सकते हैं.

### नेपाल के रौतहट में भारतीय महिला का शव सूटकेस में मिला

**काठमांडू।** नेपाल के रौतहट जिले में एक लावारिस सूटकेस में महिला का शव बरामद किया गया है. इस मृतक महिला का संबंध बिहार के मुजफ्फरपुर से होने का खुलासा हुआ है. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल रौतहट में भेजा है. फोरेंसिक रिपोर्ट और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह का पता चल सकेगा. रौतहट जिले के डीएसपी कार्की ने बताया कि रविवार की सुबह भारतीय सीमावर्ती जिला रौतहट के गौर में भारतीय सीमा से महज दो किमी भीतर शनिवार की रात करीब 8 बजे सड़क पर एक लावारिस सूटकेस पाया गया. पहले तो पुलिस को उसमें विस्फोटक पदार्थ होने की आशंका हुई, लेकिन फॉरेंसिक टीम के आने बाद सूटकेस खोलने पर उसमें एक महिला शव मिला.

### ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस का दिल्ली विधानसभा में उद्घाटन

# सदन लोकतंत्र का इंजन, कार्यवाही बाधित करना चिंताजनक: अमित शाह

- गृह मंत्री ने विट्ठल भाई पटेल के योगदान को किया याद
- विपक्ष से सार्थक बहस और लोकतंत्र की गरिमा बनाए रखने की अपील

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को दिल्ली विधानसभा में दो दिवसीय ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन किया. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सदन लोकतंत्र का इंजन होता है, इसलिए विपक्ष द्वारा संसद तथा विधानसभाओं की कार्यवाही को बाधित करने की प्रवृत्ति चिंताजनक है. शाह ने कहा कि लोकतांत्रिक प्रणाली में सत्ता और विपक्ष दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, लेकिन कई दिनों तक सदन को न चलने देना लोकतंत्र की भावना के विपरीत है. उन्होंने कहा कि सदन जनता की आकांक्षाओं का प्रतीक है और सार्थक बहस से ही जनकल्याणकारी कानून बनते हैं. उन्होंने कहा कि विधानसभा और संसद केवल बहस का मंच नहीं, बल्कि विवेक और विचार का संगम है. सदन की कार्यवाही में पक्ष-विपक्ष दोनों को मिलकर जनता की आवाज बनना चाहिए. शाह ने उपस्थित सभी अध्यक्षों और उपाध्यक्षों से आह्वान किया कि वे सदन की गरिमा बनाए रखते हुए चर्चा को सार्थक और परिणामोन्मुख बनाने का प्रयास करें.

गृह मंत्री ने स्वतंत्र भारत के पहले भारतीय केंद्रीय विधानसभा अध्यक्ष रहे विट्ठल भाई पटेल के योगदान को भी विस्तार से याद किया. उन्होंने कहा कि पटेल ने विधानसभा अध्यक्ष पद की गरिमा को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया और कई ऐसी परंपराएं स्थापित कीं जो आज भी लोकतांत्रिक संस्थाओं की आधारशिला हैं. शाह ने सुझाव दिया कि विट्ठल भाई पटेल के भाषणों और योगदान का संकलन देशभर की विधानसभाओं की लाइब्रेरी में उपलब्ध कराया जाए, ताकि नए पीढ़ी के जनप्रतिनिधि उनसे प्रेरणा ले सकें.

गृह मंत्री ने कहा कि भारत का लोकतंत्र गहरे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़ा है. उन्होंने हस्तिनापुर की सभा का उदाहरण देते हुए कहा कि प्राचीन काल से ही भारत में जनमत को महत्व देने की परंपरा रही है. उन्होंने कहा कि अध्यक्ष केवल सदन के संरक्षक ही नहीं बल्कि सेवक भी होते हैं और उनके विवेकपूर्ण निर्णय ही लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करते हैं.

इस अवसर पर दिल्ली के मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता और उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना सहित देशभर की विधानसभाओं और विधान परिषदों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष उपस्थित थे. कार्यक्रम में दिल्ली विधानसभा में विट्ठल भाई पटेल के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया गया.

अमित शाह ने अंत में सभी विधायकों और सांसदों से विधानसभा व संसद की लाइब्रेरी का अधिकाधिक उपयोग करने का आग्रह किया और कहा कि अध्ययन और विमर्श के माध्यम से ही लोकतंत्र को सशक्त बनाया जा सकता है.

## छत्तीसगढ़ : नक्सलियों के बड़ी संख्या में डंप हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद

**एजेंसी। सुकमा**

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में कैम्प मेट्टागुड़ा क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के बड़ी संख्या में डंप हथियार, विस्फोटक और लोहे की सामग्री को बरामद किया है. सुकमा एसपी ने रविवार को इसकी पुष्टि की है. एसपी किरण चव्हाण ने आज बताया कि शनिवार 23 अगस्त को नक्सलियों की सूचना पर 203 कोबरा वाहिनी, 241 बस्तर बटालियन सीआपीएफ एवं जिला बल की संयुक्त पार्टी नक्सल विरोधी अभियान के लिए निकली थी. सुरक्षा बल के जवानों ने ग्राम बोटेलंका, ईरापल्ली, कोईमेंटा पहाड़ी, दारेली व आस-पास क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया. इसी दौरान सुरक्षा बलों ने कोईमेंटा पहाड़ी पर नक्सलियों के बड़ी संख्या में डंप कर रखे गए कंट्रीमेड हथियार और अन्य नक्सल सामग्री बरामद किया. उन्होंने बताया कि नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से जंगल-पहाड़ी में छिपा कर रखा था. सुरक्षा बल नक्सलियों की डम्प सामग्री को बरामद कर सुरक्षित तरीके से कैंप तक लेकर आए. नक्सलियों की डम्प सामग्री को बरामद करने की कार्रवाई में 203 कोबरा वाहिनी, 241 बस्तर बटालियन सीआपीएफ एवं जिला बल की संयुक्त रूप से कार्रवाई कर रही थी.

एसपी ने बताया कि बड़ी संख्या में डम्प सामग्री में कंट्रीमेड रायफल एक नग, बीजीएल लांचर एक नग, बीजीएल लांचर बैरल एक नग, यूएवी नेत्रा टूटा हुआ प्रोपेलर एक नग, इलेक्ट्रिक होल्डर वेल्डिंग एक नग, बैंच वाइस एक नग, स्टील पाइप दो नग, लोहे का छड़ सात नग, लोहे का बेस प्लेट (लगभग 2 किग्रा.वाला) 45 नग, पोल एंगलर (लगभग 08 किग्रा.) 47 नग, आयरन क्लैंप (लगभग एक किग्रा.) 480 नग, ग्राउंड सपोर्टर (लगभग 02 किग्रा) 35 नग, आयरन क्लैम्प्स (18'') 31 नग, आयरन क्लैम्प्स (12'') नौ नग, आयरन टी टाइप क्लैम्प्स (12'') एक नग, काली वर्दी एक, एम्युनेशन पोच एक, टूटी हुई इन्वर्टर बैटरी कैसिंग एक, इलेक्ट्रिक वायर लगभग 20 मीटर, इलेक्ट्रिकल एक्सटेंशन बोर्ड बरामद किया है.

### श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति की तबीयत जेल में बिगड़ी

**कोलंबो।** सरकारी धन के कथित दुरुपयोग मामले में 26 अगस्त तक न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के अदालत के आदेश के बाद देश के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की कोलंबो की रिमांड जेल में पिछली रात अचानक तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल में शिफ्ट किया गया है. कोलंबो पोस्ट के मुताबिक 76 वर्षीय विक्रमसिंघे को चिकित्सकों की सलाह पर आईसीयू में भर्ती कराया गया. वे डिहाइड्रेशन के साथ-साथ हाई बीपी और डायबिटीज की समस्या से जूझ रहे हंै. विक्रमसिंघे को 22 अगस्त को सीआईडी मुख्यालय में गिरफ्तार किया गया, जहां उन्हें सरकारी धन के कथित दुरुपयोग की जांच के संबंध में बयान दर्ज करने बुलाया गया था. उनपर साल 2023 में अपनी पत्नी के दीक्षांत समारोह में भाग लेने के लिए इंग्लैंड की यात्रा में सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप है.

### मल्लिकार्जुन खरगे का केंद्र सरकार पर हमला, कहा-

## वोट चोरी के बाद सत्ता चोरी में जुटी भाजपा

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को पीएम, सीएम और मंत्रियों को हटाने वाले विधेयक को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला. उन्होंने आरोप लगाया कि वोट चोरी के बाद भाजपा अब सत्ता चोरी में लगी हुई है. भाजपा 30 दिनों के भीतर विपक्षी सरकारों को गिराने और गिरफ्तारी को हथियार के रूप में इस्तेमाल कर लोकतंत्र को अस्थिर करने के लिए विधेयक ला रही है. इंदिरा भवन में हरियाणा और मध्य प्रदेश के जिला कांग्रेस समितियों के जिलाध्यक्षों की बैठक में खरगे ने दावा किया कि ये विधेयक नागरिकों से उनकी चुनी हुई सरकार बनाने या हटाने का अधिकार छीन लेते हैं और यह शक्ति ईडी-सीबीआई जैसी संस्थाओं को दे देते हैं. यह लोकतंत्र पर बुलडोजर चलाने जैसा है.



**'बूथ और मंडल समितियों के गठन में सावधानी बरतें जिलाध्यक्ष'**

खरगे ने जिला कांग्रेस प्रमुखों को बूथ और मंडल समितियों के गठन में विशेष सावधानी बरतने के लिए कहा. उन्होंने कहा कि इन समितियों के लोग पार्टी के प्रति वफादार हों और कांग्रेस की विचारधारा से विचलित न हों. जिला अध्यक्ष अपने अधीन ब्लॉक समिति बनाता है. वह मंडल और बूथ समितियां बनाता है. जब आप ये समितियां बनाते हैं, तो इस बात का विशेष ध्यान रखें कि ये सभी लोग पार्टी के प्रति वफादार और मेहनती हों. सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वे कांग्रेस की विचारधारा से विमुख न हों.

उन्होंने कहा कि हमें ऐसे लोगों की जरूरत है कि अगर कोई उन्हें प्रलोभन भी दे तो भी उनकी निष्ठा कांग्रेस के प्रति बनी रहनी चाहिए. कांग्रेस ने अपने मजबूत संगठन के कारण लंबे समय तक देश पर शासन किया और मंत्रियों के लिए यह जरूरी है कि वे जब भी किसी जिले में जाएं तो सबसे पहले जिला अध्यक्ष से संपर्क करें.

### पैडलेगंज स्थित गुरुद्वारा श्रीगुरु सिंह सभा के कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

## सिख गुरुओं ने अपने बलिदान से सनातन की रक्षा की : योगी

**एजेंसी। गोरखपुर**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इतिहास में वही जाति और कौम जीवित रहती है, जो अपने पूर्वजों के शौर्य, पराक्रम और बलिदान को जीवन का हिस्सा बनाती है. सिख गुरुओं ने सदैव सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी. उनकी वीरता, त्याग और बलिदान देश की आत्मा में आज भी जीवित है. मुख्यमंत्री रविवार को गोरखपुर के पैडलेगंज स्थित गुरुद्वारा श्रीगुरु सिंह सभा में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. इस अवसर पर उन्होंने पर्यटन विकास कार्यों, गुरुद्वारा भवन के नए स्वरूप और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार कार्यों का लोकार्पण किया. कार्यक्रम में पवित्र गुरु ग्रंथ साहिब के प्रथम प्रकाश पर्व पर आयोजित समागम में मुख्यमंत्री ने गुरुवाणी सुनी और संगत के बीच शामिल हुए. गुरुद्वारा समिति की ओर से उन्हें प्रतीक चिन्ह और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया गया.



**सिख गुरुओं की परंपरा अनुपम और अटूट रही है**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिख गुरुओं की परंपरा अनुपम और अटूट रही है. गुरु नानक देव से लेकर गुरु गोविंद सिंहजी महाराज तक, हर गुरु ने सनातन धर्म और राष्ट्र की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया. उन्होंने कहा कि जब भी भारतीय संस्कृति पर संकट आया, सिख गुरुओं ने आगे बढ़कर अपने बलिदान से उसे बचाया. मुख्यमंत्री योगी ने विशेष रूप से गुरु तेग बहादुर की शहादत को याद किया. उन्होंने कहा कि उनके बलिदान के 350वें वर्ष में देशभर में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. अभी हाल हीमें मुख्यमंत्री आवास से नगर कीर्तन और कीर्तन पाठ के जरिए इस आयोजन की शुरुआत हुई. इसी तरह गुरु नानक देवजी महाराज के 550वें प्रकाश पर्व पर भी मुख्यमंत्री आवास पर पहली बार गुरुवाणी का आयोजन हुआ था.

### अभिनेता विजय में राजनीतिक शिष्टाचार का अभाव : पन्नीरसेल्वम

**नयी दिल्ली।** तमिलनाडु के कृषि मंत्री एमआरके पन्नीरसेल्वम ने अभिनेता और अब नेता बने विजय की आलोचना की. वजह यह है कि विजय ने मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को चाचा कहा था. मंत्री कहा कि अभिनेता में राजनीतिक शिष्टाचार का अभाव है. मंत्री ने कहा कि सिनेमा और राजनीति एक जैसी चीजें नहीं हैं. शायद विजय अपने फैंस की भीड़ से प्रभावित होकर ऐसे बोल रहे हैं, जैसे किसी फिल्म का डायलॉग बोल रहे हों. उन्होंने कहा कि यह बात विजय की अपरिपक्वता दर्शाती है. विजय को लगता है कि सत्ताधारी पार्टी डीएमके पर हमला करके उन्हें फायदा मिलेगा, लेकिन राजनीति इतनी आसान नहीं है. मंत्री ने यह भी बताया कि डीएमके सरकार महिलाओं को हर महीने 1,000 रुपये देने जैसी कई योजनाएं चला रही है और जनता के लिए काम कर रही है.

## सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी अल्जीरिया की राजकीय यात्रा पर हुए रवाना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी रविवार को चार दिवसीय राजकीय यात्रा पर अल्जीरिया रवाना हुए.



ऑपरेशन 'सिंदूर' के बाद उनकी यह पहली यात्रा भारत की राष्ट्रपति और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ की हाल की यात्राओं के तुरंत बाद हो रही है. यह यात्रा भारत-अल्जीरिया के संबंधों को मजबूत करने के महत्व को दर्शाती है. रक्षा मंत्रालय के मुताबिक सेना प्रमुख की 25 से 28 अगस्त तक इस यात्रा का उद्देश्य भारत और अल्जीरिया के बीच रक्षा और सुरक्षा संबंधों को सुदृढ़ करना है, जिसमें सेना का सेना से सहयोग को बढ़ावा देना, क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों पर दृष्टिकोण साझा करना और रक्षा औद्योगिक सहयोग की संभावना तलाश करना शामिल है. यात्रा के दौरान सेना प्रमुख अल्जीरिया के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ उच्च-स्तरीय बैठकें करेंगे. उनकी इस यात्रा से दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक संबंध और प्रगाढ़ होंगे तथा साझा सुरक्षा हितों, क्षेत्रीय स्थिरता और रक्षा सहयोग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है.

सेनाध्यक्ष राष्ट्रीय रक्षा मंत्री के प्रतिनिधि मंत्री और पीपुल्स नेशनल आर्मी के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल सईद चाने ग्रिहा, थल सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मुस्तफा स्माली और अल्जीरिया में भारतीय राजदूत डॉ. स्वाति कुलकर्णी से मिलेंगे.


स्वत्वाधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप कुमार सिंह, क्वार्टर नंबर सी-90, पोस्ट-नावागढ़, थाना-बरोरा, हरिणा कॉलोनी, धनबाद-828306, झारखंड द्वारा फ्लैट नंबर 2ए, सेकेंड फ्लोर, सिंगारो मेनन अपार्टमेंट,चूना भट्ठा, एचबी रोड कोकर, नियर डिस्टिलरी पुल, बिरसा समाधि स्थल) रांची-834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : संजय कुमार सिंह.*** फोन नंबर 0651-2913385, 9142897989 (***पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार**).
आरएनआई नं : JHAHIN/2023/84487, ई-मेलः shubhamsandeshnews@gmail.com धनबाद ब्यूरो : ओजोन सेंटर,थर्ड फ्लोर, कमरा नं-306 अशोकनगर, बैंक मोड़, धनबाद-828106. फोन नं – 9431145133.ई मेल-sandeshsubham23@gmail.com.